राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित
वर्ष : 12
अंक : 45
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 30 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 गौरव भाटिया और आदेश गुप्ता ने तथ्यों के साथ केजरीवाल सरकार द्वारा स्कूलों में कमरे बनवाने के नाम पर किए घोटालों का पर्दाफाश किया
पेज 5 सिपाही ने युवती के साथ किया रेप, विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी, 11 महीने बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
पेज 7 बाढ़ से घुटनों पर आया पाकिस्तान, भारत से व्यापार शुरू करने को हुआ मजबूर

## देहरादून में एक ही परिवार के 5 लोगों का किया कत्ल

### दरिंदे ने मां, पत्नी और बच्चियों को उतारा मौत के घाट

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक शख्स ने अपने परिवार के 5 सदस्यों की बेरहमी से हत्या करके मौत के घाट उतार दिया। मृतकों में आरोपी की बूढ़ी मां, पत्नी और तीन बच्चियां शामिल हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

देहरादून में रानी पोखरी के शांति नगर सामूहिक हत्याकांड सामने आया है।

रानी पोखरी के शांति नगर में परिवार के 5 लोगों की हत्या कर दी गई। आरोपी परिवार का मुखिया ही निकला, जिसने अपने ही 3 बच्चों के साथ पत्नी और बूढ़ी मां को भी बेरहमी से मार डाला। इस वारदात की सूचना मिलते ही रानी पोखरी एसओ शिशुपाल राणा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। परिवार को मारने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। यह घटना नागाघेर गांव में हुई। आरोपी ने किस वजह से ऐसी वारदात को अंजाम दिया, इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है।





आरोपी की शिनाख्त उत्तर प्रदेश के बांदा के मूल निवासी महेश तिवारी के रूप में हुई है। मृतकों में आरोपी की मां 75 वर्षीय बीतन देवी, 36 साल की पत्नी नीतू के साथ ही 13, 11 और 9 साल की 3 बच्चियां शामिल हैं।

## केरल : भूस्खलन से 5 की मौत

### घर से 500 मीटर दूर शव मिले, 3 दिन से हो रही है भारी बारिश

तिरुवनन्तपुरम। केरल के इडुक्की में सोमवार को लैंडस्लाइड से परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। केरल में 3 दिन से भारी बारिश हो रही है। जिसकी वजह से भूस्खलन हुआ और एक घर बह गया। मौके पर पहुंचे बचावकर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। जिसके बाद शव घर से 500 मीटर दूर मिले। पुलिस के मुताबिक जिन लोगों की जान गई है, उनमें थंकम्मा (80), सोमन (52), शाजी (50), शिमा (30) और देवानंद (5) हैं।

इडुक्की की डीएम शीबा जॉर्ज ने बताया कि कई लोगों को भूस्खलन के इलाके से राहत शिविरों में भेज दिया गया है। पिछले 3 दिन से बारिश हो रही है। कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। गांव के लोगों ने कहा बारिश से कई लोग परेशान हैं। घर भूस्खलन वाले इलाके में नहीं था। सोमवार तड़के तेज आवाज हुई थी लेकिन हम घर से बाहर नहीं निकले हमें सुबह ही पता चला। गांव के सभी लोगों को राहत शिविर भेज दिया गया है।



#### पिछले साल लैंडस्लाइड से 25 की मौत हुई थी

राज्य सरकार ने सभी जिलों के डीएम से कहा कि अगर बारिश बंद नहीं होती है तो और राहत शिविर खोलेंगे। पिछले साल अगस्त में कई इलाकों में भूस्खलन और बाढ़ से करीब 25 लोगों की मौत हो गई थी। इस बार अलर्ट रहना है।

मौसम विभाग ने बताया कि केरल में मानसून 29 मई को आया था। जून में ज्यादा बारिश नहीं हुई लेकिन अगस्त में भारी बारिश की वजह से फसल नष्ट हो गई। इस साल बारिश में 56 फीसदी की कमी आई है।

#### 6 में से 4 बांध इडुक्की में

केरल के कई जिले ऐसे हैं जहां पिछले कई दिन से लगातार भारी बारिश हो रही है। बारिश के चलते मुल्लापेरियार और इडुक्की सहित कई बांधों में पानी का लेवल बढ़ गया है। केरल स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की संभावना है। जिसके चलते नियंत्रण वाले 5 बांधों में रेड अलर्ट पर और एक में ऑरेंज अलर्ट पर है। छह में से चार बांध इडुक्की में हैं।

### चक्की रेलवे पुल ढ़हा था

**हिमाचल प्रदेश में इस बार मानसून की बारिश खूब तबाही मचा रही है। जिससे लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। कांगड़ा में 20 अगस्त को चक्की रेलवे पुल ढह गया था। चंबा में भूस्खलन होने से कई लोग लापता हो गए थे। मंडी में मलबे के नीचे दबने से कई मकान और गाड़ियां नष्ट हो गईं। सड़कों पर पार्क वाहनों पर बड़े-बड़े पत्थर गिरे। ब्यास नदी की सहायक सुकेती नदी उफान पर है। बांध खतरे के निशान से ऊपर तक भर गए हैं।**

## पेट्रोल से जलाई गई अंकिता की मौत के बाद तनाव

### आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग, दुमका में बाजार बंद, सड़कें जाम, 144 लागू

रांची। झारखंड के दुमका में अंकिता सिंह (17) का सोमवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके दादा ने उसे मुखाग्नि दी। कड़ी सुरक्षा में उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रविवार की सुबह जब उसकी मौत की खबर आई तो दुमका में तनाव की स्थिति बन गई। दुकान-बाजार बंद हो गए। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

इधर, सीएम हेमंत सोरेन से इस मामले में ट्वीट किया है कि मामले को फास्ट ट्रैक में चलाया जाएगा। इस मामले की जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट एडीजी स्तर के अफसर से जल्द मांगी गई है। इसके लिए डीजीपी को निर्देश दिया गया है। अंकिता के परिवार को 10 लाख रुपए की मदद दी गई है। वहीं गवर्नर ने भी तत्काल 2 लाख रुपए देने की भी घोषणा की है।

राज्यपाल रमेश बैस ने भी अंकिता के साथ हुई घटना और उसकी मौत को दुख जताया और कहा कि एक लड़की जिसने अभी पूरी दुनिया भी नहीं देखी थी, उसका इस प्रकार से अंत बहुत ही पीड़ादायक है। इस प्रकार की जघन्य और पीड़ादायी घटना राज्य के लिए शर्मनाक है। राज्यपाल ने भी इस घटना की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करने की बात कही।







प्रदर्शनकारियों ने दुमका-भागलपुर रोड को घंटों जाम रखा। इस विरोध प्रदर्शन में VHP, बजरंग दल, भाजपा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लोगों ने बाजार भी बंद कराया। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है।

सोमवार सुबह भी ऐसे ही हालात रहे। आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग की गई। अंकिता ने 5 दिनों तक संघर्ष के बाद रांची के रिम्स में दम तोड़ दिया। उसने शनिवार की देर रात अंतिम सांस ली।

#### अफसरों की देखरेख में अंतिम संस्कार हुआ

अंतिम यात्रा सोमवार सुबह जरुआडीह स्थित अंकिता के घर से निकली। आखिरी सफर में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिले के डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर कर्ण सत्यार्थी, एसडीएम महेश्वर महतो पूरे समय नजर बनाए रखे। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सैकड़ों की संख्या में महिला और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दुमका बंद बुलाया है।

#### शाहरुख ने खिड़की से पेट्रोल डाल आग लगा दी थी

23 अगस्त को अंकिता दुमका के जरुवाडीह मोहल्ले में अपने घर में सोई हुई थी। तभी लगभग 5 बजे पड़ोस के शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। परिजन उसे दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया था।

#### 2 साल से परेशान कर रहा था शाहरुख

शाहरुख अंकिता को 2 साल से परेशान कर रहा था। अंकिता ने इसकी शिकायत अपने पिता से भी की थी, लेकिन समाज में बदनामी के डर से उन्होंने आगे कदम नहीं उठाया। इसके बाद जब शाहरुख ज्यादा परेशान करने लगा तो वो पुलिस में शिकायत करने पहुंचे, लेकिन शाहरुख के बड़े भाई ने मांफी मांग ली। और कहा कि वो अब ऐसा नहीं करेगा। कुछ दिन शांत रहने के बाद उसकी हरकतें फिर शुरू हो गईं। बीते 15 दिनों से वो अंकिता को कुछ ज्यादा ही परेशान कर रहा था।

## कोविड टीकाकरण में 211.91 करोड़ से अधिक टीके लगे

**नयी दिल्ली।** देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 211.91 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक दो अरब 11 करोड़ 91 लाख पांच हजार 738 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 7591 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या 84 हजार 931 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.21 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 4.58 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 9206 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 38 लाख दो हजार 993 रोगी कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.62 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में एक लाख 65 हज़ार 751 कोविड परीक्षण किए गये हैं।

## देश में कोरोना संक्रमण के 7591 नए मामलों की पुष्टि

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस से संक्रमित 7591 नए मामले सामने आए हैं। नए मामलों की तुलना में स्वस्थ्य होने वाले मरीजों की संख्या अधिक रहने से सक्रिय मामले घटकर 85 हजार से नीचे रह गए हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सुबह सात बजे तक दो अरब 11 करोड़ 91 लाख पांच हजार 738 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि देश में पिछले 24 घंटे में कोविड संक्रमण के 7591 नये मरीज सामने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या चार करोड 39 लाख 40 हजार 703 तक पहुंच गयी है।

कोरोना संक्रमण (कोविड-19) से 9,206 लोगों के मुक्त होने के बाद अभी तक कुल 4,38,02,993 लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 84 हजार 931 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.19 प्रतिशत है। स्वस्थ होने की दर 98.62 प्रतिशत है। कोरोना मृत्यु दर 0.10 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि कोरोना महामारी से 30 लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 5,27,799 तक पहुंच गई है। देश में पिछले 24 घंटे में एक लाख 65 हज़ार 751 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 88 करोड़ 52 लाख आठ हजार 532 कोविड परीक्षण किए हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान देश के 37 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में से केवल दो केन्द्रशासित प्रदेश और छह राज्यों में कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी गयी बाकी सभी में इसके मामलों में कमी आयी है।

पंजाब में पिछले 24 घंटों में 116 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 17678 हो गयी है।

## उत्तराखंड में पेपरलीक घोटाले की हो सीबीआई जांच : कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उत्तराखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है और इसका ताज़ा उदाहरण हॉल में सामने आया उत्तराखंड अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में पेपरलीक घोटाला है जिसमें अब तक 28 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं और यह फेहरिस्त लगातार बढ़ती जा रही है।

कांग्रेस के उत्तराखंड के प्रभारी महासचिव देवेंद्र यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण महरा तथा विधानसभा में विपक्ष के नेता भुवन चंद कापडी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उत्तराखंड में पेपरलीक मामला बहुत गंभीर है और इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस मामले में भाजपा का एक जिला पंचायत का सदस्य पकड़ा गया है। पहले वह एक आईएएस के घर में खानसामा था लेकिन अचानक इतनी दौलत इकट्ठी कर ली कि वह चुनाव लड़ने लगा और जनता का प्रतिनिधि बनकर भाजपा का एक बड़ा नेता बन गया। उसकी गिरफ्तारी से साफ है कि इस घोटाले के तार बहुत दूर तक जुड़े हुए हैं।

## बेरोजगारी और अकेलेपन से देश में आत्महत्या दर 6.2 प्रतिशत बढ़ी

### 2021 में 1 लाख 53 हजार 52 लोगों ने सुसाइड किया, महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं

नई दिल्ली। भारत में बेरोजगारी, अकेलापन, हिंसा, पारिवारिक समस्याएं, शराब की लत और आर्थिक समस्याओं के चलते आत्महत्या के मामले बढ़े हैं। साल 2021 में आत्महत्या के 1 लाख 64 हजार 33 मामले सामने आए। जबकि 2020 में देश में 1 लाख 53 हजार 52 लोगों ने आत्महत्या की थी। 2021 से तुलना करें तो यह 7.2 प्रतिशत वृद्धि है। वहीं, आत्महत्या की दर में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।देश में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं महाराष्ट्र में दर्ज की गईं। इसके बाद तमिलनाडु और मध्यप्रदेश में आत्महत्या के सबसे ज्यादा मामले सामने आए।

#### महाराष्ट्र में आत्महत्याएं 13.5 प्रतिशत बढ़ीं

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 22 हजार 207 लोगों ने आत्महत्या की। तमिलनाडु में 18 हजार 925 मामले और मध्यप्रदेश में आत्महत्या के 14 हजार 965 मामले सामने आए हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 13 हजार 500 और कर्नाटक में 13 हजार 503 लोगों ने खुदखुशी की। महाराष्ट्र में आत्महत्या के मामले 2020 की तुलना में 13.5 प्रतिशत बढ़े हैं। वहीं तमिलनाडु में 11.5 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 9.1 प्रतिशत मामले, पश्चिम बंगाल में 8.2 फीसदी और कर्नाटक में आत्महत्या के मामले 8 प्रतिशत बढ़े हैं।



#### 5 राज्यों में आत्महत्या के 50.4 प्रतिशत केस मिले

इन पांच राज्यों में हुई आत्महत्याएं देश में सामने आए मामलों का 50.4 प्रतिशत है। जबकि बाकी 49.6 प्रतिशत मामले अन्य 23 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज किए गए। देश की आबादी में सबसे अधिक हिस्सेदारी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में देश में होने वाली आत्महत्याओं के 3.6 प्रतिशत मामले दर्ज किए गए।

#### बेरोजगारी, अकेलापन और आर्थिक समस्याओं से लोगों ने की खुदखुशी

देश की राजधानी दिल्ली और सबसे ज्यादा आबादी वाले केंद्र शासित प्रदेश से 2021 में आत्महत्या के 2,840 केस सामने आए। वहीं, देश के 53 बड़े शहरों में कुल 25,891 आत्महत्याएं हुईं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

महाराष्ट्र सरकार ने आत्महत्या करने वालों में बड़ी संख्या किसानों की है। इन किसानों की आत्महत्या की वजह जानने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने नई पहल शुरू की है।

अब सरकारी अधिकारी महीने में तीन दिन किसानों के साथ खेतों में समय बिताएंगे, जिससे वो समझ सकें कि किसान किन परिस्थितियों में आत्महत्या करते हैं।

रेप

### महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित राष्ट्रीय राजधानी

## दिल्ली में हर दिन दो नाबालिग लड़कियों से हुआ रेप

नई दिल्ली। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पूरे देश में महिलाओं के लिए सबसे ज्यादा असुरक्षित शहर है। 2012 में हुए जघन्य निर्भया कांड (दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामला) के 10 साल बाद भी दिल्ली के हालातों में खासा सुधार नहीं दिखा है। दिल्ली में पिछले साल यानी 2021 में हर दिन दो नाबालिग लड़कियों से रेप हुआ। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में पिछले साल हर दिन दो नाबालिग लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया। आंकड़े कहते हैं कि पिछले साल दिल्ली देश भर में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित महानगर था। एनसीआरबी की हाल ही में प्रकाशित क्राइम इन इंडिया 2021 रिपोर्ट के अनुसार राज्य में 2021 में बलात्कार, अपहरण और पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के मामलों में भी भारी वृद्धि दर्ज की गई। दिल्ली में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 13,892 मामले भी दर्ज किए गए, जो कि 2020 की तुलना में 40 प्रतिशत से अधिक की डरावनी वृद्धि है। 2020 में यह आंकड़ा 9,782 था। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले सभी 19 महानगरों की श्रेणी में कुल अपराधों का 32.20 प्रतिशत हैं। दिल्ली के बाद वित्तीय राजधानी मुंबई थी, जिसमें 5,543 ऐसे मामले और बेंगलुरु में 3,127 मामले थे। 20 लाख से अधिक आबादी वाले अन्य महानगरीय शहरों की तुलना में राष्ट्रीय राजधानी में अपहरण (3948), पतियों द्वारा क्रूरता (4674) और बालिकाओं के साथ बलात्कार (833) से संबंधित श्रेणियों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के सबसे अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

आंकड़ों से पता चलता है कि 2021 में दिल्ली में हर दिन औसतन दो लड़कियों के साथ बलात्कार किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 13,982 मामले दर्ज किए गए, जबकि सभी 19 महानगरों में कुल अपराध 43,414 थे। राजधानी में 2021 में दहेज हत्या के 136 मामले दर्ज किए गए हैं, जो 19 महानगरों में होने वाली कुल मौतों का 36.26 प्रतिशत है।

#### पिछले साल 19 महानगरों में से दिल्ली में अपहरण के सबसे अधिक मामले दर्ज

नसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में हत्या के मामलों में मामूली कमी दर्ज की गयी। दिल्ली में 2021 में हत्या के 454 मामले जबकि 2020 में 461 और 2019 में 500 मामले आए थे। आंकड़ों के अनुसार, 2021 में राष्ट्रीय राजधानी में दर्ज किए गए हत्या के ज्यादातर मामले विभिन्न विवादों का नतीजा थे, जिनमें संपत्ति और परिवार से जुड़े विवाद शामिल हैं। हत्या के 23 मामलों में प्रेम प्रसंग के कारण खूनखराबा हुआ और 12 हत्याएं अवैध संबंधों के कारण हुई।

इसके अनुसार, इनमें 87 हत्याओं के पीछे निजी दुश्मनी वजह थी जबकि 10 हत्याएं निजी फायदे के कारण की गयी। राष्ट्रीय राजधानी में दहेज, जादू टोने, बाल/नर बलि तथा साम्प्रदायिक, धार्मिक या जाति की वजहों से कोई हत्या नहीं हुई।

## आईएफएस प्रशिक्षु अगले 25 वर्षों के लिए लंबी अवधि की योजना बनाएं : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 2021 बैच के अधिकारी प्रशिक्षुओं से अगले 25 वर्षों के लिए लंबी अवधि के लिए योजना बनाने का आह्वान किया।

मोदी ने आज यहां अपने आवास पर आईएफएस प्रशिक्षुओं के साथ अनौपचारिक बातचीत में उन्हें सेवा में शामिल होने पर बधाई दी और कहा कि उन्हें अब विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अपने बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को अगले 25 वर्षों के लिए लंबी अवधि के लिए सोचने और योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित किया कि वे इस अवधि के दौरान खुद को कैसे विकसित कर सकते हैं और देश के विकास के लिए उपयोगी हो सकते हैं। वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष होने की बात करते हुए उन्होंने विस्तार से चर्चा की कि वे बाजरा को लोकप्रिय बनाने में कैसे योगदान दे सकते हैं ताकि देश के किसान लाभान्वित हो सकें। अधिकारी प्रशिक्षुओं ने इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस के भाषण में उनके द्वारा उद्धरित 'पंच प्राण' के संदर्भ में भी चर्चा की।

## शार्ट न्यूज

### अगले 48 घंटों में भारी बारिश के आसार

अमरावती (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश में अगले 24 घंटों में और रायलसीमा में अगले 48 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक बुलेटिन में इसने कहा कि अगले 24 घंटों में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश होगा। अगले 72 घंटों में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश, यानम एवं रायलसीमा में और अगले 48 घंटों में दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। अगले पांच दिनों में उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश और यानम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में कई स्थानों पर या कुछ स्थानों पर या एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। बुलेटिन में कहा गया कि पिछले 24 घंटों से रायलसीमा में दक्षिण पश्चिम मॉनसून सक्रिय रहा। इसी दौरान तटीय आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले और रायलसीमा के चित्तूर और अनंतपुर जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश हुई। पिछले 24 घंटों में रायलसीमा के कई स्थानों पर और तटीय आंध्र प्रदेश और यानम में कुछ स्थानों पर बारिश हुई।

### तेलंगाना में अगले 24 घंटे में भारी बारिश के आसार

हैदराबाद। तेलंगाना के 19 जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान भारी बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटों में राज्य के निजामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिला, भद्राद्री कोठागुडेम, खम्मम, नलगोंडा, सूर्यपेट, सिद्दीपेट, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, मेडचल मलकाजीगिरी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक, कामारेड्डी, महबूबनगर, नागरकुरनूल, वानापर्थी और जोगुलम्बा गडवाल जिले के अलग-अलग स्थानों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी एक बुलेटिन में बताया गया कि अगले तीन दिनों में राज्य के इन जिलों के अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बौछार पड़ने का अनुमान है और अगले पांच दिनों में राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछार पड़ सकती है। बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिति सामान्य रही है। इसी अवधि के दौरान तेलंगाना के सूर्यापेट जिले के अलग-अलग स्थानों पर भारी और कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई।

### नड्डा ने ममता, केजरीवाल पर बोला तीखा हमला

अगरतला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र पर हमला करने और आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर दिल्ली में भ्रष्ट लोगों को बचाने का आरोप लगाते हुए दोनों नेताओं पर जमकर निशाना साधा। नड्डा ने यहां भाजपा के राज्य कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में महिलाओं के खिलाफ अपराध, बलात्कार और राजनीतिक हिंसा ने एक महिला मुख्यमंत्री के रहते हुए रिकॉर्ड कायम किया है। पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था देश में सबसे खराब है और बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव के बाद राजनीतिक हिंसा की घटनाएं सभी जानते हैं। भाजपा लोगों के समर्थन से बंगाल में सांस्कृतिक हिंसा को मिटाना चाहती है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि श्री केजरीवाल केवल भाजपा के खिलाफ आरोप लगाते रहे हैं लेकिन जब जांच एजेंसी ने जवाब मांगा तो उनके सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा, कानूनों का पालन करने और कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने के बजाय, हम नहीं जानते कि श्री केजरीवाल ध्यान भटकाने के लिए आरोप क्यों लगा रहे हैं।

### भाजपा मूल्यों वाली पार्टी हैः सुरेश कश्यप

शिमला। भारतीय जनता पार्टी कें प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि भाजपा मूल्यों वाली पार्टी है, हम वह करते हैं जो हम कहते हैं। अन्य दल चुनावी वादे करते हैं जो कभी पूरे नहीं हो सकते। कश्यप ने सोमवार को हिमाचल के सोलन पहुंचने पर कहा कि भाजपा को जमीनी स्तर पर शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है और सभी 68 निर्वाचन क्षेत्रों में हिमाचल में डबल इंजन सरकार के प्रदर्शन की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि श्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में हिमाचल सरकार ने हाल ही में 125 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिससे 14 लाख से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है क्योंकि अब उन्हें शून्य राशि के बिल मिल रहे हैं। कश्यप ने कहा कि राज्य सरप्लस बिजली पैदा कर रहा है। इसमें लगभग 24,567 मेगावाट बिजली क्षमता है, जिसमें से 11,138 मेगावाट का दोहन किया जा चुका है। राज्य ने 2030 तक 10,000 मेगावाट अतिरिक्त बिजली क्षमता का उपयोग करने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से लगभग 1,500-2,000 मेगावाट सौर ऊर्जा होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को 'पावर स्टेट' के रूप में जाना जाता है और सरकार ने उपभोक्ताओं को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से 22,59,645 घरेलू उपभोक्ताओं में से 14,62,130 को अब शून्य बिजली बिल मिल रहा है। ग्रामीण आबादी इस निर्णय से प्रमुख लाभ धारक है।

### राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा आगे बढ़ने का अवसर

जयपुर। राजस्थान के स्वायत्त शासन मंत्री शान्ति धारीवाल ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों से ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। धारीवाल आज जिले की सांगानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ठिकरिया के झाझरिया गांव में आयोजित समारोह के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यह पहला अवसर है जब एक साथ 30 लाख खिलाड़ी एक साथ मैदान में खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आज भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है लेकिन उनको सही मंच नहीं मिलने के कारण अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। इसलिये इन खेलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। गहलोत ने प्रदेश में खेलों के विकास और खिलाड़ियों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश में पहली बार आयोजित हो रहे राजीव गांधी ग्रामीण खेल ओलम्पिक खेलों को लेकर खिलाड़ियों में भारी उत्साह नजर आ रहा है। कार्यक्रम बगरू विधायक गंगा देवी ने कहा कि राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल से स्थानीय बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अच्छा अवसर सरकार द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस तरह के आयोजन से लाखों बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर आगे बढ़ेगे।

### गहलोत ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों का किया शुभारंभ

जोधपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में पहली बार आयोजित खेलों का महाकुंभ राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का आज शुभारंभ किया। गहलोत ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर जोधपुर जिले के लूणी क्षेत्र के पाल गांव के पशु मेला मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में इन खेलों का शुभारंभ किया। उन्होंने खेल ध्वजारोहण किया और मार्च पास्ट की सलामी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल-2022 की मशाल खिलाड़ियों को सौंपी। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राजस्थान में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक का प्रदेशव्यापी आयोजन को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि आज का दिन राजस्थान के लिए ऐतिहासिक है। खेलों के इस महाकुंभ में हर आयु और वर्ग का व्यक्ति अपनी खेल प्रतिभा से रूबरू करा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा 'खेलेगा राजस्थान, जीतेगा राजस्थान' का लक्ष्य आज पूरा होता दिख रहा है, यहां न कोई हार है, न कोई जीत। उन्होंने विश्वास जताया कि राजस्थान का यह अनूठा प्रयोग कामयाबी का इतिहास रचेगा और इसके माध्यम से प्रदेश से वैश्विक स्तर की खेल प्रतिभाएं निखरकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को तलाशकर उन्हें प्रादेशिक, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करना ही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि इन खेलों की पूरे देश में चर्चा हो रही है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम पार्टियों के लोगों को इस बारे में आह्वान भी किया गया है।

# लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक रिश्ते भी परिवार, सुप्रीम कोर्ट की बेहद अहम टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पारिवारिक संबंध घरेलू, अविवाहित सहजीवन या समलैंगिक रिश्ते के रूप में भी हो सकते हैं। साथ ही अदालत ने उल्लेख किया कि एक इकाई के तौर पर परिवार की 'असामान्य' अभिव्यक्ति उतनी ही वास्तविक है जितनी कि परिवार को लेकर पारंपरिक व्यवस्था। यह भी कानून के तहत सुरक्षा का हकदार है। कोर्ट ने कहा कि कानून और समाज दोनों में परिवार की अवधारणा की प्रमुख समझ यह है कि इसमें एक मां और एक पिता (जो संबंध समय के साथ स्थिर रहते हैं) और उनके बच्चों के साथ एक एकल, अपरिवर्तनीय इकाई होती है।

जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस ए एस बोपन्ना की पीठ ने एक आदेश में कहा, %यह धारणा दोनों की उपेक्षा करती है, कई परिस्थितियां जो किसी के पारिवारिक ढांचे में बदलाव ला सकती हैं। यह तथ्य कि कई परिवार इस अपेक्षा के अनुरूप नहीं हैं। पारिवारिक संबंध घरेलू, अविवाहित सहजीवन या समलैंगिक संबंधों का रूप ले सकते हैं।% एससी की टिप्पणियां अहम हैं। 2018 में समलैंगिकता को शीर्ष अदालत की ओर से अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया था। इसके बाद से ही कार्यकर्ता एलजीबीटी के लोगों के विवाह और सिविल यूनियन को मान्यता देने के साथ-साथ लिव-इन जोड़ों को गोद लेने की अनुमति देने के मुद्दे को उठा रहे हैं।



#### जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश से जुड़ा मामला

शीर्ष अदालत ने एक फैसले में यह टिप्पणी की कि एक कामकाजी महिला को उसके जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश के वैधानिक अधिकार से केवल इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि उसके पति की पिछली शादी से दो बच्चे हैं और उसने उनमें से एक की देखभाल के लिए छुट्टी का लाभ उठाया था। न्यायालय ने कहा है कि कई कारणों से एकल माता-पिता का परिवार हो सकता है। यह स्थिति पति या पत्नी में से किसी की मृत्यु हो जाने, उनके अलग-अलग रहने या तलाक लेने के कारण हो सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इसी तरह बच्चों के अभिभावक और देखभाल करने वाले (जो परंपरागत रूप से मां और पिता की भूमिका निभाते हैं) पुनर्विवाह, गोद लेने या दत्तक के साथ बदल सकते हैं। प्रेम और परिवारों की ये अभिव्यक्तियां विशिष्ट नहीं हो सकती हैं, लेकिन वे अपनी पारंपरिक व्यवस्था की तरह ही वास्तविक हैं। परिवार इकाई की ऐसी असामान्य अभिव्यक्तियां न केवल कानून के तहत सुरक्षा के लिए बल्कि सामाजिक कल्याण कानून के तहत उपलब्ध लाभों के लिए भी समान रूप से योग्य हैं।

#### मातृत्व अवकाश को लेकर 1972 के नियमों का हवाला

पीठ की तरफ से फैसला लिखने वाले जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जब तक वर्तमान मामले में उद्देश्यपूर्ण व्याख्या नहीं अपनाई जाती, तब तक मातृत्व अवकाश देने का उद्देश्य और मंशा विफल हो जाएगी। अदालत ने कहा, 1972 के नियमों के तहत मातृत्व अवकाश देने का उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर बने रहने में सुविधा प्रदान करना है।

इस तरह के प्रावधानों के लिए यह एक कठोर वास्तविकता है कि अगर उन्हें छुट्टी और अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं तो कई महिलाएं सामाजिक परिस्थितियों के मद्देनजर बच्चे के जन्म पर काम छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगी।

पीठ ने कहा कि कोई भी नियोक्ता बच्चे के जन्म को रोजगार के उद्देश्य से अलग नहीं मान सकता है और बच्चे के जन्म को रोजगार के संदर्भ में जीवन की एक प्राकृतिक घटना के रूप में माना जाना चाहिए।

इसलिए, मातृत्व अवकाश के प्रावधानों को उस परिप्रेक्ष्य में माना जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले के तथ्यों से संकेत मिलता है कि अपीलकर्ता (पेशे से नर्स) के पति की पहले भी शादी हुई थी, जो उसकी पत्नी की मृत्यु के परिणामस्वरूप समाप्त हो गया था, जिसके बाद उसने महिला शादी की।

पीठ ने कहा, तथ्य यह है कि अपीलकर्ता के पति की पहली शादी से दो बच्चे थे, इसलिए अपीलकर्ता अपने एकमात्र जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश का लाभ उठाने की हकदार नहीं होगी।

फैक्ट यह है कि उसे पहले की शादी से अपने जीवनसाथी से पैदा हुए दो जैविक बच्चों के संबंध में बाल देखभाल के लिए छुट्टी दी गई थी, यह एक ऐसा मामला हो सकता है जिस पर संबंधित समय पर अधिकारियों की ओर से उदार रुख अपनाया गया था। वर्तमान मामले के तथ्य भी संकेत देते हैं कि अपीलकर्ता के परिवार की संरचना तब बदल गई, जब उसने अपनी पिछली शादी से अपने पति के जैविक बच्चों के संबंध में अभिभावक की भूमिका निभाई।

# नितिन गडकरी बोले- कांग्रेस में जाने की मिली थी सलाह, पर मैंने कहा कुंए में कूदना उससे बेहतर होगा

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें एक दोस्त ने कांग्रेस में जाने का सुझाव दिया था, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया था। रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त और कांग्रेस के नेता श्रीकांत जिचकर ने मुझे सलाह दी थी कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ जाऊं। इस पर मैंने कहा कि मेरी विचारधारा उससे मेल नहीं खाती है। मैं कुंए में कूद जाऊंगा, लेकिन कांग्रेस में शामिल नहीं हो सकता। नितिन गडकरी ने कहा कि यह उस दौर की बात है, जब मैं छात्र नेता था और



भाजपा को अकसर हार का सामना करना पड़ता था। नितिन गडकरी ने कहा कि जब आपको सफलता मिलती है और उसकी खुशी आपको अकेले होती है तो फिर उसका कोई मतलब नहीं है। यदि आपको मिली सफलता की खुशी आपके साथ काम करने वाले लोगों को भी होती है तो फिर यह अच्छी होती है। उन्होंने कहा कि कारोबार हो या फिर राजनीति मानवीय संबंध दोनों में ही अहम हैं। उन्होंने कहा कि कैसे भी हालात हों, किसी को इस्तेमाल करके फेंकना नहीं चाहिए। नितिन गडकरी ने रिचर्ड निक्सन की एक बात का जिक्र करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति हारने से खत्म नहीं होता, लेकिन मैदान छोड़ने से खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि अहंकार और आत्मविश्वास में क्या फर्क होता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी आदमी परफेक्ट नहीं होता है। यदि हम अपने ही दोस्तों की अच्छी बातों को पर्सनैलिटी का हिस्सा बना सकें तो खुद को सुधार सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, किसी को भी 'इस्तेमाल करो फेंको' की दौड़ में नहीं शामिल होना चाहिए। अच्छे दिन हों या बुरे दिन, जब एक बार किसी का हाथ थाम लें, उसे थामें रहें।

उगते सूरज की पूजा न करें। नितिन गडकरी अकसर अपने बेबाक बयानों के लिए चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों भाजपा ने संसदीय बोर्ड का पुनर्गठन किया था, जिसमें नितिन गडकरी को शामिल नहीं किया गया था। इस घटनाक्रम की भी काफी चर्चा हुई थी। नितिन गडकरी को मोदी सरकार के बेस्ट परफॉर्मिंग मंत्रियों में माना जाता है।

# परिवार के पांच सदस्यों के हत्यारे को किया गिरफ्तार

देहरादून। उत्तराखण्ड के देहरादून जिले के रानी पोखरी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक व्यक्ति ने परिवार के पांच सदस्यों की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस का दी। पुलिस ने हत्यारे को धारदार हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दलीप कुँवर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की आज सुबह थाना रानीपोखरी के नागाघेर में एक व्यक्ति महेश कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी इलाहाबाद रोड थाना अतहरा, जिला बांदा (उत्तर प्रदेश) ने अपनी माता, पत्नी तथा तीन पुत्रियों की गला रेत कर हत्या की कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से घटना को अंजाम देने वाले हथियार को बरामद कर लिया है।

कुँवर ने बताया कि आरोपी महेश कुमार ने चाकुओं से अपनी माँ बीतन देवी (75), पत्नी नीतू देवी (36), पुत्री अपर्णा (13), अन्नपूर्णा (09) वर्ष और एक अन्य पुत्री स्वर्णा उर्फ गुल्लों (11) को मौत के घाट उतारा है। आरोपी मूलतः उत्तर प्रदेश का है, जो लंबे समय से यहां रहता है। वह पेशे से पूजा पाठ का काम करता है।

## केरल के वैज्ञानिकों को एवीएम के इलाज के लिए किया गया सम्मानित

तिरुवनंतपुरम। केरल के तिरुवनंतपुरम में वैज्ञानिकों के एक संस्थान ने मेटल फ्री रेडियोपैक लिक्विड एम्बोलिक एजेंट विकसित करने के लिए 11वां राष्ट्रीय पेट्रोकेमिकल्स पुरस्कार जीता।

आज यहां एक विज्ञप्ति में बताया गया कि श्री चित्रा तिरुनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ रॉय जोसेफ, सुश्री गोपिका गोपन और डॉ जयदेवन ने यह अनूठा 'इंजेक्टेबल रेडियोपैक लिक्विड एम्बोलिक एजेंट' विकसित किया है।

आविष्कारकों ने आविष्कार के लिए अमेरिका, यूरोपीय और भारतीय पेटेंट हासिल करने के लिए आवेदन दर्ज किया है। संस्थान जल्द से जल्द इसके व्यावसायिक उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की उम्मीद कर रहा है। विज्ञप्ति में कहा गया कि पॉलीमेरिक एम्बोलिक एजेंट का अभिनव विकास मस्तिष्क के धमनी विरूपता (एवीएम) के उपचार के लिए सहायक है। एवीएम रक्त वाहिकाओं की एक असामान्य उलझन है जो बीच में सामान्य कोशिकाओं के बिना धमनियों को सीधे नसों से जोड़ती है। एवीएम मस्तिष्क के सामान्य ऊतकों को रक्त प्रवाह और ऑक्सीजन की आपूर्ति को बाधित करता है। असामान्य होने के कारण, ये रक्त वाहिकाएं फटने का कारण बन सकती हैं, जिससे रक्तस्राव, स्ट्रोक, दौरे और मस्तिष्क के ऊतकों को नुकसान हो सकता है। संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा किये गए इस शोध से मरीजों को लाभ होगा।

## गहलोत ने की शहरी ओलंपिक खेलों की घोषणा

जोधपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में खेलों का माहौल बनाने एवं खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए शहरी ओलंपिक खेल कराये जाने की की महत्वाकांक्षी घोषणा की हैं। गहलोत ने सोमवार को राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित समारोह में आज यह घोषणा की। उन्होंने ग्रामीण ओलंपिक खेलों को हर वर्ष आयोजित करने की भी घोषणा की ताकि ग्रामीण अंचल में खेलों के प्रति रूचि बनी रहे। राजस्थान में खेलों के महाकुंभ के रूप में राष्ट्रीय खेल दिवस पर पहली बार आयोजित राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 का राज्यस्तरीय शुभारंभ आज जोधपुर से हुआ।

# भाजपा की सितंबर, अक्टूबर में छह रैलियां निकालने की योजनाः बोम्मई

बेंगलुरु। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सितंबर और अक्टूबर में राज्य भर में छह रैलियां निकाले।

बोम्मई ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशों के अनुसार इस पर चर्चा की गई और राज्य भर में छह स्थानों पर विशाल रैलियां आयोजित करने, दौरे करने और लोगों से संपर्क साधने का निर्णय लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा से आज यहां उनके आवास पर मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए श्री बोम्मई ने कहा कि श्री येदियुरप्पा दिल्ली गए थे जहां उन्होंने श्री नड्डा से मुलाकात की थी।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



दो सितंबर को मंगलुरु के दौरे आयेंगे, इससे जुड़े सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आने वाले हफ्तों में राज्य भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कतील, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह और श्री येदियुरप्पा के नेतृत्व में कर्नाटक के दौरे के संबंध में भी चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राज्य के वरिष्ठ नेताओं के साथ चर्चा करेंगे और फिर सितंबर और अक्टूबर के महीनों में नियोजित कार्यक्रमों के बारे में अंतिम निर्णय लेंगे। राष्ट्रीय नेताओं ने आठ सितंबर को डोड्डाबल्लापुर में होने वाले विशाल जनोत्सव कार्यक्रम का विवरण एकत्र किया है और इसे सफल बनाने के लिए कुछ निर्देश जारी किए हैं। इसको सफल बनाने के लिए आयोजकों को भी इससे अवगत कराया गया है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. के. सुधाकर, विधायकों और पदाधिकारियों ने डोड्डाबल्लापुर कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूरा करने का भरोसा दिया है।

# इस दुर्गा पूजा में कोलकाता के कुमारतुली के कुम्हारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद

कोलकाता। कोरोना के कारण दो वर्षों के आर्थिक संकट के बाद कोलकाता में कुम्हारों की प्रसिद्ध कॉलोनी, कुमारतुली में आगामी दुर्गा पूजा उत्सव के लिए पहले से बहुत चहल-पहल है, मूर्ति निर्माताओं और कारीगरों को बढ़ती हुई श्रम लागत और कच्चे माल की कीमतों के बावजूद अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

बंगाल और पूर्वी भारत के सबसे बड़े त्योहार दुर्गा पूजा की शुरुआत में एक माह से भी कम समय बचा है, ऐसे में उत्तरी कोलकाता के हब में उत्साह का माहौल है, क्योंकि कुम्हार देवी की मूर्तियों को आकार देने में लगे हुए हैं।

सामुदायिक रूप से और घरों में पूजा करने वाले लोगों के ऑर्डर के अनुसार दुर्गा की मूर्तियां विभिन्न आकारों और रंगों में तैयार हो रही हैं। राज्य में कोविड मामलों की दैनिक संख्या 25 से कम हो गई है जिसके कारण खुशी का माहौल और बढ़ गया है।

चाइना पाल, 1994 में बनी कुमारतुली की पहली महिला मूर्तिकार ने यूनीवार्ता से कहा, मुझे जो ऑर्डर प्राप्त हुआ है, उसमें से अधिकांश का मौलिक स्वरूप या तो तैयार हो चुका है या उन्नत अवस्था में है। कुछ मूर्तियों पर पेंट का पहला कोट भी लग चुका है। अपने पिता ईश्वर हेमंत कुमार पाल की मृत्यु के बाद इस व्यवसाय को अपनाने वाली 40 वर्षीय चाइना पाल शहर में प्रमुख सामुदायिक पूजाओं के लिए मूर्तियां बनाती हैं, जैसे मिताली संघ, सुभाष संघ, हाइलैंड पार्क आदि। इसके अलावा, उनकी मूर्तियों की मांग श्रीनगर और भोपाल जैसे दूर-दराज स्थानों पर भी है। पाल ने कहा कि कोविड संक्रमण के कारण 2020 और 2021 हमारे लिए बहुत कठिन रहा लेकिन अब स्थिति अच्छी है, मुझे अच्छी संख्या में ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, मैं और ज्यादा ऑर्डर ले सकती थी, लेकिन समय की कमी के कारण मना कर दिया। एक अन्य प्रसिद्ध मूर्तिकार मिंटू पॉल भी इस वर्ष व्यापार के रुझान से प्रसन्न हैं। मिंटू ने यूनीवार्ता से कहा, स्थिति अच्छी है। आयोजक 10-11 फुट की बड़े आकार की मूतियों को पसंद कर रहे हैं। पिछले वर्ष कोविड और लॉकडाउन के कारण उनका बजट कम था, इसलिए हमने दाम भी कम रखा था और मूर्तियां भी छोटी थीं।

मोंटी पाल, जो अपनी फाइबरग्लास मूर्तियों के लिए प्रसिद्ध हैं और जिनका विदेशों में भी निर्यात होता है, ने महसूस किया कि अभी तक व्यवसाय की स्थिति कोरोना से पहली वाली नहीं बनी है।

# कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में 31 अगस्त से शुरू करेगी चुनाव अभियान

हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस बुधवार (31 अगस्त) से अपना चुनावी अभियान शुरू करेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र जार ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस पार्टी के संगठन प्रभारी राजीव शुक्ला प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन, शिमला से चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में वर्चुअल माध्यमों से इसका सीधा प्रसारण करने के लिए दिशा-निर्देश लागू किये गये है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर भी अपने कार्यालय में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी और सीधा प्रसारण के लिए बड़ी एलसीडी लगाई जाएगी।

जिले में कांग्रेस पार्टी पहले से ही चुनाव के तैयार है। विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के इच्छुक उम्मीदवारों से गुरुवार शाम पांच बजे तक आवेदन मांगे गए हैं।

## नालागढ़ कोर्ट परिसर में कैदी पर बरसाई गोलियां, सभी सुरक्षित

शिमला। हिमाचल प्रदेश में जिला सोलन के नालागढ़ कोर्ट परिसर के बाहर गोलीबारी की गई। नालागढ़ कोर्ट परिसर के बाहर सरेआम बदमाशों ने कई राउंड फायर कर दिए। कोर्ट में पेशी के लिए अपराधी को मारने के लिए यह हमला किया गया है।

सिरमौर पुलिस की कस्टडी में अदालत में पेशी के सिलसिले में लाए गए मुजरिम पर अचानक ही फायरिंग कर दी गई। शुरुआती जानकारी के मुताबिक मुजरिम को अदालत में पेश करने के बाद वापस लाया जा रहा था। इसी बीच अजय उर्फ सन्नी को निशाने पर लेकर गोलियां चलाई गई। लेकिन अजय के साथ मौजूद पुलिस कर्मियों की सूझबूझ व जांबाजी से उसकी जान बच गई। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों तरफ से कितने राउंड फायर हुए, इसका खुलासा नहीं हुआ है। इसी बीच मौका पाकर फायरिंग करने वाला घटनास्थल से फरार होने में कामयाब हो गया। हालांकि, आधिकारिक जानकारी नहीं आई है, लेकिन शुरुआती जांच के मुताबिक मुजरिम सुरक्षित है। गोलीबारी होने से कोर्ट परिसर में हडकंप मच गया। साथ ही हर कोई सुरक्षित स्थानों की तरफ भागने लगा। वारदात के कुछ देर बाद ही पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कर दी।

### पानी के हौद में गिरे बच्चे को बचाने के प्रयास में चार युवको की मौत

अजमेर। राजस्थान में अजमेर जिले के नसीराबाद के नजदीकी श्रीनगर थाना क्षेत्र के लवेरा गांव में खेत पर बने पानी के हौद में गिरे बच्चे को बचाने के प्रयास में चार युवकों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लवेरा गांव स्थित खेत में पानी की हौद में पैर फिसलने से एक बच्चा हौद नुमा कुएं में गिर गया। उसके बाद उसे बचाने के लिए कूदे चार अन्य युवक भी मौत के आघोष में समा गए। हालांकि हौद में गिरे बच्चे को बचा लिया गया है। हादसे के शिकार युवको को कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने बहार निकाला। प्रथम दृष्टया पानी की हौद में जहरीली गैस से भी इनकी मृत्यु बताई जा रही है।

# भारी बारिश के कारण मकान ढहा, अबोध शिशु सहित तीन लोगों की मौत

देहरादून। उत्तराखण्ड के देहरादून में रविवार से रुक-रुक कर हो रही भारी बारिश होने के कारण सोमवार सुबह एक मकान के ढहने से अबोध शिशु सहित से तीन लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में दो महिलाएं भी शामिल हैं।

मकान ढहने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची बचाव टीमों ने मलबे से तीनों शव बरामद कर लिये हैं। क्षेत्रीय विधायक और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, जिला अधिकारी (डीएम) दोनों मौके पर हैं।

अपर जिलाधिकारी, वित्त-राजस्व (एडीएम एफआर) कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि आज सुबह भारी बारिश के बीच मसूरी मार्ग पर, राजपुर क्षेत्र की काठ बंगला बस्ती में दिनेश का मकान अचानक ध्वस्त हो गया। जिससे उसकी 22 वर्षीया पत्नी , दिनेश की बहन लक्ष्मी (28) और दिनेश का आठ दिन पूर्व जन्मा अबोध शिशु मलवे में दब गये। मौके पर पहुंची राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की रेस्क्यू टीम ने मलवे से तीनों को मृत अवस्था में बरामद किया है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। उधर घटना की सूचना पर स्थानीय विधायक और सरकार में कृषि मंत्री गणेश जोशी, जिला अधिकारी (डीएम) सोनिका आदि भी मौके पर पहुंच गये। जिलाधिकारी ने इस बीच साईं मंदिर के समीप पेड़ गिरने के स्थान का मौका मुआयना करते हुए टीम को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सोनिका ने संबंधित अधिकारी के साथ सौड़ा सरोली पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने पुल की सुरक्षा को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर माननीय विधायक उमेश शर्मा काऊ भी मौके पर मौजूद रहे। भारी बारिश के कारण उन्होंने मसूरी क्षेत्र में आज स्कूल बंद रखने के आदेश भी दिए हैं।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली सरकार द्वारा शराब नीति में भ्रष्टाचार करने के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया




**नई दिल्ली।** भाजपा चिकित्सा प्रकोस्ठ दिल्ली प्रदेश द्वारा कड़कड़ी मोड विकास मार्ग पर सह प्रभारी चिकित्सा प्रकोस्ठ दिल्ली प्रदेश डॉ अनिल गोयल जी के नेत्तृत्व में दिल्ली सरकार द्वारा शराब नीति में भ्रष्टाचार करने के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। डॉ अनिल गोयल जी ने कहा दिल्ली सरकार के शराब मंत्री मनीष सिसोदिया ने शराब माफिया के साथ मिलकर दस हजार करोड़ का शराब घोटाला किया है। नयी आबकारी नीति बदलकर यह घोटाला किया है। इस नीति में शराब माफियाओ को जो शराब बनाते थे उन लोगो को लाइसेंस दिए गये। जो बिक्री लाइसेंस विक्रताओ को देना चाहिए था वो उन्होंने कॉर्पोरेट हाउस को बहुत ही सस्ते में दिया। मुख्य सचिव ने ये रिपोर्ट निकाली और एल जी साहब को भेजी और एल जी साहब ने सी बी आई की जाँच करवाई तो पता चला इसमें दस हजार करोड़ से बड़ा घोटाला है। दिल्ली सरकार युवाओं को शराबी बना रही है। मंदिरो, गुरुद्वारों , स्कूलों के पास ठेके खोले गए है जिसके कारण लोगो में भारी रोष है इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा जी , प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा डॉ मोनिका पंत जी , जिलाध्यक्ष श्री राम किशोर शर्मा जी, सह प्रभारी सिख प्रकोष्ठ सरदार गुरमीत सिंह जी, पूर्व पार्षद श्री संदीप कपूर जी, पूर्व पार्षद श्रीमती बबिता खन्ना जी, डॉ एन हरीसिंघानी जी , डॉ पियूष जैन जी ,डॉ मीणा जी, पैरामेडिक्स, नर्सेज, भारी संख्या में जनभागीदारी रही।

### पहले रॉन्ग साइड में मारी टक्कर, फिर महिला सिपाही को पीटा

**गाजियाबाद।** महिला सिपाही से मारपीट के मामले में पुलिस ने बुलेट रानी के नाम से चर्चित सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शिवांगी डबास को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि ड्यूटी से लौट रही महिला सिपाही की स्कूटी को स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी थी। विरोध करने पर कार में बैठी शिवांगी डबास ने महिला सिपाही के साथ मारपीट कर दी थी। गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम थानाक्षेत्र में डायल-112 के ओएमसी (ऑपरेशन मिररिंग सेंटर) पर तैनात महिला सिपाही ज्योति शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविवार रात करीब 10 बजे वह ड्यूटी करके स्कूटी से घर लौट रही थीं। जैसे ही वह सिटी पार्क कट के सामने से सड़क पार कर रही थीं, उसी दौरान पीछे से आई स्विफ्ट कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। ज्योति शर्मा का कहना है कि जब उन्होंने कार चालक को सही तरीके से ड्राइविंग करने की बात कही तो एक युवती कार में से उतरकर आई और उनके साथ गाली-गलौज करने लगी। विरोध करने पर वह युवती और भी तैश में आ गई।

### थाना सेक्टर 63 पुलिस ने चार शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, चोरी की दो स्कूटी और पांच मोटरसाइकिल बरामद

नोयडा। थाना सेक्टर 63 पुलिस ने चार शातिर चोरों अरुण उर्फ अन्नू पुत्र राजेश निवासी ग्राम सोरखा थाना सैक्टर 113 गौतमबुद्धनगर, राहुल पुत्र विजय निवासी ग्राम गुलावली थाना नॉलेजपार्क गौतमबुद्धनगर राहुल कुमार पुत्र बबली निवासी गुलाबली थाना नॉलेजपार्क गौतमबुद्धनगर गोपाल पुत्र सत्यप्रकाश निवासी मकान नंबर 924 किसान मजदूर कालोनी बाईपास रोड थाना ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा हाल पता ग्राम भापखेडा थाना सूरजपुर गौतमबुद्धनगर को बहलोलपुर अण्डरपास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने धोखाधड़ी कर ली गयी चैन,चोरी की दो स्कूटी, पाँच मोटरसाईकिल, दो चाकू और दो तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।


### दनकौर पुलिस ने चोरी के माल के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार एक बाल अपचारी को लिया पुलिस अभिरक्षा में

ग्रेटर नोएडा। थाना दनकौर पुलिस ने तीन चोरों गौरव पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम भोयरा थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर, विष्णु पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम भोयरा थाना रबूपुरा गौतमबुद्धनगर, अजीम कुरैशी पुत्र बबुआ कुरैशी निवासी मकान नंबर ई-585 गली नंबर 16 खड्डा कालोनी थाना शाहीन बाग नई दिल्ली हाल निवासी गुलिस्तानपुर थाना सूरजपुर गौतबुद्धनगर को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी किये गये 12 ट्यूबवेल के पानी के पंखें बरामद किए हैं। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### थाना बीटा टु पुलिस ने घरों में चोरी करने वाली महिला अभियुक्ता को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बीटा टु पुलिस ने घरों में चोरी करने वाली एक महिला अभियुक्ता सोनिया पाण्डे पत्नी अजय पाण्डे निवासी मकान नंबर 32 जगमाल इन्कलेव बीर बाजार ब्लाक बी-1 गली नंबर 4 अगवानपुर रोशननगर फरीदाबाद हरियाणा को डोमिनोज गोल चक्कर सैक्टर अल्फा-1 से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ी गई महिला अभियुक्ता के कब्जे से पुलिस ने घर से चोरी किये गये चार मोबाइल फोन, दो चार्जर और एक पावर बैंक बरामद किया है। अभियुक्ता शातिर किस्म की चोर है जो घरों में घुसकर मोबाइल फोन चोरी करती है। जिसके द्वारा 10 जून 2022 को मकान ई-185 अल्फा-1 से उपरोक्त बरामद सामान चोरी किया गया था।जिसके विरुद्ध इस सम्बन्ध थाना बीटा टु पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।गिरफ्तार अभियुक्ता के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर गैंगरेप के वाछिंत अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**ग्रेटर नोएडा।** थाना कासना पुलिस ने नाबालिग लड़की का अपहरण कर गैंगरेप के वाछिंत अभियुक्त मौहम्मद शमशाद पुत्र मोहम्मद ओली खाँ उर्फ होरी खाँ उर्फ मोहम्मद खान अली निवासी ग्राम सासन थाना हसनपुर जिला समस्तीपुर बिहार को सोमवार को सिरसा गोलचक्कर से गिरफ्तार कर लिया।उपरोक्त अभियुक्त थाना कासना पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 412/2021 धारा 323,328,363,365,366,376डी(2एन),120बी भादवि व 5एन/6 पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित चल रहा था।गौरतलब है कि 30 जुलाई 2021 को वादी ने अपनी पुत्री उम्र लगभग 16 वर्ष को शमसाद खान पुत्र होरी खान व शमसाद के पिता होरी खान द्वारा बहला-फुसला कर अपहरण करके ले जाने के सम्बन्ध में थाना कासना पर मुकदमा अपराध संख्या 412/2021 धारा 366, 363 भादवि पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त पूर्व में वादी के पड़ोस में रहता था। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 323,328,363,365,366, 376डी(2एन),120बी भादवि व 5एन/6 पॉक्सो एक्ट वृद्धि की गयी। तथा छः अन्य अभियुक्तगण प्रकाश मे आये है। एक अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।अन्य फरार अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी है जिनको जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# "दिल्ली की जनता को अपनी चुनी हुई सरकार पर अटूट विश्वास, इसे कोई भी साजिश नहीं हिला सकती": केजरीवाल

**विश्वास प्रस्ताव की जरूरत यह दिखाने के लिए थी कि आम आदमी पार्टी का एक-एक विधायक, मंत्री और कार्यकर्ता कट्टर ईमानदार है और कोई नहीं बिका**

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत



नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज दिल्ली विधानसभा के सदन में 'विश्वास प्रस्ताव' रखते हुए कहा कि दिल्ली की जनता को अपनी चुनी हुई सरकार पर अटूट विश्वास है और इसे कोई भी साजिश नहीं हिला सकती। विश्वास प्रस्ताव की जरूरत यह दिखाने के लिए थी कि आम आदमी पार्टी का एक-एक विधायक, मंत्री और कार्यकर्ता कट्टर ईमानदार है। इसलिए कोई नहीं बिका और दिल्ली में इनका ऑपरेशन लोटस फेल हो गया, लेकिन इन्होंने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, मेघायल, गोवा, मणिपुर, अरुणाचल, बिहार, असम की सरकार गिरा दी और अब झारखंड की सरकार भी गिराने वाले हैं। उन्होंने कहा कि टैक्स का पैसा ऑपरेशन लोटस में जाता है। ये अलग-अलग राज्यों में विधायकों को डराकर, खरीदकर सरकारें गिराते हैं और अपनी सरकारें बनाते हैं। इन्होंने दूसरी पार्टियों की सरकारें गिराने और विधायकों को खरीदने में 6300 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये मिडिल क्लास, स्टूडेंट्स, किसानों के कर्जे नहीं छोड़ते, लेकिन अपने खरबपति दोस्तों के 10 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ कर दिए। ये अंग्रेजो की तरह जनता का खून चूस रहे हैं और स्कूल, अस्पताल, सड़कें नहीं बना रहे हैं, बल्कि सारा पैसा अपने खरबपति दोस्तों की जेब में डाल रहे हैं। अगर आज ये एमएलए खरीदना और अपने दोस्तों के कर्जे माफ करना बंद कर दें, तो देश में महंगाई तुरंत खत्म हो जाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज दिल्ली विधानसभा के सदन में विश्वास प्रस्ताव रखा। इससे पहले भाजपा के विधायकों ने सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया।

जिसके बाद विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान ने सभी भाजपा विधायकों को सदन से बाहर कर दिया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि आज इतना अहम विषय 'विश्वास प्रस्ताव' पर चर्चा होनी है और विपक्ष का इतना गैर जिम्मेदाराना रवैया है। विपक्ष के लोग इस पर चर्चा करना ही नहीं चाहते हैं। वो केवल सदन की कार्रवाई को बाधित करना चाहते हैं। वो केवल ड्रामेबाजी करना चाहते हैं। मुझे लगता है कि सदन की कार्रवाई टीवी चैनलों पर लाइव चल रही होगी।

दिल्ली के लोग जब देखेंगे तो यह सोचेंगे कि हमने कैसे लोगों को वोट दे दिया। ये लोग सदन के अंदर बैठ कर क्या करते हैं ? सदन के अंदर ये लोग चर्चा ही नहीं करते हैं। सिर्फ नौटंकी करते हैं।

यह बड़े ही दुख की बात है कि इतने गंभीर विषय वाले दिन भी इन लोगों ने इतनी गंदी और छोटी राजनीति करने की कोशिश की।

# गौरव भाटिया और आदेश गुप्ता ने तथ्यों के साथ केजरीवाल सरकार द्वारा स्कूलों में कमरे बनवाने के नाम पर किए घोटालों का पर्दाफाश किया

**केजरीवाल के पास टेंडर से 326 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च का कोई हिसाब नहीं है : गौरव भाटिया**

आनंद राय/गौरवशाली भारत




नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गौरव भाटिया और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार के एक और भ्रष्टाचार घोटाले का खुलासा किया। केजरीवाल सरकार ने स्वास्थ्य और आबकारी नीति में घोटालों के बाद शिक्षा में भी बड़े घोटाले को अंजाम देने का काम किया है। इसका खुलासा करते हुए श्री गौरव भाटिया और श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि आबकारी नीति पर जब भी बार-बार प्रश्न भाजपा पूछती है, तो केजरीवाल कहते थे कि विश्व के सबसे बढ़िया शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स में उनका नाम आता है इसलिए राजनीतिक द्वेष से प्रताड़ित किया जाता है।

संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए श्री गौरव भाटिया ने कहा कि दिल्ली में 2400 कमरों की जरुरत थी, लेकिन इसको बढ़ाकर 7180 कमरें कर दिए गए। कंस्ट्रक्शन राशि को 50 से 90 फीसदी तक बढ़ाया गया।

इसके बाद सीवीसी ने एक रिपोर्ट दिल्ली सरकार के सचिव को 17 फरवरी 2020 को भेजी थी। लेकिन आज तक यानि 30 महीनों तक उस पर केजरीवाल ने क्यों कार्रवाई नहीं की टेंडर से 326 करोड़ रुपये का कोई हिसाब केजरीवाल के पास नहीं है। अगर किसी टेंडर में कोई बदलाव होता है तो वह पब्लिक डोमेन में आता है लेकिन केजरीवाल सरकार ने ऐसा नहीं किया।

गौरव भाटिया ने कहा कि बढ़ी हुई लागत के बाद 6133 क्लासरुम बनने थे, लेकिन सिर्फ 4027 क्लासरुम ही बनाए गए। स्कूलों में 160 शौचालय की जरुरत है लेकिन केजरीवाल सरकार ने बताया कि 1214 शौचालयों की जरुरत है। उन्होंने कहा कि शौचालय को भी स्कूल के कमरों में गिनती करवाकर केजरीवाल ना ही सिर्फ दिल्ली के बच्चों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं बल्कि टैक्स पेयर्स के पैसों को भी लूटने का काम कर रहे हैं। 29 रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने की बात करते रहे लेकिन जब जांच हुई तो सिर्फ दो ही दिखाई दी। मतलब बाकी के 27 हार्वेस्टिंग सिस्टम के पैसे डकार गए।

# होटल मैनेजमेंट की छात्रा से दोस्त ने किया दुष्कर्म

फरीदाबाद। फरीदाबाद के सराय ख्वाजा स्थित एक होटल में होटल मैनेजमेंट की एक छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सहपाठी ने छात्रा को झांसा देकर पहले सराय ख्वाजा मेट्रो स्टेशन बुलाया और फिर होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दोनों दिल्ली में एक होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के छात्र हैं। आरोपी पलवल का रहने वाला है।

पीड़िता की शिकायत पर सराय ख्वाजा थाना की पुलिस आरोपी के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता दिल्ली की रहने वाली है। वह दिल्ली स्थित एक होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में होटल मैनेजमेंट कर रही है। वहीं पलवल का एक युवक भी पढ़ाई कर रहा है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि इंस्टीट्यूट में आरोपी से उनकी दोस्ती हो गई थी।

अप्रैल में उसने फोन पर उसे मिलने के लिए सराय ख्वाजा मेट्रो स्टेशन बुलाया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी ने पहले से ही एक होटल में कमरा बुक कर रखा था।

वह उसे झांसा देकर होटल में ले गया और दुष्कर्म किया। साथ ही इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता के अनुसार, वह डर से इस बारे में परिजनों को नहीं बता रही थी।

# विनय कुमार सक्सेना पर 1400 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप : दुर्गेश पाठक

**दिल्ली के उप राज्यपाल के खिलाफ सीबीआई- ईडी की रेड होनी चाहिए**

विवेक राय/गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष रहते हुए 1400 करोड़ रुपए का घोटाला किया है। खादी ग्रामोद्योग का अध्यक्ष रहते हुए विनय कुमार सक्सेना ने नोटबंदी के समय नवंबर 2016 में पुराने नोट को नए में बदल कर घोटाला किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर 1400 करोड़ का घोटाला किया गया। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के दौरान जब लाखों लोगों के व्यापार तबाह हो गए और लोगों की नौकरियां चली गईं तब एलजी विनय कुमार सक्सेना 1400 करोड़ का घोटाला करने में व्यस्त थे। उपराज्यपाल विनय सक्सेना के 1400 करोड़ का घोटाला उजागर करने वाले बहुत ग़रीब थे लेकिन हिम्मत नहीं हारी ? हर फोरम में शिकायत की कि हमसे ग़लत काम कराया जा रहा है। इसके बावजूद जांच की अध्यक्षता खुद आरोपी ने की। दोनों शिकायतकर्ताओं को सस्पेंड कर दिया और अपने भ्रष्ट साथियों का प्रमोशन कर दिया। दिल्ली के उप राज्यपाल के खिलाफ ईडी की रेड होनी चाहिए। ये मनी लॉन्ड्रिंग और भ्रष्टाचार का मामला है। उप राज्यपाल के खिलाफ जब तक जांच चले इन्हें तब एलजी के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। इन्हें उप राज्यपाल के पद से हटाया जाए। देश में 1400 करोड़ का भ्रष्टाचार करने वाले एलजी विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ दिल्ली विधानसभा में आप विधायकों ने प्रदर्शन किया।

दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि देश के सामने आज मैं 1400 करोड रुपए के एक बहुत बड़े घोटाले का खुलासा करने जा रहा हूं। यह घोटाला राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर हुआ। यह घोटाला उनके प्रतीक चिन्ह खादी के नाम पर हुआ। बड़े दुख और शर्म के साथ यह कह रहा हूं कि यह घोटाला किसी और ने नहीं बल्कि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने किया है, जब वह खादी के चेयरमैन थे। तीन दिन पहले मेरे पास एक फाइल आई है। यह फाइल पढ़ने के बाद मैं दंग हो गया। नोटबंदी के दौरान जब सैकड़ों लोगों की जान चली गई, हजारों लोग बेघर हो गए ऐर लाखों लोगों की नौकरी और बिजनेस खत्म हो गए।

# खेल दिवस पर गर्ल्स कॉलेज में खो-खो और कबड्डी खेल का भव्य आयोजन

**कॉलेज में मेजर ध्यानचंद को किया गया याद , लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई, मदर टेरेसा, सरोजिनी नायडू टीमों का किया गया गठन**

कपिल शर्मा /गौरवशाली भारत



हरियाणा जिला महेंद्रगढ़ स्थित विधानसभा क्षेत्र नाँगल चौधरी में बैजनाथ चौधरी राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस उपलक्ष्य हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस स्वरूप खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा प्रमुख खेल कबड्डी और खो-खो खेल में करीब 50 से अधिक छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। यह खेल प्रतियोगिता समारोह महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता तंवर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता की देखरेख में डी.पी. हंसराज, रामशरण और स्पोटर्स विंग के इंचार्ज डॉ. सुशीला यादव ने दायित्व का निर्वहन किया। कबड्डी प्रतियोगिता के लिए लक्ष्मीबाई व सावित्रीबाई टीम का गठन किया गया। जिसमें सावित्री बाई टीम विजेता रही। वहीं खो-खो खेल प्रतियोगिता के लिए मैच मदर टेरेसा तथा सरोजिनी नायडू टीम के बीच हुआ। जिसमें विजेता टीम सरोजिनी नायडू रही।

खेल दिवस उपलक्ष्य प्रतियोगिता के दौरान कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनीता तंवर द्वारा संदेश स्वरूप दिया गया कि, भारत जैसे विकासशील देश में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस कमी है तो प्रतिभा को पहचानने की, खेल से प्रतिभागियों की भावना समूह को जोड़कर रखने में मदद करती है। खेल मनोरंजन सहित मानसिक स्थिति और स्वास्थ्य की स्वस्थता के साथ-साथ खेल के माध्यम से युवाओं के बीच मित्रता की भावना पैदा होती है। साथ ही उनमें एकता की भावना विकसित होती है उनका ध्यान और लगन मजबूत होता है। खेल न केवल व्यक्ति के दिमाग को तेज बनाता है बल्कि मन को भी मजबूत और सक्रिय बनाता है। खेल मनोबल को दृढ़ता से जोड़ता है और हमारे देश की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भी यही कहती है कि, जो लोग भारत के लिए खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। वह भारतीय खिलाड़ी पदक विजेता ना केवल खेल में बल्कि अपने जीवन में भी बहुमूल्य साबित होते हैं। इसलिए युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय खेल दिवस को कई प्लेटफॉर्म के माध्यम से पूरे देश में खेल के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाना चाहिए।

इस प्रतियोगिता परिणाम के लिए निर्णायक मंडल सदस्य में रमन और रणवीर ने निर्णायक भूमिका स्वरूप दायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने उक्त टीमों के अंतरिम नतीजे घोषित करते हुए प्रतिभागियों को चयनित किया।

कबड्डी खेल प्रतियोगिता में सावित्री बाई टीम ने खिताब अपने नाम किया।

**क्र.सं. / खेल / प्रतिभागी / स्नातक श्रेणी**

1. / कबड्डी / सरिता / बी.ए. तृतीय
2. / कबड्डी / शीतल / बी.ए. तृतीय
3. / कबड्डी / निकिता / बी.कॉम. तृतीय
4. / कबड्डी / निशा / बी.ए. द्वितीय
5. / कबड्डी / अंकिता / बी.ए. द्वितीय
6. / कबड्डी / एकता / बी.ए. द्वितीय
7. / कबड्डी / नचिता / बी.ए. प्रथम
8. / कबड्डी / ग्यानवती / - - - - -
9. / कबड्डी / शर्मिला / बी.ए. तृतीय

खो-खो खेल प्रतियोगिता में सरोजिनी नायडू टीम ने जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया।

**क्र.सं. / खेल / प्रतिभागी / स्नातक श्रेणी**

1. / खो-खो / सुशीला / बी.ए. तृतीय
2. / खो-खो / निशा / बी.ए. तृतीय
3. / खो-खो / रजनी / बी.ए. द्वितीय
4. / खो-खो / एकता / बी.ए. द्वितीय
5. / खो-खो / रविशा / बी.ए. तृतीय
6. / खो-खो / मनीषा / बी.ए. तृतीय
7. / खो-खो / रीतिका / बी.ए. द्वितीय
8. / खो-खो / शर्मिला / बी.ए. तृतीय
9. / खो-खो / निशा / बी.ए. द्वितीय
10. / खो-खो / नीतू / बी.ए. द्वितीय
11. / खो-खो / पूजा / बी.कॉम द्वितीय
12. / खो-खो / पूजा / बी.कॉम द्वितीय

इस अवसर पर विजेता टीम के सभी प्रतिभागियों को महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस खेल दिवस के विशेष समारोह पर डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. हरनाम सिंह, सन्तोष यादव, प्रदीप, कैमिस्ट्री प्रवक्ता पिंकी, कुलदीप, सुनिल, प्रवक्ता शशिबाला, राजबाला, मुकुंद पुरा से पीजीटी हिन्दी प्रवक्ता राजकुमार आदि समस्त स्टॉफ़ सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायकों को फिर असंवैधानिक तरीके से निकाला गया विधानसभा से

**भ्रष्टाचार में डूब चुकी केजरीवाल सरकार उतर आई तानाशाही पर**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि विधानसभा की बैठक से आज फिर भाजपा विधायकों को असंवैधानिक तरीके से मार्शल द्वारा बाहर कर दिया गया और पूरे दिन के लिए निष्कासित कर दिया गया। केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हो गई है और वह इन मुद्दों पर चर्चा कराने से भी घबरा रही है। इसीलिए विपक्ष को सदन से लगातार बाहर किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा के सभी विधायक इस मामले को लेकर अब राष्ट्रपति के पास जाएंगे और इस तरह सदन के लगातार दुरुपयोग का मामला लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष भी उठाएंगे।

बिधूड़ी और भाजपा के सभी सदस्यों ने आज एक प्रेस कांफ्रेंस में बड़े ही रोष और अफसोस के साथ कहा कि केजरीवाल सरकार लोकतंत्र की सभी मर्यादाओं, परंपराओं और नियमों को भूल चुकी है और तानाशाही तथा मनमाने तरीके से व्यवहार कर रही है। बिधूड़ी ने बताया कि भाजपा की तरफ से चार सदस्यों ने नियम-55 के तहत अल्पकालिक चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। श्री विजेंद्र गुप्ता ने क्लास रूम घोटाले पर, श्री अभय वर्मा ने हजारों करोड़ रुपए के शराब घोटाले पर, श्री मोहन सिंह बिष्ट ने पीने के पानी की कमी पर और श्री अजय महावर ने भ्रष्टाचार में लिप्त उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन को मंत्रिमंडल के हटाने की मांग पर चर्चा का नोटिस दिया था। स्पीकर ने इन चारों नोटिस पर चर्चा कराने से इनकार कर दिया। जब आज सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो भाजपा सदस्यों ने अनुरोध किया स्पीकर अपने फैसले पर पुनर्विचार करें लेकिन लोकतंत्र की हत्या करते हुए सभी भाजपा सदस्यों को मार्शल बुलवाकर जबरन बाहर निकाल दिया गया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर चुकी है और अगर उसका दामन पाक-साफ है तो वह विधानसभा में इन मुद्दों पर चर्चा से क्यों भाग रही है। जाहिर है कि उसके पास इन आरोपों का कोई जवाब ही नहीं है। दिल्ली विधानसभा में अब न तो दिल्ली के मामलों पर चर्चा होती है, न प्रश्नोत्तर काल होता है, न नियम-55 के तहत अल्पकालिक चर्चा होती है और न ही नियम-280 के तहत अपने क्षेत्र के मामले उठाए जा सकते हैं। केजरीवाल सरकार दिल्ली विधानसभा का इस्तेमाल सिर्फ और सिर्फ केंद्र सरकार को गालियां निकालने के लिए कर रही है। ऐसे मुद्दों पर चर्चा कराई जाती है जिनका दिल्ली से कुछ लेना-देना ही नहीं है। दिल्ली की जनता के खून-पसीने की कमाई से वसूले गए टैक्स की राशि से विधानसभा सत्र पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं और उसमें सिर्फ अपनी राजनीति चमकाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि हम इस मामले को लेकर राष्ट्रपति के पास जाएंगे और उन्हें बताएंगे कि दिल्ली में किस तरह लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। भाजपा सदस्य लोकसभा अध्यक्ष से भी मुलाकात करेंगे और यह नियम बनवाने की कोशिश करेंगे कि दिल्ली में पूरे वर्ष में विधानसभा के कम से कम तीन अधिवेशन अवश्य हों और इनकी अवधि 10-10 दिन से कम नहीं हो।

# सीबीआई अधिकारी मंगलवार को हमारे बैंक लॉकर की जांच करेगी: मनीष सिसोदिया का दावा

नई दिल्ली ।दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया है कि सीबीआई के अधिकारी मंगलवार को उनके बैंक लॉकर की जांच करने आएंगे और एजेंसी के अधिकारियों को इसमें कुछ नहीं मिलेगा।

आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया उन 15 लोगों में शामिल हैं, जिनके खिलाफ दिल्ली आबकारी नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर में नामजद किया गया है।

इससे पहले सीबीआई ने 19 अगस्त को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं के संबंध में सिसोदिया के घर सहित 31 स्थानों पर छापेमारी की थी।

उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने एक ट्वीट कर कहा, कल सीबीआई हमारे बैंक लॉकर की जांच करने आ रही है। 19 अगस्त को मेरे आवास पर 14 घंटे की लंबी छापेमारी में उन्हें कुछ भी नहीं मिला। उन्हें लॉकर में भी कुछ नहीं मिलेगा। सीबीआई का स्वागत है। जांच में मेरा और मेरे परिवार का पूरा सहयोग रहेगा।

हालांकि, सिसोदिया कहते रहे हैं कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकल्प के रूप में उभरे हैं और भाजपा द्वारा केजरीवाल को रोकने के लिए ही उन्हें झूठे मामले में आरोपी बनाया गया है। बता दें कि, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोपों की सीबीआई जांच की सिफारिश करने के बाद दिल्ली सरकार द्वारा इस साल जुलाई में नीति को वापस ले लिया गया था।

# जेवर क्षेत्र के ग्राम चकबीरमपुर के सेक्टर 32 में निर्मित 220 केवी बिजलीघर का हुआ शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा। जेवर ठाकुर विधायक धीरेंद्र सिंह और यमुना एक्सप्रेस-वे औधोगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण वीर सिंह ने संयुक्त रूप से ग्राम चकबीरमपुर के सेक्टर 32 में निर्मित 220 केवी बिजली घर का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया। सैकड़ों ग्रामवासियों की उपस्थिति में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि जेवर क्षेत्र में अपना बिजलीघर न होने के कारण विद्युत आपूर्ति जनपद बुलंदशहर और जनपद अलीगढ़ से होती थी। और लंबी लाइनें होने के कारण टेल तक पहुंचते-पहुंचते लो वोल्टेज की समस्या पीक सीजन में रहती थी। जिसके चलते आए दिन बिजली के फ़ॉल्ट रहते थे और ग्रामीण क्षेत्र अंधकार में डूब जाता था तथा लोगों को भारी कष्ट झेलने पड़ते थे।

इसी को देखते हुए सन 2018 में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस समस्या से अवगत कराया और दिनांक 14 अगस्त सन 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणानुसार जेवर के लिए यह बिजलीघर मंजूर हुआ।

# संपादकीय

## नोएडा के ट्विन टावर तो गिर गए पर क्या इससे भ्रष्टाचार रुक जायेगा ?

2012 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए मामला आने से पहले, नोएडा प्रशासन ने 2009 में दायर योजना (40 मंजिलों वाले दो अपार्टमेंट टावर) को मंजूरी दे दी। मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अप्रैल 2014 में फ़ैसला आया।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर भ्रष्टाचार का पर्याय बने नोएडा के ट्विन टावर रविवार को गिरा दिये गए। पर ये प्रश्न छोड़ गए कि अकेले इन टावर के गिरने से क्या देश का भ्रष्टाचार रुक जाएगा? देश की जड़ तक में समा चुके भ्रष्टाचार पर क्या कोई रोक लगेगी? क्या भ्रष्टाचारी इससे सीख लेंगे? जिस देश में संसाधनों की भारी कमी है, क्या उस देश में इन टावर का प्रयोग स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सालय और शिक्षा के लिए नहीं हो सकता था?

रविवार को कुछ ही सेकेंड में नोएडा की चर्चित दो बहुमंजिला इमारतें धराशायी हो गईं। दोपहर के ठीक ढाई बजे इन ट्विन टॉवर को विस्फोटकों से उड़ा दिया गया। अब इन बहुमंजिला इमारतों को जगह मलबा ही बचा है। एपेक्स और सेयेन नामक इन टावर को सुपरटेक बिल्डर ने बनाया। बाद में पाया गया कि इन्हें बनाने में नियमों का उल्लंघन किया गया। ये देश में गिराई जाने वाली सबसे बड़ी बहुमंजिला इमारतें हैं। एपेक्स (32 मंजिली) और सेयेन (30 मंजिला)। जुड़वां टावर भारतीय राजधानी में स्थित सबसे ऊंचे कुतुब मीनार से भी ऊंचे थे। इस टावर को गिराने का फ़ैसला एक लंबी क़ानूनी लड़ाई के बाद लिया गया था। यह संघर्ष इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुरू हुआ था और इसका अंतिम फ़ैसला सुप्रीम कोर्ट में हुआ।

इन टावर के निर्माण की कहानी 2004 में शुरू होती है। नोएडा (न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण) ने औद्योगिक शहर बनाने की योजना के तहत एक आवासीय क्षेत्र बनाने के लिए सुपरटेक नामक कंपनी को यह जगह आवंटित की। 2005 में, नोएडा बिल्डिंग कोड और दिशा निर्देश 1986 के अनुसार सुपरटेक ने प्रत्येक 10 मंजिल वाले 14 फ्लैटों की योजना तैयार की। नोएडा अथॉरिटी ने 10 मंजिलों वाले 14 अपार्टमेंट भवनों के निर्माण की अनुमति दी, साथ ही यह भी प्रतिबंध लगाया गया था कि ऊंचाई 37 मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना के अनुसार, इस साइट पर 14 अपार्टमेंट और एक वाणिज्यिक परिसर के साथ एक गार्डन विकसित किया जाना था। 2006 में कंपनी को निर्माण के लिए पुरानी शर्तों पर अतिरिक्त ज़मीन दी गई। सुपरटेक ने नई योजना बनाई। इसमें बिना गार्डन के दो और 10 मंजिल भवन बनाए जाने थे। अंत में, 2009 में 40 मंजिलों के साथ दो अपार्टमेंट टावर बनाने के लिए अंतिम योजना तैयार की गई। 2011 में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका में आरोप लगाया गया कि इन टावरों के निर्माण के दौरान उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट मालिक अधिनियम, 2010 का उल्लंघन किया गया है। इसके मुताबिक केवल 16 मीटर की दूरी पर स्थित दो टावरों ने कानून का उल्लंघन किया था। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि इन दोनों टावरों को बगीचे के लिए आवंटित भूमि पर अवैध रूप से खड़ा किया गया था।

2012 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए मामला आने से पहले, नोएडा प्रशासन ने 2009 में दायर योजना (40 मंजिलों वाले दो अपार्टमेंट टावर) को मंजूरी दे दी। मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय का अप्रैल 2014 में फ़ैसला आया। उसने इन टावरों को गिराने का आदेश भी जारी किया। यह भी आदेश दिया कि टावर बनाने वाले सुपरटेक को टावर गिराने का ख़र्च वहन करना चाहिए। यह भी आदेश किया कि पहले से ही फ्लैट खरीदने वालों को 14 फ़ीसदी ब्याज़ के साथ पैसा वापस करना चाहिए। मई में, सुपरटेक ने फ़ैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। दावा किया कि निर्माण कार्य उचित मानदंडों के मुताबिक ही किया गया है। अगस्त 2021 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फ़ैसले को बरकरार रखने वाले सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि नियमों का उल्लंघन किया गया था।

## गर्व से कहो हम भारतीय हैं

भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों ,पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि ईस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण निरूपित कर वृहद वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं और अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे । प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान,शक्तिहीन,भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता ,शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊर्जावान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त ,कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं।

# भ्रष्टाचार के ट्विन टावर का ध्वस्त होना व्यर्थ ना जाये



ललित गर्ग

हमारा भ्रष्ट चरित्र देश के समक्ष गंभीर समस्या बन चुका है। आजादी का अमृत महोत्सव मनाने तक की हमारी आजादी की यात्रा में पहली बार नोएडा में सन्नाटे के बीच हुए जोरदार धमाके के बीच साहसिक तरीके से ट्विन टावर रूपी भ्रष्टता के किले को ध्वस्त किया गया। इससे उठे धूल के गुबार के बीच भ्रष्टाचार की नींव पर बने अवैध ट्विन टावर को जमींदोज कर दिया गया। 3700 किलो विस्फोटक की मदद से यह इमारतें कुछ ही सैकेंड में ध्वस्त हो गईं। इस विस्फोट से उठे गुबार से ऐसी भ्रष्टता की ऊंचे किले गढ़ने वालों को कड़ा सबक मिला है। हजारों करोड़ की इस इमारत को जमींदोज करने का लक्ष्य भी यही है कि राजनीति से लेकर प्रशासन तक, समाजसेवियों से लेकर धर्मगुरुओं तक, व्यापारियों से लेकर उद्योगपतियों तक, डाक्टरों से लेकर इंजीनियर, वकील, सीए, न्यायाधिपति तक, स्कूलों से लेकर अस्पतालों तक फैले भ्रष्टाचार के ऊंचे किलो को ध्वस्त करना राष्ट्र की सबसे जरूरी प्राथमिकताओं में एक है।

आजादी के पचहतर वर्षों में हमने नैतिक, ईमानदारी एवं चरित्र की धारणाओं को पुष्ट करने की बजाय देश में यह आम धारणा को पनपाया है कि अपने यहां सब चलता है। नियम-कानूनों को धता बताते हुए जैसे भी हो जमीन लेकर बिल्डिंग खड़ी कर दो, एक बार फ्लैट्स बिक गए, लोग उसमें रहने लगे तो फिर कुछ नहीं होता। भ्रष्टाचार का टावर कहे जाने वाले इस ट्विन टावर को गिराए जाने से इस धारणा को तोड़ने में थोड़ी मदद जरूर मिलेगी। लेकिन इस प्रकरण ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। एक तो यही कि अवैध बिल्डिंग तो गिरी, पर बिल्डिंग बनाने वालों का क्या? आखिर बिना सरकारी, प्रशासनिक, न्यायिक संरक्षण, पुलिस के इतनी बड़ी बिल्डिंगें कैसे खड़ी हो जाती है? इस सिलसिले में पहली बात यह याद रखने की है कि बिल्डिंग को पूरी तरह से कंस्ट्रक्शन कंपनी के खर्च पर गिराया गया है। दूसरी और ज्यादा महत्वपूर्ण बात यह कि इसे गलत तरीके से मंजूरी देने वाले भी कार्रवाई के दायरे में लिए गए हैं। कई अफसरों के खिलाफ कार्रवाई हुई है और जांच चल रही है। फिर भी यह बहस अपनी जगह है ही कि क्या पूरी तरह से तैयार ऐसी बिल्डिंगों को यों जमींदोज करना ही सबसे अच्छा विकल्प है? ऐसे ही अन्य भ्रष्ट टावरों का क्या हश्र होना चाहिए।





इस तरह ध्वस्त करने की बजाय क्या सरकार द्वारा जब्त कर उन्हें चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा, रक्षा या किसी और रूप में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा सकता था? सब जानते हैं कि नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए बनाई गई यह देश की इकलौती इमारत नहीं है। तो क्या बाकी इमारतों को भी इसी तरह ध्वस्त करना पड़ेगा? जाहिर है, ऐसी कार्रवाई सांकेतिक ही हो सकती है। सो इस ट्विन टावर के जरिए जो संदेश देना था, वह दिया जा चुका है। अब आगे का काम यह सुनिश्चित करना है कि इस संदेश को बिल्डर-अफसर-नेता बिरादरी गंभीरता से ग्रहण करे और अपने कार्य व्यवहार में आवश्यक बदलाव लाए। हमारी बन चुकी मानसिकता में आचरण की पैदा हुई बुराइयों ने पूरे तंत्र और पूरी व्यवस्था को प्रदूषित कर दिया है। स्वहित और स्वयं के लाभ में ही लोकहित है, यह सोच हमारे समाज में घर कर चुकी है। यह रोग मानव की वृत्ति को इस तरह जकड़ रहा है कि हर व्यक्ति लोक के बजाए स्वयं के लिए सब कुछ कर रहा है। देश के धन को जितना अधिक अपने लिए निचोड़ा जा सके, निचोड़ लो। देश के सौ रुपये का नुकसान हो रहा है और हमें एक रुपया प्राप्त हो रहा है तो बिना एक पल रुके ऐसा हम कर रहे हैं। भ्रष्ट आचरण और व्यवहार अब हमें पीड़ा नहीं देता। सबने अपने-अपने निजी सिद्धांत बना रखे हैं, भ्रष्टाचार की परिभाषा नई बना रखी है।

जब से नरेन्द्र मोदी एवं योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान छेड़ा है, उसका असर दिख रहा है। उत्तर प्रदेश में जब से योगी सरकार आई है तब से बिल्डर माफिया का नौकरशाही से नेटवर्क काफी हद तक टूट चुका है। नोएडा एवं गाजियाबाद अथॉरिटी एक समय भ्रष्टाचार के बड़े अड्डे बन गये थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। हजारों एकड़ सरकारी भूमि भूमाफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई है। भूमाफिया और बाहुबलियों की लोगों को लूटकर बनाई गई संपत्तियों पर बुल्डोजर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे कदमों की सराहना हो रही है। ट्विन टॉवर तो ध्वस्त हो गए लेकिन यहां रहने वालों के सपने भी धूल में मिल गए। यद्यपि उन्हें पैसे लौटा दिए गए हैं लेकिन अपने आशियाने को सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए खर्च किया गया धन व्यर्थ ही गया। नए सिरे से जिंदगी की शुरूआत करना आज के दौर में आसान नहीं है। उनके सामने चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। नोएडा का विकास इसलिए किया गया था कि आम आदमी को एक अदद छत नसीब हो सके। बेहतर यही होगा कि सरकार बिल्डर बायर्स को लेकर के सख्त कानून बनाए ताकि किसी का घर उजड़ने की नौबत न आए, घर बनाने के सपनों पर ऐसे काले धब्बे न हो, संकट के बादल न हो। सरकार कोई ऐसी नीति बनाये जिससे वर्षों से पैसे देने के बावजूद लोगों को घर नहीं मिल पा रहे हैं, उन्हें घन दिलाये।

एक बिल्डर कंपनी ने नहीं लगभग सभी बिल्डरों ने खुली लूट मचाई और बुकिंग के नाम पर करोड़ों की उगाही की। एक प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ कि दूसरे प्रोजेक्ट का ऐलान कर दिया गया। नामी खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों के चेहरों का सहारा लेकर पब्लिसिटी का ऐसा जाल बुना गया कि बिल्डर कंपनियों के बुने जाल में आम आदमी फंसता ही चला गया उन्हें आज तक न आशियाना मिला और न अपनी मेहनत की कमाई। अनेक एसोसिएशनें आज भी कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। खरीदारों को अपने खून-पसीने की कमाई वापस मिलने की कोई उम्मीद भी नहीं है। ट्विन टॉवर गिरने के बाद बिल्डरों की भ्रष्टता पर अब सख्ती से शिकंजा कसा जाना चाहिए। एक लंबी काली रात के बाद उजाला हुआ है। भारत के मानचित्र से एक काला धब्बा मिट गया है। इतना लंबा कानूनी सफर कर यह उजाला हुआ है, लेकिन जहां आज खड़े हैं वहां अनगिनत चुनौतियां हैं। पिछले घावों को भरना है। खुद के घर का स्वाद भी चखना है। इस इन्द्रधनुषी धरती पर कोई शोषण नहीं हो, किसी की गरिमा को चोट नहीं पहुंचे। भ्रष्टता के नाम पर आम आदमी पिसता ही नहीं रहे, बीते को भुलाकर उदाहरणीय भविष्य बनावें। तभी नई व्यवस्था विश्वसनीय बनेगी।

अपनी सब बुराइयों, कमियों को व्यवस्था प्रणाली की बुराइयां, कमजोरियां बताकर पल्ला झाड़ लो और साफ बच निकलो। कुछ मानवीय संस्थाएं इस दिशा में काम कर रही हैं कि प्रणाली शुद्ध हो, पर इनके प्रति लोग शब्दों की हमदर्दी बताते हैं, योगदान का फर्ज कोई नहीं निभाना चाहता। सच तो यह है कि बुराई लोकतांत्रिक व्यवस्था में नहीं, बुरे तो हम हैं। इसलिये बुरे हैं कि हम बुराई को होते हुए देखकर भी मौन रहते हैं। जो इन बुराइयों को लोकतांत्रिक व्यवस्था की कमजोरियां बताते हैं, वे भयंकर भ्रम में हैं। बुराई हमारे चरित्र में है इसलिए व्यवस्था बुरी है। हमारा रूपांतरण होगा तो व्यवस्था का तंत्र सुधरेगा, भ्रष्टता समाप्त होगी। वैसे हर क्षेत्र में लगे लोगों ने ढलान की ओर अपना मुंह कर लिया है चाहे वह क्षेत्र राजनीति का हो, निर्माण का हो, चिकित्सा को हो, सेवा का हो, धर्म का हो, न्याय का हो, पत्रकारिता का हो, प्रशासन का हो, सिनेमा का हो, शिक्षा का हो या व्यापार का हो। राष्ट्रद्रोही स्वभाव एवं भ्रष्टता हमारे लहू में रच चुका है। यही कारण है कि हमें कोई भी कार्य राष्ट्र के विरुद्ध नहीं लगता और न ही ऐसा कोई कार्य हमें विचलित करता है। सत्य और न्याय तो अति सरल होता है। तर्क और कारणों की आवश्यकता तो हमेशा स्वार्थी झूठ को ही पड़ती है।

जहां नैतिकता और निष्पक्षता नहीं, वहां फिर भरोसा नहीं, विश्वास नहीं, न्याय नहीं। यह ट्विन टावर वर्षों से विवादों में था और देश में बिल्डर-नौकरशाही-राजनेताओं की सांठगांठ का प्रतीक बन गया था। ईंट-चूने के गैर-कानूनी भवनों को गिराना तो बहुत सराहनीय है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरुरी है- भ्रष्टता के किलों को गिराना! किसकी हिम्मत है, जो इनको गिराएगा? इस भ्रष्टता की ऊंची मीनार का ध्वस्त होना ईमानदारी के साम्राज्य की शुरुआत है।

## पेगासस पर हवाई हल्ला मचाने वाले विपक्ष को मुद्दे उठाने से पहले तैयारी करनी चाहिए



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

आश्चर्य इस बात पर है कि जो रवैया सरकार का रहा है, वही रवैया उन ज्यादातर लोगों का भी रहा है, जिन 300 लोगों के मोबाइल फोनों की जांच होनी थी। 300 में से सिर्फ 29 लोगों ने जांच के लिए फोन दिए। बाकी लोग चुप्पी मार गए याने जो हल्ला मचा था, वह हवाई था।

इस्राइल से 500 करोड़ रु. में खरीदे गए पेगासस नामक जासूसी यंत्र की जांच में कुछ भी नहीं मिला। भारत सरकार पर यह आरोप था कि इस यंत्र के जरिए वह भारत के लगभग 300 नेताओं, पूंजीपतियों, पत्रकारों और महत्वपूर्ण नागरिकों पर जासूसी करती है। यह खबर जैसे ही 'न्यूयार्क टाइम्स' में छपी भारत में तूफान-सा आ गया। संसद ठप्प हो गई, टीवी चैनल और अखबारों में धमाचौकड़ी मचने लगी और सरकार हतप्रभ हो गई। सरकार की घिग्घी ऐसी बंधी कि इस खबर को उससे न निगलते बन रहा था, न उगलते। न तो वह संसद के सामने बोली और न ही अदालत के सामने। उसने बस, एक ही बात बार-बार दोहराई कि यह भारत की सुरक्षा का मामला है। गोपनीय है। यदि अदालत कहे तो वह जांच बिठा सकती है कि क्या आतंकवादियों, अपराधियों और तस्करों के अलावा भी किंही नागरिकों पर यह निगरानी रखी जाती है?

अदालत ने सरकार को यह मौका देने की बजाय खुद ही इस जासूसी यंत्र पर जांच बिठा दी। जांच समिति में तीन विशेषज्ञ रखे गए और उसकी अध्यक्षता एक सेवा-निवृत्त जज ने की। वह कमेटी तो बड़े योग्य और निष्पक्ष लोगों की थी लेकिन अब उसने अपने लंबी-चौड़ी रपट तीन हिस्सों में पेश की तो देश में फिर हंगामा खड़ा हो गया है, क्योंकि भारत के सर्वोच्च न्यायाधीश एन.वी. रमना ने कहा है कि उस रपट की मुख्य बातों को पढ़ने पर लगता है कि इस जांच में सरकार ने रत्तीभर भी सहयोग नहीं किया है। सरकार का जो रवैया अदालत के सामने था, वही जांच समिति के सामने भी रहा।

आश्चर्य इस बात पर है कि जो रवैया सरकार का रहा है, वही रवैया उन ज्यादातर लोगों का भी रहा है, जिन 300 लोगों के मोबाइल फोनों की जांच होनी थी। 300 में से सिर्फ 29 लोगों ने जांच के लिए फोन दिए। बाकी लोग चुप्पी मार गए याने जो हल्ला मचा था, वह हवाई था। उन 29 फोनों की तकनीकी जांच से विशेषज्ञों को मालूम पड़ा कि उनमें से एक पर भी पेगासस के जासूसी यंत्र की निगरानी नहीं थी। सिर्फ पांच फोनों पर मॉलवेयर पाया गया। याने पेगासस को लेकर खाली-पीली हल्ला मचाया जा रहा है। यदि यह सच है तो सरकार ने इस कमेटी के साथ खुलकर सहयोग क्यों नहीं किया?

इसका मतलब दाल में कुछ काला है लेकिन जिन लोगों को अपनी निगरानी का शक है, उनकी दाल ही काली मालूम पड़ रही है। पहले तो 300 में से सिर्फ 29 लोग ही जांच के लिए आगे आए और उन 29 ने भी कह दिया कि उनके नाम प्रकट नहीं किए जाएं। इसका अर्थ क्या हुआ? क्या यह नहीं कि सरकार से भी ज्यादा हमारे नेता, पूंजीपति, पत्रकार और अन्य लोग डरे हुए हैं। सरकार अपने अवैध कारनामों को छिपाना चाहती है तो ये देश के महत्वपूर्ण लोग अपने काले कारनामों पर पर्दा डाले रखना चाहते हैं।

यदि आप कोई अवैध या अनैतिक काम नहीं कर रहे हैं तो आपको उसे छिपाने की क्या जरूरत है? फिर भी नागरिकों की निजता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए यह जरूरी है कि सरकार द्वारा की जा रही जासूसी निरंकुश न हो। राज्य के उत्तम स्वास्थ्य के लिए जासूसी कड़वी दवाई की तरह है लेकिन इसे रोजमर्रा का भोजन बना लेना उचित नहीं है।




## आत्मप्रशंसा मानवीय अस्तित्व की पसंद होती है - कुछल चाटुकार इसी कमजोरी की सीढ़ी पर चढ़कर वांछित सिद्धि प्राप्त करते रहते है



चापलूसी भी एक कला है जो स्वाभिमानी इंसान कभी नहीं सीख सकता - स्वाभिमानी होना भी एक गुण है जो चापलूस इंसान कभी नहीं हो सकता सराहनीय विचार - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - भारत में हम दैनिक दिनचर्या में राजनीतिक सामाजिक इत्यादि अनेक क्षेत्रों में चापलूस शब्द अक्सर सुनते रहते हैं। अधिकतम बयानबाज़ी में चापलूस शब्द का उल्लेख किया जाता है। अभी एक बहुत बड़े नेता ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए अपने पांच पृष्ठो की चिट्ठी में भी अनेक बार चापलूस शब्द का प्रयोग किया गया है। अक्सर हम देखते हैं कि किसी भी पार्टी या सामाजिक संस्था में से अलग होने वाला नेता समाजसेवी सेवक कार्यकर्ता ऐसा जरूर बयान देता है कि पार्टि, संस्था अब चापलूसों से घिर गई है मेरा उसमें काम करना कठिन हो गया था, या फलाना हमारा लीडर चापलूस लोगों की ही सुनता है!स्वाभिमानी इंसान का वहां मूल्य नहीं!! इसीलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चापलूस और स्वाभिमान इन दो शब्दों पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम चापलूसी की करें तो इसे झूठी प्रशंसा, चाटुकारिता, मक्खनबाजी, खुशामद,बढ़ई दिखावी आवभगत, चने के झाड़ पर चढ़ाना इत्यादि अनेक शब्दों का एक जुमला प्रसंग के रूप में परिभाषित कर सकते हैं। अगर हम किसी व्यक्ति की तारीफ में यही उपरोक्त शब्दों को एकीकृत कर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हैं तो हमें अप्रत्यक्ष रूप से चापलूस बाज कहा जा सकता है। जबकि पूरी पारदर्शिता, सौ बात की एक बात, कड़वी सच्चाई, मुंह पर बोलना, बिना लाग लपेट के बोलना इत्यादि गुणों वाले व्यक्ति को स्वाभिमानी की संज्ञा दी जाती है और यह व्यक्तित्व चाटुकारिता पर सेर पर सवा सेर साबित होता है क्योंकि बड़े बुजुर्गों ने भी कहा है सच्चाई छुप नहीं सकतीबनावट के उसूलों से!! हालांकि कुछ अपवाद छोड़ दें तो वर्तमान परिस्थितियों में खासकर कुछएक खास क्षेत्रों में चापलूसी करना अधिक फायदेमंद होती जा रही है क्योंकि आज पारदर्शी व्यक्तित्व कड़वी सच्चाई आदि गुणों वाले व्यक्तित्व को उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत ने घेर लिया जाता है याने चापलूसी उस पारदर्शी व्यक्तित्व को चापलूस बताने में आगे होते हैं ऐसा मेरा मानना है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में चापलूसी की कला के विस्तार की कड़वी सच्चाई की करें तो कुछ लोगों से मैंने सवाल किया कि, इंसान चापलूस क्यों बनता है? इस सवाल का उत्तर मिला, क्योंकि चापलूस बनना आज के दौर में बहुत आवश्यक है, चाहे हम पसंद करें या न करें, जिंदगी में अगर आगे बढ़ना है तो चापलूसी के हर पाठ का अध्ययन बहुत एकाग्रता से करना होगानेता हो या अभिनेता,श्रोता हो या वक्ता हर किसी को पुचकारा जाना अच्छा लगता है, चापलूस पुचकारने का काम करता है ताकि उस का काम निकल सके।उसका क्या गया अगर उस ने दो शब्द मीठे बोल दिए।

अगर हम खुद सोचें तो क्या हमको कड़वा बोलने या सच बोलने वाले पसंद आते हैं, हम ही तो चापलूसों की जमात में जा कर खड़े होते हैं। नेता हमेशा अपने साथ एक लंबी कतार ले कर चलता है जो 'जय हो' के नारे लगाते हैं।

साथियों बात अगर हम व्यंग्य में चापलूसी कला की करें तो दरअसल, चापलूसी एक बहुत ही महान कला है। हर कोई इस में महारत हासिल नहीं कर सकता।इसमें पारंगत होने के लिए किसी डिगरी की जरूरत नहीं है! !बस, बेशर्मी पर उतर आइए, हर वक्त मुसकराते रहिए और सामने वाले के दुत्कारने के बावजूद ऐसे भोले और मासूम बन जाइए कि उसने जो आप के प्रति धारणा बनाई है, उस पर उसे ही भरोसा न रहे। वाह, क्या ताकत होती है चापलूस के पास, दूसरे का विश्वास ही डगमगा दिया, यह कमाल है तो बस शब्दों का, ऐसेऐसे जुमले फेंकते हैं कि सुनने वाला उन का कायल हो जाता है, आखिर चापलूस उस की तारीफ में कसीदे जो काढ़ रहे होते हैं।

साथियों चापलूस असल में हमारे हितैषी होते हैं, कैसे? अरे वे वही कहते हैं, जो हमारे मन को अच्छा लगता है, यानी वे हमको जब भी मिलते हैं खुश कर देते हैं तो हुए न वे हमारे हितैषी, उन्हें देखकर हम मानें या न मानें एक आंतरिक खुशी जरूर होती है। अपनी तारीफ सुन मनप्राण सब तृप्त हो जाते हैं, ऐसे में सिर्फ उन्हें ही दोष देना गलत है न, आखिर, उन्हें चापलूस बनाने में हमारी भी अधिकतम भूमिका है।

साथियों बात अगर हम चापलूसी और स्वाभिमानी की करें तो, वर्तमान दौर में चाहे वह क्लब हो या दफ्तर हो और तो और घर क्यों न हो सब जगह चाटुकारिता संस्कृति ने अपना शिकंजा कसा हुआ है।लोग इंसानियत भूलकर चाटुकारिता को अपना रहे हैं। वैसे भी देखा जाये तो चापलूसी भी एक प्रकार का कला है जो स्वाभिमानी इंसान कभी भी सीख नहीं सकेगा और न ही सीखने की कोशिश करेगा इसके विपरीत स्वाभिमानी होना बहुत बड़ी कला है जो चापलूस इंसान कभी बन ही नहीं सकता चाहे लाख कोशिश भी कर ले क्योकि उसके रगों में स्वाभिमानी व्यक्ति का खून दौड़ रहा होता है। आज हर क्षेत्र में चापलूसों का बोलबाला है। चाहे वह क्लब हो या अन्य दफ्तर हो या यूनियन हो सभी जगह इनके जैसे लोगों का बोलबाला दिखता है। ये चापलूस ऐसे जीव हैं जो आत्मग्लानि का बोध करा देते हैं, झूठी प्रशंसा का पहाड़ खड़ा कर, फिर उस में मोटेमोटे छेद कर देते हैं, अब झेलते रहें हम मिट्टी को। सत्ता बदलते ही चापलूसों का दल बदल जाता है। यानी जिसकी लाठी उस की भैंस. चापलूस उसी के पीछे जा कर खड़ा होगा जिस की हैसियत होगी।

## कन्यादान नहीं, कन्या-सम्मान

यह कैसा शब्द है कन्यादान,
कौन करता है अपनी जिंदगी को दान, माता- पिता की जान से बढ़कर,
कैसे खुश हो सकते है वह,
अपनी बेटी किसी को दान कर।

बेटी कोई वस्तु या धन नहीं,
उसे दान में देना, क्या है सही?
कहो उसे आज से दो घर है तुम्हारे,
मेरी लाडली बेटी के लिए,
खुले हैं दोनों घर के द्वार सारे।

तुम नहीं अपने ही घर की मेहमान,
तुम तो हो इस घर की शान,
जब मन चाहे आते रहना,
तुम हो मेरी बिटिया रानी,
कभी खुद को पराया ना कहना।

खुशनसीब है हमने तुमको पाया,
इस घर को तुमने महकाया,
जीवन में और रिश्ते बढ़ गए हैं,
ना सोचना तुमने किसी को खोया,
पुराने रिश्तो के साथ जुड़े नए हैं।

हम सब हैं तुम्हारे अपने,
पूरे करना तुम सारे सपने,
दोनों एक दूसरे का सहयोग बनकर,
जिम्मेदारी, प्रेम और सम्मान के साथ जरूर बनना एक बेहतरीन हमसफर।।

5 गौरवशाली भारत | उत्तरप्रदेश | नई दिल्ली मंगलवार 30 अगस्त 2022 | Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### सुलतानपुर : भाई की बेटी और उसकी मां को बुरी तरह पीटा, हालत नाजुक

सुलतानपुर। सुलतानपुर में कोतवाली लंभुआ अंतर्गत ग्राम कुबेरसाह पट्टी में एक व्यक्ति ने अपने ही भाई की बेटी और उसकी मां की पिटाई की गई। दोनों की हालत नाजुक है। जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव कुबेरसाह पट्टी में अमरपाल यादव बाहर रहते हैं, गांव में उनकी पत्नी अपनी बेटियों को लेकर अकेले रहती है। पीड़ित महिला ने बताया कि परिवार के ही सूर्यपाल यादव ,अशोक यादव ने घर की महिलाओं को लेकर बेटी कोमल यादव को मारा जिससे उसको गंभीर चोटें आई, उसको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ ले जाया गया। जहां से उसकी हालत नाजुक देख उसको जिला चिकित्सालय सुल्तानपुर के लिए रेफर कर दिया। कोतवाल लंभुआ अशोक सिंह ने मीडिया को बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विवेचना के बाद और भी धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

### बरेली में अवैध हुक्का बार में छापा

बरेली। उत्तर प्रदेश की बरेली पुलिस ने रविवार रात नशा विरोधी अभियान के तहत अलग अलग स्थानों दो हुक्का बारों पर छापा मारा और लाइसेंस न मिलने पर बार मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस अधीक्षक नगर राहुल भाटी ने सोमवार को बताया कि बीती देर रात में क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय की अगुवाई में थाना बारादरी व थाना प्रेमनगर पुलिस टीम ने शराब, ड्रग्स और हुक्का बार के खिलाफ अभियान चलाया। सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत चल रहे कैफे को चेक किया गया। इसमें थाना बारादरी इलाके में कैफे अपनी टपरी में हुक्का बार चलता पाया गया। उसके पास लाइसेंस नही था। उसके अलावा बार चलाने के मानक भी पूरे नहीं थे। 'अपनी टपरी' कैफे संचालक के विरुद्ध थाना बारादरी में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस व आबकारी संयुक्त टीम द्वारा थाना प्रेमनगर क्षेत्र में कार्रवाई कर रूफ टॉप कैफे एंड रेस्टोरेंट को चेक किया गया। उसमें बिना लाइसेंस ग्राहकों को शराब पिलाई जा रही थी। कैफे संचालक के विरुद्ध थाना प्रेम नगर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### योगी ने दी राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस की प्रदेश वासियों के शुभकामनायें दी हैं। गौरतलब है कि हर साल 29 अगस्त को हॉकी के महान खिलाड़ी और झांसी के निवासी मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में पूरे देश में मनायी जाती है। मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर कहा, समस्त खेल प्रतिभाओं व प्रशिक्षकों और प्रदेश वासियों को 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। हॉकी के जादूगर, मेजर ध्यानचंद की गौरवपूर्ण स्मृति को समर्पित यह दिवस खिलाड़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर योगी ने मेजर ध्यानचंद को भी श्रृद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, हॉकी के जादूगर, 'पद्म भूषण' मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। देश के युवाओं एवं खिलाड़ियों के लिए मेजर ध्यानचंद प्रेरणा व आदर्श हैं।

### मथुरा से चोरी बच्चा फिरोजाबाद में बरामद

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के दक्षिण क्षेत्र में पुलिस ने मथुरा से चोरी किया गया बच्चा रविवार रात यहां एक महिला पार्षद के घर से सकुशल बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि 24 अगस्त को मथुरा रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर नौ से फरह क्षेत्र के गांव परखम निवासी राधा रानी का सात महीने का बेटा उस समय लापता हो गया था जब वह गहरी निद्रा में थी। राधा रानी ने बच्चे के गायब होने की रिपोर्ट राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) में दर्ज कराई थी। पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज कैमरों में एक व्यक्ति को बच्चा उठाकर ले जाते देखा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर व्यक्ति की पहचान कर उससे पूछताछ की गई तो उसने जानकारी दी कि बच्चे को फ़िरोज़ाबाद में बेचा गया है। उन्होने बताया कि जानकारी पक्की होने पर मथुरा जीआरपी और एसओजी टीम ने नगर के थाना दक्षिण क्षेत्र मे वूरा वाली गली में भाजपा पाषर्द के यहां छापा मारा। थाना दक्षिण के निरीक्षक बैजनाथ सिंह ने बताया कि नगर निगम पार्षद विनीता अग्रवाल के घर पर मथुरा से चुराया गया बच्चा बरामद हो गया है। पूछताछ में पार्षद ने बताया कि उन्होंने यह बच्चा एक नर्स के माध्यम से लिया है उनके केवल एक बेटी है कोई बेटा नहीं था इसलिए नर्स द्वारा किसी दंपत्ति को सामने लाकर उनको बच्चा दिया गया था। बच्चे के चोरी के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। मथुरा पुलिस महिला पार्षद और उसके पति कृष्ण मुरारी लाल अग्रवाल पूर्व पार्षद को भी अपने साथ ले गई है।

### कुशीनगर : युवती के सरेआम अपहरण के चार दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में गत 25 अगस्त को सरेआम एक युवती के अपहरण के चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस, अपराधियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। जनपद के जटहां बाजार थाना क्षेत्र के पड़री पिपरपाती चौराहे से गुजर रही युवती का दिनदहाड़े अपहरण हो गया था। वह खेत पर काम कर रहे अपने माता- पिता को भोजन देने जा रही थी। पुलिस का दावा है कि अपराधियों की तलाश जारी है। अपराधियों के परिजनों से पुलिस पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस के हाथ खाली हैं। बीते 25 अगस्त को सुबह 10 बजे बाइक सवार तीन बदमाश युवती का अपहरण करके ले गये थे। युवती ने बदमाशों के चंगुल से खुद को बचाने के लिये संघर्ष भी किया लेकिन कामयाब नहीं हो सकी। घटना की जानकारी मिलते ही अपहृत पुत्री की मां की तहरीर पर पुलिस ने वारदात के अगले दिन एक नामजद और दो अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया।

### नशे का जखीरा बरामद, 13 तस्कर गिरफ्तार

रायबरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ शुरु किये गये राज्यव्यापी अभियान के तहत रायबरेली जिले के ऊंचाहार, खीरो और लालगंज इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी मात्रा में मादक द्रव्य बरामद कर पुलिस ने 13 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाये गये अभियान के दौरान बीती रात अवैध शराब, गांजा व स्मैक की बरामदगी हुयी है। इसमें खीरो इलाके से 340 लीटर अवैध शराब की बरामदगी हुई है। इस दौरान पुलिस ने अवैध रूप से कच्ची शराब बनाने के धंधे में लगे 10 लोगों का पकड़ा है। इनमें कुछ महिलायें भी शामिल हैं। इसी तरह ऊंचाहार इलाके से अवैध गांजे के दो तस्कर विमल कुमार तिवारी और पवन कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 05 किग्रा से अधिक अवैध गांजे की बरामदगी हुई है। गांजे की तस्करी का आरोपी विमल तिवारी जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची शामिल है। उधर लालगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर इलाके से 54 ग्राम स्मैक के साथ गोविंद उर्फ जैकी को गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की कीमत पुलिस के अनुमान के अनुसार करीब चार लाख रुपये होनी चाहिए। बताया गया कि गोविंद उर्फ जैकी भी पुराना हिस्ट्रीशीटर है और जिले के टॉप टेन अपराधियों की सूची में शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### महिलाओं से अपराध पर सीएम योगी सख्त, अधिकारियों को दी यह हिदायत

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक बार फिर महिलाओं से अपराध को लेकर अधिकारियों की नकेल कसी। कहा कि महिलाओं से अपराध पर एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। जांच की प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर न्यायिक प्रक्रिया में भेजें। ऐसे मामलों में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह हिन्दू सेवाश्रम में जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। बस्ती जिले से आई महिला ने अपनी 14 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म और उसे जख्मी करने का मामला उठाया।

# लखनऊ में हादसा : 100 मीटर बोलेरो से घसीटे रहे पति-पत्नी, दोनों की मौत

एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ के गोसाइंगज से तेज रफ्तार आ रही बोलेरो ने उदवतखेड़ा गांव से निकले बाइक सवार दम्पति को रौंद दिया। हादसे दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक सौ मीटर तक दम्पति के शव बोलेरो के साथ घसीटते चले गए। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने मोहनलालगज-गोसाइंगज जेल रोड जाम कर दिया। मौके पर पहुची पुलिस ने ग्रामीणों को शांत कराकर आधे घंटे बाद जाम खुलवाया इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों में झड़प भी हो गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

खुजौली उदवत खेड़ा गांव के रहने वाले बाबूलाल 60 अपनी बीमार पत्नी शांति को सोमवार सुबह 9 बजे मऊ स्थित निजी क्लिनिक पर दवा लेने जा रहे थे। बाबूलाल जैसे अपने गांव से निकलकर गोसाइंगज रोड पर आये वैसे ही गोसाइंगज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दम्पति उसी में फंसकर करीब 100 मीटर तक घसीटते चले गए जिससे दम्पति की मौके पर ही मौत हो गई। खबर पाकर सैकड़ो ग्रामीण मौके पर आकर सड़क जमकर हंगामा करने लगे जिसकी वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई। वही सूचना पाकर पहुचे इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने ग्रामीणों शांत कराया और जाम खुलवाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

#### भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकला बोलेरो चालक

घटना के बाद कुछ ग्रामीणों बोलेरो चालक को पकड़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी पर जब तक पुलिस आती बोलेरो चालक भीड़ का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की रैली का समर्थन करें : श्रीनेत

लखनऊ। केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर महंगाई और बेरोजगारी को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुये कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सुप्रिया श्रीनेत ने उत्तर प्रदेश की जनता से चार सितम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'महंगाई पर हल्ला बोल' रैली में भाग लेने की अपील की है।

श्रीनेत ने सोमवार को यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश में महंगाई और बेरोज़गारी के लिए मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियां जिम्मेदार हैं। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, दही, लस्सी और यहाँ तक की आटे, चावल जैसी आवश्यक वस्तुओं पर ज़्यादा टैक्स लगा कर महंगाई को बढ़ावा दिया गया।

कांग्रेस लगातार महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को उठाती रही है। पिछली पांच अगस्त को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन कर रहे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत 60 से अधिक सांसदों और अन्य वरिष्ठ नेताओं को पुलिस ने सारा दिन अपनी हिरासत में रखा। प्रियंका गांधी वाड्रा के के साथ ज़ोर ज़बरदस्ती की गयी।

उन्होने कहा कि कांग्रेस चार सितंबर को एक बार फिर दिल्ली के रामलीला मैदान में 'महंगाई पर हल्ला बोल' रैली का आयोजन कर रही है जिसमें देश के अलग अलग हिस्सों से भारी तादाद में लोग शामिल होंगे।

## सरकारी काम में लापरवाही बरतने के आरोप में लेखपाल निलंबित

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश में सहारनपुर जिले के देवबंद में बिना अवकाश लिए ड्यूटी से अनुपस्थित रहने और सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में एक लेखपाल को जिला प्रशासन ने निलंबित कर दिया है। देवबंद के एसडीएम दीपक कुमार ने लेखपाल अमृतपाल के विरुद्ध लगे आरोपों की शुरुआती जांच के आधार पर निलंबित कर दिया। कुमार ने सोमवार को बताया कि देवबंद में दुगचाड़ी मलकपुर क्षेत्र के लेखपाल अमृतपाल द्वारा अपनी बीमारी के बारे में भेजा गया प्रार्थना पत्र 21 जुलाई को तहसील कार्यालय में प्राप्त हुआ था, लेकिन प्रार्थना पत्र पर सक्षम अधिकारी के चिकित्सा संबंधी दस्तावेज संलग्न नहीं थे। लेखपाल का मोबाइल भी बंद आ रहा था। उन्होंने बताया कि निरंतर अनुपस्थित रहने के कारण चार अगस्त को लेखपाल अमृतपाल को कारण बताओ नोटिस भेजा गया। क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक द्वारा लेखपाल के विरुद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें बिना अवकाश लिए अनुपस्थित रहने तथा शासकीय कार्य बाधित होने पर निलंबन की कार्रवाई किए जाने की अनुशंसा की गई।

## सिपाही ने युवती के साथ किया रेप, विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की दी धमकी, 11 महीने बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**बाबूपुरवा।** यूपी के कानपुर में सिपाही द्वारा एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती कानपुर के बाबूपुरवा इलाके की रहने वाली है। पीड़िता के मुताबिक एक सिपाही ने होटल ले जाकर उसके साथ रेप किया और विरोध करने पर अश्लील तस्वीर और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने 29 अक्टूबर साल 2021 को बाबूपुरवा थाने में सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।



युवती का आरोप है कि तकरीबन 11 महीने बाद भी अभी तक आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अलावा जब वह इस मामले की जानकारी के लिए थाने पहुंची तो पुलिस ने उसे भगा दिया। वहीं बाबूपुरवा थाने के क्राइम इंचार्ज विजेंद्र सिंह के मुताबिक 17 अगस्त को एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

#### प्यार में फंसाकर दिया किया रेप

युवती ने बताया कि साल 2018 में फैसल नाम के एक लड़के ने प्यार में फंसाया और दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने फैसल समेत चार लोगों पर बाबूपुरवा थाने में एफआईआर दर्ज कराया। जिसके बाद फैसल को जेल भेज दिया गया। हालांकि बाकि आरोपियों पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान पीड़िता की मुलाकात बाबूपुरवा थाने में तैनात सिपाही अमित कुमार से हुई। जहां उसने युवती को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। जिसके बाद सिपाही अमित कुमार ने युवती को होटल बुलाया और नशीला पदार्थ देकर उसे साथ रेप किया।

युवती के मुताबिक सिपाही अमित कुमार वर्तमान में डायल 112 में तैनात है। हालांकि एक बार फिर मामला सामने आने पर पीड़िता को इंसाफ दिलाने की बात कही जा रही है।

## मिर्जापुर में खतरे के निशान से ऊपर बह रही गंगा

**15 गांवों से टूटा संपर्क, बांटे जा रहे हैं फूड किट**

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में गंगा नदी में आयी बाढ़ से आम जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। जिले में बीती रात गंगा नदी का जलस्तर 77.724 मीटर था जो अब बढ़कर 77.98 मीटर हो गई है। गंगा नदी का जलस्तर प्रति घंटे 1 सेमी के हिसाब से बढ़ रहा है।

अधिकृत सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में सदर तहसील के 98 गांव और चुनार तहसील के 85 गांव बाढ़ की चपेट में है। वहीं 15 गांवों का संपर्क टूट गया है। बचाव कार्य के लिए ह्ष्ठक्रस्न के जवानों को लगाया गया है। पुलिस को अलर्ट मोड पर रखा गया है। डीएम ने बचाव और राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

जिले में बीती रात गंगा नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में गंगा नदी 77.724 मीटर पर बह रही है। सदर तहसील के हरसिगपुर मुजेहरा कलां तीलठी सेमरा मल्सलेपुर भोगांव, बल्लीपरवा, मझिगवां, मठिया समेत 98 गांव बाढ़ की चपेट में है। इसी तरह चुनार तहसील के धनैता, समसपुर, पसियाही, गंगापुर, धन्नूपुर, सरैया, शिवपुर कादियां, सहित 85 गांव भी बाढ़ की विभीषिका झेल रहे हैं।

बाढ़ प्रभावित गांवों में बचाव और राहत कार्य के लिए 42 नाव और 9 मोटर बोट लगाया गया है। तहसील कर्मचारियों के साथ खाद्य रसद सहित अन्य विभागों के कर्मचारियों लगाया गया है। वहीं दो दर्जन से अधिक राहत केन्द्र बनाए गए हैं। गांव के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। साथ ही साथ जानवरों को भी पशुओं के लिए बनाए गए बाड़े में रखा जा रहा है।

#### बांटे जा रहे हैं फूड किट

अपर जिलाधिकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पैकेट बांटे जा रहे हैं। अब तक छह हजार परिवारों को खाने पीने का सामान दिया जा चुका है। वहीं डिएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया कि जिले में सौ से अधिक गांवों में केवल फसलों को भारी नुकसान हुआ है। फसलों की क्षति के आंकलन के लिए तहसील के लेखपालों को लगाया गया है।

## जौनपुर में सड़क हादसे में दो मरे, एक घायल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में सिकरारा क्षेत्र के प्रयागराज-जौनपुर हाइवे पर रविवार रात टेकारी मोड़ के पास हुए हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया । पुलिस के अनुसार जिले में सिकरारा थाना क्षेत्र के देहजुरी गांव निवासी प्रियेश उर्फ लाखा (26) दोस्त गुलजरगंज निवासी विनोद जायसवाल (28) और शेरवा गांव निवासी अजीत यादव (27) बाइक से मछलीशहर गए थे। रात में घर लौटते समय टेकारी मोड़ के पास एक ट्रेलर की चपेट में आ गए। इस हादसे में लाखा और विनोद की मौत हो गई, जबकि अजीत की हालत गंभीर देख आसपास के लोगों ने पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## उच्च न्यायालय ने अब्बास अंसारी की अग्रिम ज़मानत याचिका खारिज की

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ विधानसभा सीट से विधायक अब्बास अंसारी की अग्रिम ज़मानत याचिका को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सोमवार को खारिज कर दिया।

न्यायाधीश, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने अवैध हथियार रखने के मामले में लखनऊ पुलिस द्वारा अभियुक्त बनाये गये अब्बास अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा अब्बास पर फर्जीवाड़ा करके हथियार का लाइसेंस हासिल करने और शूटिंग के हथियारों की आड़ में अवैध कारतूस रखने जैसे संगीन आरोपों के मद्देनजर उसकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

अब्बास की तरफ़ से पेश हुए वकील प्रांजल कृष्ण ने दलील दी कि याचिकाकर्ता सूबे की मौजूदा सरकार द्वारा राजनीतिक रूप से निशाना बनाये जा रहे पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का बेटा है, इसलिये उसे पुलिस द्वारा फर्जी आपराधिक मामलों में फंसाया गया है। लिहाजा उसे अदालत द्वारा अग्रिम जमानत दी जानी चाहिये। इस मामले में सरकार की तरफ़ से अतिरिक्त महाधिवक्ता विनोद शाही और सरकारी वकील अनुराग वर्मा ने अदालत में अपना पक्ष रखा।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस द्वारा कुछ गंभीर आरोप लगाये गये हैं।

## सर्वसम्मति से चुनाव जीतकर इतिहास रच सकती थीं मुर्मू : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस का नाम लिये बगैर कहा कि थोड़ा और सही एवं सार्थक प्रयास किया जाता तो अनुसूचित जनजाति से ताल्लुक रखने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सर्वसम्मति से चुनाव जीत कर एक नया इतिहास बना सकती थीं। राष्ट्रपति भवन में द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करने के बाद सुश्री मायावती ने सोमवार को सिलसिलेवार ट्वीट में कहा माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी से राष्ट्रपति भवन में आज काफी अच्छी मुलाकात हुई। अनुसूचित जनजाति समाज से ताल्लुक रखने वाली देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनने पर उनसे मिलकर उन्हें औपचारिक तौर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वे समाज व देश का नाम रौशन करें, यही कामना। उन्होने कहा वैसे तो बीएसपी व अन्य पार्टियों ने भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उन्हें अपना समर्थन दिया और वे भारी मतों से विजयी हुई, किन्तु अगर थोड़ा और सही व सार्थक प्रयास किया गया होता तो वे सर्वसम्मति से यह चुनाव जीत कर एक और नया इतिहास ज़रूर बनातीं। देश को उनसे बहुत सारी आशाएं। गौरतलब है कि हाल ही में संपन्न राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू ने भाजपा के पूर्व नेता एवं विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराया था। सिन्हा को कांग्रेस,सपा समेत कुछ अन्य विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त था जबकि बसपा ने इस चुनाव में आदिवासी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की मुर्मू का समर्थन किया था।

## कुशीनगर में शुरू हुआ असंगठित क्षेत्र के कामगारों का रजिस्ट्रेशन

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर प्रशासन ने असंगठित क्षेत्र और अंतरराज्यीय प्रवासी कामगारों को रोजगार मुहैया कराने के क्रम में इनका कॉमन सर्विस सेंटर पर पंजीकरण शुरू कर दिया है। जिला श्रम अधिकारी मनीष कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि जिले में कॉमन सर्विस सेंटर पर ऐसे कामगारों के लिए तीन दिवसीय विशेष पंजीयन कैंप का आयोजन किया जा रहा है और संबंधित कामगार यहां आकर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस कैंप के दौरान कामगारों को ई -पोर्टल पर पंजीकरण किया जायेगा। जिले में यह कैंप आज से शुरू होकर बुधवार तक चलेगा।

## केशव मौर्य वही बोलते हैं जो दिल्ली से लिख कर दिया जाता है : अखिलेश

औरैया। नोएडा में रविवार को गिराये ट्विन टावर को पिछली समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार का नमूना बताने के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के व्यक्तव्य पर तंज कसते हुये सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि श्री मौर्य वही बोलते हैं जो दिल्ली में बैठे भाजपा के बड़े-बड़े नेता जानबूझ कर उनसे बुलवाते हैं ताकि पिछड़ा वर्ग में झगड़ा बना रहे।

बिधूना कस्बे में सपा नेता देवेश शाक्य के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि ट्विन टावर मामले में हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट की बहस और समय-समय पर



समाचार पत्रों में निकली समीक्षा पढ़ेंगे तो पता चलेगा कि कौन लोग दोषी है। जो दोषी है उनके खिलाफ कार्रवाई हो।

यह पूछे जाने पर कि प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने आरोप लगाया है कि ट्विन टावर सपा सरकार में भ्रष्टाचार का नमूना था, सपा मुखिया ने कहा ये जो डिप्टी सीएम हैं। यह दूसरे के विभाग की एक फाइल नहीं देख पाये होंगे और ये जो बोल रहे हैं वह उनसे भाजपा के बड़े-बड़े नेता जानबूझ कर बुलवाते हैं कि वो पिछड़े है और पिछड़ों में झगड़ा बना रहे। वो (केशव मौर्या) जो बोलते हैं वो लिख कर आता है।

## झांसी के कपड़ा उद्योग को मिलेगा जीवनदान

एजेंसी

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के मऊरानीपुर तहसील में रानीकस्बा, एक समय में जिसके नाम की तूती कपड़े की दुनिया में देश और विदेश में बोला करती थी, आज जबरदस्त बदहाली का शिकार है । इसी बीच जिला प्रशासन के प्रयासों से एक जिला,एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना में झांसी का कपडे को शामिल किये जाने से इस मरणासन्न उद्योग को जैसे संजीवनी मिल गयी है।

झांसी जिले की मऊरानीपुर तहसील का रानीपुर कस्बा वह इलाका है जहां घर घर में हैंडलूम और पावरलूम का काम किया जाता है। यहां आकर लूम मशीनों की आवाजें हर घर से आती सुनायीं देती हैं। बहुत सारे परिवारों की तीन से चार पीढियां आज भी इस काम में लगीं हैं और बहुत से लोग इस काम में 1990 के बाद आयी जबरदस्त गिरावट के कारण काम बंद



कर या तो दूसरे काम धंधों में लग गये या फिर इस क्षेत्र से ही काम की तलाश में पलायन कर गये। इसके बावजूद आज भी लगभग 4000 से अधिक परिवार कपड़ा बनाने के काम मे लगे हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए उद्योग उपायुक्त मनीष चौधरी ने सोमवार को बताया कि झांसी जिले से ओडीओपी योजना में कपड़ा को भी शामिल किये जाने को लेकर अभी सरकार की ओर से नोटीफिकेशन होना बाकी है। इसके लिए सूक्ष्म , लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान का अनुमोदन मिलते ही शासन की ओर से नोटीफिकेशन जारी किया जायेगा। इसके बाद इसे पोर्टल पर एड किया जायेगा और इसके बाद ओडीओपी योजना का लाभ इस क्षेत्र के कपड़ा उद्योग को मिलने की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी।

उन्होंने बताया कि ओडीओपी योजना में आने से मऊ और रानीपुर तथा इसके आस पास के इलाके में फैले कपड़ा उद्योग को काफी फायदा होगा। फिलहाल रेंडरिंग प्लांट न होने से यहां टेरीकॉट का काम तो पूरी तरह से बंद हो चुका है। इस क्षेत्र के वर्तमान बुनकर चादर, तौलिया, गमछा और गलीचा आदि तैयार करते हैं। यह जिस सादे तरीके से यह साजोसामान तैयार करते हैं वह इस क्षेत्र के माल की पहचान भी बन गया है। बाजार क्षेत्र में रानीपुर कपडा अपने निश्चित डिजाइन और क्वालिटी के लिए अलग पहचान रखता है।

ओडीओपी के तहत इस क्षेत्र में रेंडरिंग प्लांट लगाकर टेरीकॉट कपड़े का काम फिर से शुरू करने का भी प्रयास किया जायेगा। इससे पहले इस क्षेत्र का सर्वे कराया जायेगा और उद्योग से जुड़ी समस्याओं और संभावनाओं को रेखांकित किया जायेगा । बुनकरों की परेशानियों और उनकी संभावनाओं के आधार पर कपड़ा उद्योग को फिर से स्थापित करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## बलिया : लाइनमैन ने किया 29 लाख रुपये के गबन, बर्खास्त

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में एक लाइनमैन द्वारा 29 लाख रुपये से अधिक राशि का गबन करने का मामला उजागर होने पर बिजली विभाग ने उसे बर्खास्त कर दिया है।

विभाग द्वारा जारी बर्खास्तगी के आदेश के अनुसार बैरिया स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय से संबद्ध लाइनमैन राम बचन राम को 29 लाख 81 हजार 88 रुपये के गबन का दोषी पाया गया है। विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि अधिशासी अभियंता एके शुक्ला ने विभागीय जांच में गबन का आरोप सही पाये जाने पर राम को बर्खास्त कर दिया।

जांच में पाया गया कि आरोपी ने ऑनलाइन कैश काउंटर के माध्यम से राजस्व संग्रह का कार्य किया था। उसने संग्रहित धनराशि को मिलान कराकर पूरी धनराशि जमा नहीं की थी। रामबचन की ओर से 27 अप्रैल 2018 से 08 जुलाई 2021 तक ऑनलाइन काउंटर के माध्यम से कुल 6 करोड़ 38 लाख 71 हजार 262 रुपये राजस्व के रूप में संग्रह किया था, लेकिन उन्होंने इस धनराशि के सापेक्ष 06 करोड़ 19 लाख 86 हजार 787 रुपये ही जमा किया। शेष 18 लाख 84 हजार 475 रुपये खंडीय कार्यालय में जमा नहीं किया गया। इस धनराशि का दिसंबर 2021 तक का ब्याज 01 लाख 96 हजार 613 रुपये भी राम वचन से वसूलने का आदेश दिया गया है।

इस मामले की प्रारंभिक जांच के बाद तत्कालीन अधिशासी अभियंता एके गौतम ने लाइनमैन रामबचन को 27 जुलाई 2021 को निलंबित कर दिया था।

इसके बाद तत्कालीन अधिशासी अभियंता ने 31 जुलाई 21 को प्रकरण की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की थी।

# शार्ट न्यूज

## मनोज शर्मा ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन में निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में पदभार ग्रहण किया



**नई दिल्ली।** पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड, एक महारत्न सीपीएसई कंपनी और भारत की अग्रणी बिजली क्षेत्र केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय फर्म, ने आज श्री मनोज शर्मा को निदेशक (वाणिज्यिक) के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। मनोज शर्मा कानून में डिग्री (एलएलबी) के साथ एक चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। वह 1990 में पीएफसी में शामिल हुए और निदेशक (वाणिज्यिक), पीएफसी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वाणिज्यिक प्रभाग के कार्यकारी निदेशक (प्रभारी) के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें बिजली क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। पीएफसी में, उन्होंने संस्थागत मूल्यांकन और विकास, इकाई मूल्यांकन, कानूनी और प्रलेखन, कराधान, बजट, लेखा परीक्षा, वित्तीय विवरण तैयार करना, वित्तीय विश्लेषण, संसाधन जुटाना, ऋण सिंडिकेशन और वित्तीय / वाणिज्यिक पहलुओं पर परामर्श कार्य सहित कई क्षेत्रों और डोमेन को संभाला है। बिजली क्षेत्र में। पिछले 3 दशकों के दौरान, वह पीएफसी की ऋण परिसंपत्तियों के पूरे स्पेक्ट्रम से जुड़े रहे हैं, जिसमें उधार नीतियों के निर्माण को शामिल किया गया है, वित्तीय विश्लेषण के लिए एक संरचित प्रारूप के साथ मूल्यांकन का मार्गदर्शन करने के लिए एक नीतिगत ढांचा तैयार करना, लागू नियामक और वैधानिक ढांचे का अनुपालन, निगरानी शर्तों, संवितरण की सुविधा, दबावग्रस्त खातों के लिए समाधान तंत्र, आदि। मनोज शर्मा पीएफसी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड और झारखंड इंफ्रापावर लिमिटेड के अध्यक्ष भी हैं।

## सोना चमका, चांदी उतरी

**मुंबई।** वैश्विक बाजार में पीली धातु में तेजी और सफेद धातु में गिरावट के प्रभाव से घरेलू सर्राफा बाजार में सोना 73 रुपये प्रति दस ग्राम बढ़ वहीं चांदी 321 रुपये प्रति किलोग्राम गिर गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.18 प्रतिशत उठकर 1739.90 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। इसी तरह अमेरिका सोना वायदा 0.17 प्रतिशत बढ़कर 1739.10 डॉलर प्रति औंस हो गया। वहीं, इस दौरान चांदी हाजिर 0.27 प्रतिशत की गिरावट लेकर 18.83 डॉलर प्रति औंस बोली गई। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 73 रुपये की मामूली बढ़त लेकर 51311 रुपये प्रति दस ग्राम और सोना मिनी 38 रुपये बढ़कर 51280 रुपये प्रति दस ग्राम पर रही। वहीं, चांदी 321 रुपये कमजोर होकर 54459 रुपये प्रति किलोग्राम और चांदी मिनी 451 रुपये सस्ती होकर 55965 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

## मूविन विद्यार्थियों के लिए कर रहा फिनमेनिया आयोजित

नयी दिल्ली। पॉकेट मनी ऐप मूविन विद्यार्थियों के लिए भारत का सबसे बड़ा मनी ओलंपियाड फिनमेनिया आयोजित कर रहा है। कंपनी ने आज यहां बताया कि फिनमेनिया का आयोजन मुंबई, दिल्ली एनसीआर, बैंगलोर, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे के 200 से अधिक स्कूलों में किया जाएगा और देश भर के विद्यार्थी इसमें ऑनलाइन हिस्सा ले सकेंगे। ऑनलाइन पात्रता का दौर 29 सितंबर और 1 अक्टूबर के बीच आयोजित होगा। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को ज़ोनल राउंड के लिए चुना जाएगा, जो अक्टूबर 2022 में होने वाले अखिल भारतीय फाइनल में जाएंगे। 100,000 से अधिक छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ, फिनमेनिया विद्यार्थियों के लिए भारत का सबसे बड़ा मनी ओलंपियाड बन जाएगा। 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ, फिनमेनिया विद्यार्थियों के लिए भारत का सबसे बड़ा मनी ओलंपियाड बन जाएगा। भारत के टीनेजर आधुनिक डिजिटल वित्तीय समाधानों के बारे में सीखना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। भारत के टीनेजर्स पर केंद्रित पॉकेट मनी ऐप मूविन और मॉमप्रेस्सो डॉटकॉम द्वारा संकलित उपभोक्ता सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय टीनेजर्स अपनी वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के इच्छुक हैं। अपनी तरह के इस पहले टीनेजर्स पर केंद्रित वित्तीय साक्षरता सर्वे से कुछ बहुत ही रोचक जानकारियों का खुलासा हुआ है, जो भारत में पॉकेट मनी ऐप के उदय से बुनियादी तौर पर जुड़ी हुई हैं। वित्तीय साक्षरता के लिए जेन-ज़ेड की जरूरतों और भुगतान के त्वरित डिजिटलीकरण के बीच पैसे के मामलों से संबंधित मुद्दों पर उनकी समझ को समझने के लिए उपभोक्ता सेंटिमेंट मार्केटिंग की मैपिंग शुरू की गई।

## रिलायंस रिटेल उतरेगी एफएमसीजी में : ईशा

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) इस वर्ष के अंत तक रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं (एफएमसीजी) के कारोबार में उतरेगी। आरआरवीएल की निदेशक ईशा अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की 45 वीं वार्षिक आमसभा को संबोधित करते हुये आज यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस कारोबार का मकसद उत्पादों को विकसित करना और वितरित करना है। इसके तहत किफायती दाम पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की पेशकश कर प्रत्येक भारतीय की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस साल हम अपना एफएमसीजी कारोबार शुरू करेंगे। इसके अलावा रिलायंस रिटेल भारतीय कारीगरों द्वारा बनाए गए सामानों का विपणन भी करेगी। उन्होंने कहा, भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के तहत, हम जल्द ही पूरे भारत में आदिवासियों और अन्य वांचित समुदायों द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले सामानों का विपणन शुरू करेंगे। इस कदम से रोजगार के मौके बढ़ेंगे और साथ ही भारतीय कारीगरों के कौशल एवं ज्ञान को संरक्षित करने में भी मदद मिलेगी।

## ओ2सी पर 75,000 करोड़ का निवेश करेगी रिलायंस : अंबानी

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अपनी पेट्रो रसायन (ओ2सी) क्षमता का विस्तार करने के लिए अगले पांच साल में 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने आज 45वीं वार्षिक आम सभा यह घोषणा करते हुये कहा कि यह निवेश पीटीए संयंत्र स्थापित करने, पॉलिएस्टर क्षमता का विस्तार करने, विनाइल श्रृंखला की क्षमता को तीन गुना करने और संयुक्त अरब अमीरात में एक रासायनिक इकाई स्थापित करने में किया जाएगा। रिलायंस समूह के मुख्यत: तीन व्यवसाय हैं जो तेल शोधन एवं पेट्रो-रसायन, खुदरा कारोबार और डिजिटल कारोबार (दूरसंचार शामिल) हैं। इनमें से खुदरा और डिजिटल कारोबार पूर्ण-स्वामित्व वाली इकाइयों के अधीन हैं वहीं तेल-से-रसायन या ओ2सी कारोबार रिलायंस के तहत आता है। नवीन ऊर्जा कारोबार भी मूल कंपनी का ही हिस्सा है।

## रुपया सात पैसे लुढ़का

मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचे स्तर तक बने रहने के संकेत के बाद दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के बीस वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सात पैसे लुढ़ककर 79.91 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले दिवस रुपया आठ पैसे उछलकर 79.84 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 16 पैसे की बड़ी गिरावट लेकर रिकॉर्ड निचले स्तर 80.10 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लिवाली के दबाव में 80.15 रुपये प्रति डॉलर के न्यूनतम स्तर तक लुढ़क गया। हालांकि बिकवाली के बल पर यह 79.91 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी पहुंचा और अंत में पिछले दिवस के 79.84 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले सात पैसे कमजोर होकर इसी स्तर पर बंद हुआ। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने शुक्रवार को जैक्सन हॉल बैठक के दौरान अपने वक्तव्य में महंगाई को दो प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में लाने के लिए सभी आवश्यक कदम तेजी से उठाए जाने के संकेत देते हुए कहा, ऊंची ब्याज दरें, धीमी विकास दर और श्रम बाजार में नरमी से मुद्रास्फीति में कमी आएगी।

# जियो की 5 जी सेवा दिवाली तक, दो लाख करोड़ का होगा निवेश: अंबानी

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने इस वर्ष दिवाली तक देश के प्रमुख शहरों में 5 जी सेवा शुरू करने की सोमवार को घोषणा करते हुये कहा कि उनके समूह की दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो 5जी नेटवर्क के विकास पर दो लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

अंबानी ने आरआईएल की 45वीं वार्षिक आमसभा में यह घोषणा करते हुये कहा कि कहा कि जियो अगले साल के अंत तक पूरे देश में 5जी सेवाएं देगी। उन्होंने कहा कि समूचे देश में 5जी नेटवर्क बनाने के लिए उनकी कंपनी कुल दो लाख करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विशेष तौर पर फिक्स्ड ब्रॉडबैंड में डिजिटल कनेक्टिविटी बन रहा है। उनकी कंपनी 10 करोड़ घरों को अद्वितीय डिजिटल अनुभवों और स्मार्ट होम सॉल्युशन्स से जोड़ेगी।

आकाश-ईशा-अनंत अंबानी के नेतृत्व में जियो के भारत जैसे बड़े देश के लिए 5जी सेवा शुरू करने के वास्ते सबसे तेज और सबसे महत्वाकांक्षी योजना बनाने की जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि दो महीनों के भीतर दिवाली तक दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता जैसे बड़े शहरों में जियो 5जी की शुरुआत की जायेगी। भारत में 5जी सेवाएं महानगरों में शुरू होने के बाद जियो हर महीने अपनी मौजूदगी बढ़ाती जाएगी।




उन्होंने कहा कि अब से 18 महीने के भीतर वर्ष 2023 के अंत तक देश के हर कस्बे एवं तहसील तक जियो की 5जी सेवाएं शुरू हो जाएंगी। रिलायंस ने हाल में संपन्न नीलामी में 88,078 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम खरीदा है और उसी समय कंपनी ने कहा था कि वह देश में उन्नत 5जी नेटवर्क खड़ा करेगी।

अंबानी ने कहा कि जियो ने देशभर में फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क खड़ा कर लिया है और आज फाइबर-टु-द-होम (एफटीटीएच) का हर तीन में से दो नया उपभोक्ता जियो को ही चुन रहा है। जियो ने अपनी फिक्स्ड लाइन ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू करने के दो साल के भीतर ही भारत संचार निगम लिमिटेड को इस सेवा में अव्वल से हटा दिया था। भारत फिक्स्ड ब्रॉडबैंड अपनाने के मामले में दुनिया में अभी 138वें स्थान पर है। जियो भारत को इस श्रेणी में शीर्ष 10 देशों तक ले जाएगी।

उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में जियो ने भारत के नंबर 1 डिजिटल सेवा प्रदाता के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। आज हमारे 4जी नेटवर्क पर 42 करोड़ 10 लाख मोबाइल ब्रॉडबैंड ग्राहक हैं और वे हर महीने औसतन 20 जीबी डेटा का इस्तेमाल करते हैं। जियो का उच्च-गुणवत्ता, मजबूत और हमेशा उपलब्ध रहने वाला फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क, भारत के डेटा ट्रैफ़िक की रीढ़ है। जियो का अखिल भारतीय फाइबर-ऑप्टिक नेटवर्क 11 लाख किलोमीटर से भी अधिक लंबा है। इससे पृथ्वी के 27 बार चक्कर लगाए जा सकते हैं। जियोफाइबर अब भारत में नंबर 1 एफटीटीएक्स सेवा प्रदाता है, जिसमें 70 लाख से अधिक परिसर जुड़े हुए हैं। यह उपलब्धि कोविड 19 लॉकडाउन के बावजूद दो साल से भी कम समय में हासिल हुई है।

# इग्नू का प्रमुख एमबीए प्रोग्राम एक नए अवतार में आया है

इग्नू की स्थापना 1985 में संसद के एक अधिनियम द्वारा की गई थी। अब, यह नामांकन के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा मेगा ओपन-यूनिवर्सिटी है। विश्वविद्यालय ने हाल ही में NAAC से ए ++ मान्यता प्राप्त की है। इग्नू लोकप्रिय रूप से लोगों के विश्वविद्यालय के रूप में जाना जाता है, जो भारत के साथ-साथ विदेशों में शिक्षार्थियों के दरवाजे पर उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने और उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास करता है। इसके प्रमुख कार्यक्रमों में से एक मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) है, जो लगभग सभी संभावित शिक्षार्थियों और नियोक्ताओं के लिए जाना जाता है। इस प्रमुख कार्यक्रम की पूर्व छात्रों की सूची बहुत मजबूत है, जो विश्वविद्यालय को कार्यक्रम को सावधानीपूर्वक और गुणवत्ता पर जोर देने के लिए बढ़ावा देती है। हाल ही में, एक और ऐतिहासिक विकास में, इग्नू के एमबीए प्रोग्राम को एआईसीटीई मान्यता प्राप्त हुई।

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

पुनर्गठित एमबीए प्रोग्राम का विवरण देते हुए, प्रो नयनतारा पाधी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर (एमबीए), स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, इग्नू ने साझा किया, उद्योग के साथ-साथ रोजगार बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, प्रबंधन संकाय ने एमबीए प्रोग्राम को पूरी तरह से पुनर्गठित किया है। एआईसीटीई मॉडल पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए, प्रमुख प्रबंधन संस्थानों और चिकित्सकों के कुछ शीर्ष शिक्षाविदों की भागीदारी के साथ पुनर्गठन किया गया था।

### एमबीए प्रोग्राम के बारे में कुछ स्नैपशॉट निम्नलिखित हैं

1. इग्नू द्वारा पेश किए जाने वाले एमबीए प्रोग्राम एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त कार्यक्रम हैं। ये पारंपरिक विश्वविद्यालयों और प्रतिष्ठित एमबीए संस्थानों द्वारा पेश किए जाने वाले एमबीए कार्यक्रमों के बराबर हैं।
2. विश्वविद्यालय पांच विशेषज्ञताओं में एमबीए कार्यक्रम प्रदान करता है- मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन, संचालन प्रबंधन, विपणन प्रबंधन और सेवा प्रबंधन। ये प्रोग्राम डिस्टेंस और ऑनलाइन मोड दोनों में पेश किए जाते हैं।
3. इन कार्यक्रमों में प्रवेश काफी आसान है क्योंकि किसी भी प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नहीं है। 50 प्रतिशत अंकों (आरक्षित वर्ग के लिए 45 प्रतिशत) के साथ कोई भी स्नातक (न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि) सीधे कार्यक्रम में शामिल हो सकता है। पूर्व अनुभव की भी कोई आवश्यकता नहीं है।
4. कार्यक्रम की अवधि न्यूनतम 2 वर्ष और अधिकतम 4 वर्ष है। कार्यक्रम सेमेस्टर वार पेश किया जाता है और चार सेमेस्टर में से प्रत्येक में सात पाठ्यक्रम होते हैं। कार्यक्रम के कुल क्रेडिट 116 हैं।
5. कोर्स की फीस बहुत सस्ती है यानी रु 15500 प्रति सेमेस्टर।
6. शिक्षार्थियों को देश भर में फैले अकादमिक परामर्शदाताओं से परामर्श का लाभ मिलता है। वे इलेक्ट्रॉनिक पाठ्यक्रम सामग्री, साथ ही मुद्रित लोगों तक पहुंच सकते हैं। इनके अलावा, वे ज्ञानदर्शन चैनल के माध्यम से इंटरैक्टिव वीडियो व्याख्यान देख सकते हैं और एफएम चैनल (ज्ञान वाणी) के माध्यम से इंटरैक्टिव व्याख्यान सुन सकते हैं।
7. सभी पाठ्यक्रम पूरी तरह से संशोधित किए गए हैं और नवीनतम सिद्धांतों, तथ्यों और आंकड़ों के साथ अद्यतित हैं।
8. कार्यक्रम को इस तरह से संरचित किया गया है कि यह रोजगार पाने के लिए नए स्नातकों के लिए फायदेमंद है, जबकि काम करने वाले पेशेवरों को इसके ज्ञान और आवेदन के संदर्भ में मूल्यवर्धन का लाभ मिलता है। जब जीवन भर सीखने की बात आती है तो यह एक आकर्षक रूप से डिजाइन किया गया कार्यक्रम है।

## अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही और अरहर दाल के भाव भी चढ़ गए।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा 61 रिंगिट गिरकर 4088 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इस दौरान अमेरिकी सोया तेल का सितंबर वायदा भी 1.19 सेंट टूटकर 65.70 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान सरसों तेल 366 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये और वनस्पति तेल 439 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पुराने स्तर पर टिके रहे।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर लगभग स्थिरता रही। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भी टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे

दाल-दलहन : चना 4600-4700, दाल चना 5600-5700, मसूर काली 8300-8400, मूंग दाल 8000-8100, उड़द दाल 9850-9950, अरहर दाल 8900-9000 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2400-2500 रुपये और चावल : 2600-2700 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3530-3660, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3410-3510 और गुड़ 3900-4000 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 17215 रुपये, मूंगफली तेल 19633 रुपये, सूरजमुखी तेल 20000 रुपये, सोया रिफाइंड 15751 रुपये, पाम ऑयल 13773 रुपये और वनस्पति तेल 15091 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं



नयी दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद भी घरेलू स्तर पर सोमार को पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत बने रहे। घरेलू स्तर पर तेल विपणन करने वाली कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर यथावत है। पिछले दो महीने से अधिक समय से तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमश: 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर हैं। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# मेटा, जियो ने व्हाट्सऐप पर जियोमार्ट लॉन्च करने के लिए किया गठबंधन

एजेंसी

मुंबई। मेटा और जियो प्लेटफॉर्म्स ने सोमवार को व्हाट्सऐप पर पहली बार खरीदारी का संपूर्ण अनुभव लॉन्च करने की घोषणा की, जहां उपभोक्ता अपने व्हाट्सएप चैट के भीतर ही जियोमार्ट से खरीदारी कर सकते हैं। दुनिया में पहली बार जियोमार्ट व्हाट्सऐप पर उपलब्ध होगा और भारत के उपयोगकर्ताओं को इस योग्य बनाएगा कि वे जियोमार्ट के संपूर्ण ग्रोसरी कैटलॉग के जरिये पहले तो ब्राउज़ कर सकेंगे, कार्ट में आइटम जोड़ सकेंगे और खरीदारी को पूरा करने के लिए भुगतान भी कर सकेंगे और यह सब व्हाट्सएप चैट को छोड़े बिना संभव होगा। व्हाट्सएप से इस तरह खरीदारी कर सकने वालों में वे लोग भी शामिल होंगे, जिन्होंने पहले कभी ऑनलाइन खरीदारी नहीं की है।

मेटा के संस्थापक एवं सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, हम भारत में जियोमार्ट के साथ अपनी साझेदारी की शुरुआत करके उत्साहित हैं। यह व्हाट्सऐप पर खरीदारी का हमारा पहला संपूर्ण अनुभव है - लोग अब चैट में ही जियोमार्ट से किराने का सामान खरीद सकते हैं। बिजनेस मेसैजिंग का क्षेत्र वास्तविक गति में है और इस तरह के चैट पर आधारित अनुभव आने वाले वर्षों में लोगों और व्यवसायों के बीच संवाद का भरोसेमंद तरीका बनेंगे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा, हमने भारत को दुनिया के प्रमुख डिजिटल समाज के रूप में बढ़ावा देने का सपना देखा है। 2020 में जब जियो प्लेटफॉर्म्स और मेटा ने अपनी भागीदारी की घोषणा की थी, तब मार्क और मैंने ज्यादा से ज्यादा लोगों और व्यवसायों को ऑनलाइन लाने और ऐसे नए-नए समाधान बनाने करने का विचार साझा किया था, जो हर भारतीय के दैनिक जीवन में सुविधा को बढ़ाएं। एक अभिनव ग्राहक अनुभव, जिसे विकसित करने पर हमें गर्व है, इसका एक उदाहरण है व्हाट्सऐप पर जियोमार्ट के साथ खरीदारी का पहला संपूर्ण अनुभव। व्हाट्सऐप पर जियोमार्ट का अनुभव लाखों भारतीयों के लिये ऑनलाइन खरीदारी का एक आसान और सुविधाजनक तरीका देने के लिये हमारी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है।

यह लॉन्च भारत के डिजिटल बदलाव में तेजी लाने और सभी तरह के लोगों और व्यवसायों को नए तरीकों से जुड़ने और देश में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के अवसर प्रदान करने के लिए मेटा और जियो प्लेटफॉर्म्स के बीच एक रणनीतिक साझेदारी का हिस्सा है। व्हाट्सऐप पर जियोमार्ट का अनुभव लोगों के खरीदारी के अनुभव में बेजोड़ सादगी और सुविधा लाते हुए देश भर के लाखों व्यवसायों को अपने उपभोक्ताओं से जोड़ने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

उपभोक्ता व्हाट्सऐप के जियोमार्ट नंबर पर 'हाय' भेजकर व्हाट्सऐप के माध्यम से जियोमार्ट पर खरीदारी शुरू कर सकते हैं।

मेटा ऐसी तकनीक का निर्माण करता है जो लोगों को जुड़ने, समुदायों को खोजने और व्यवसायों को विकसित करने में मदद करती हैं। वर्ष 2004 में जब फेसबुक लॉन्च हुआ, तो इसने लोगों के जुड़ने के तरीके को बदल दिया। मैसेंजर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे ऐप्स ने दुनिया भर में अरबों लोगों को सशक्त बनाया है। अब, मेटा 2डी स्क्रीन से आगे बढ़कर सामाजिक प्रौद्योगिकी में अगले विकास के लिए काम कर रहा है तथा ऑगमेंटेड एवं वर्चुअल रियलटी जैसे इमर्सिव अनुभवों की ओर बढ़ रहा है।

# रिलायंस की ग्रीन एनर्जी और ईवी के लिए कई घोषणायें

मुंबई। देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने पावर इलेक्ट्रानिक्स के लिए नयी गीगा फैक्ट्री लगाने की आज घोषणा करते हुये कहा कि उनकी कंपनी का लक्ष्य 2023 तक बैटरी पैक का उत्पादन शुरू करना और 2024 तक पैक निर्माण सुविधा को 5 जीडब्ल्यूएच और 2027 तक 50 जीडब्ल्यूएच वार्षिक क्षमता तक बढ़ाना है।

अंबानी ने आज यहां कपनी की 45वीं वार्षिक आम सभा को संबोधित करते हुये कहा पिछले साल मैंने चार गीगा फैक्ट्री स्थापित करने के लिए जामनगर में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स की स्थापना की घोषणा की थी। आज मैं पावर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए हमारी नई गीगा फैक्ट्री की घोषणा करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि सोलर पीवी निर्माण के लिए आरईसी सोलर का अधिग्रहण किया गया है। आरईसी तकनीक पर आधारित जामनगर में 10 गीगावॉट सोलर पीवी सेल और मॉड्यूल फैक्ट्री 2024 तक उत्पादन शुरू कर देगी और 2026 तक इसकी क्षमता 20 गीगावॉट तक पहुंच जाएगी। उन्होंने बैटरियों को ग्रीन मोबिलिटी और स्टेशनरी एप्लीकेशन्स के लिए महत्वपूर्ण बताते हुये कहा कि लिथियम वर्क्स, फैराडियन और अंबरी के साथ रणनीतिक साझेदारी की गयी है। उनकी कंपनी का लक्ष्य 2023 तक बैटरी पैक का उत्पादन शुरू करना और 2024 तक




पैक निर्माण सुविधा को 5 जीडब्ल्यूएच और 2027 तक 50 जीडब्ल्यूएच वार्षिक क्षमता तक बढ़ाना है।

उन्होंने कहा हम वैश्विक स्तर पर ग्रे हाइड्रोजन के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक हैं। हमने लागत में कमी और उनकी प्रेशराइज्ड अल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइजर तकनीक के व्यावसायीकरण में तेजी लाने के लिए स्टिस्डाल के साथ साझेदारी की है। उन्होंने कहा कि रिलायंस सक्रिय रूप से जैव-ऊर्जा पर काम कर रहा है। रिलायंस ने 15 अगस्त, 2022 को जामनगर में अपने बायो-एनर्जी टेक्नोलॉजी (बीईटी) केंद्र के पहले चरण का उद्घाटन किया है।

उन्होंने कहा रिलायंस एकीकृत न्यू एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम की स्थापना की दिशा में 75,000 करोड़ रुपये के निवेश को प्रतिबद्ध है। एक बार यह हो जाने पर, हम अपने विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए निवेश को दोगुना करने के लिए तैयार हैं। हमारा नया ऊर्जा व्यवसाय भारत को हरित ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बनने में मदद करेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि रिलायंस भारत को नई ऊर्जा निर्माण में विश्व में अग्रणी और चीन का एक विश्वसनीय विकल्प बनाना चाहता है।

अंबानी ने कहा कि हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। लेकिन हम इस व्यवसाय को पूरी ईमानदारी, समर्पण, प्रतिबद्धता और फोकस के साथ कर रहे हैं। आज, रिलायंस दुनिया के सबसे बड़े और सबसे मूल्यवान व्यावसायिक उद्यमों में से एक के रूप में विकसित हो गया है। राष्ट्रीय संस्थान के रूप में यह भारत की शान को बढ़ा रहा है। पिछले 45 वर्षों में रिलायंस की हर एक आमसभा में भाग लेना उनका व्यक्तिगत सौभाग्य रहा है। यह वर्ष रिलायंस के साथ उनके जुड़ाव का एक सुखद पड़ाव है।

उन्होंने कहा मैंने आपकी कंपनी को, इसके अध्यक्ष के रूप में सेवा देने के दो दशक पूरे कर लिए हैं। हमने रिलायंस की अनूठी संस्थागत संस्कृति का पोषण किया है, जिसके कारण रिलायंस का हर व्यवसाय अब तक बेहद सफल रहा है। सतत विकास हासिल करने के लिए इस संस्थागत संस्कृति को बनाए रखना हमारी मौजूदा और भविष्य की नेतृत्व टीमों के सामने सबसे कठिन काम है। न्यू इंडिया को रिलायंस से और अधिक उम्मीदें होंगी। रिलायंस को भारत की समृद्धि और सभी भारतीयों की भलाई में अपने योगदान को तेजी से और व्यापक रूप से बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने कहा हमारी अगली पीढ़ी का नेतृत्व पूरे विश्वास के साथ सभी व्यवसायों की बागडोर संभाल रहा है। आकाश और ईशा ने क्रमश- जियो और रिटेल में नेतृत्व की भूमिका निभाई है। अनंत भी बड़े जोश के साथ हमारे न्यू एनर्जी बिजनेस से जुड़े हैं। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि संस्था के हित किसी व्यक्ति या परिवार के हितों से ऊपर हैं।

इसे ध्यान में रखते हुए, हम कल की रिलायंस के लिए एक मजबूत आर्किटेक्चर तैयार करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह एक एकजुट, एकीकृत और सुरक्षित संस्था बनी रहे। मैं आपकी कंपनी को पहले की तरह नेतृत्व प्रदान करना जारी रखूंगा। मेरे मौजूदा लीडर्स और मैं, हमारे निदेशक मंडल के साथ, रिलायंस को और अधिक मजबूत, अधिक लचीला, अधिक उद्देश्य-संचालित बनाने के लिए खुद को समर्पित करेंगे ताकि, निकट अवधि में रिलायंस 2027 में अपने स्वर्णिम दशक के अंत तक अपने मूल्य को दोगुना से अधिक कर सके और उसके बाद और अधिक तेजी से विकास करना जारी रख सके।

## फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के संकेत से डेढ़ फीसदी टूटे सेंसेक्स-निफ्टी



**मुंबई।** अमेरिका में आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए फेड रिजर्व के ब्याज दरों में बढ़ोतरी के संकेत से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज सेंसेक्स और निफ्टी लगभग डेढ़ प्रतिशत तक लुढ़क गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 861.25 अंक का गोता लगाकर एक माह के निचले स्तर 58 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 57972.62 अंक पर आ गया। इससे पूर्व 29 जुलाई को यह 57570.25 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 246 अंक लुढ़ककर 17312.90 अंक पर आ गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली हुई। मिडकैप 0.80 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,917.29 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत गिरकर 28,254.99 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3703 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2045 में बिकवाली जबकि 1454 में लिवाली हुई वहीं 204 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 38 कंपनियां लाल जबकि शेष 12 हरे निशान पर रही। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने शुक्रवार को जैक्सन हॉल बैठक के दौरान अपने वक्तव्य में महंगाई को दो प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में लाने के लिए सभी आवश्यक कदम तेजी से उठाए जाने के संकेत देते हुए कहा, ऊंची ब्याज दरें, धीमी विकास दर और श्रम बाजार में नरमी से मुद्रास्फीति में कमी आएगी। हम इसे तब तक जारी रखेंगे जब तक हमें विश्वास नहीं हो जाता कि काम पूरा हो गया है। इस पर वैश्विक बाजार की प्रतिक्रिया नकारात्मक रही, जिससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.70, जर्मनी का डैक्स 1.43, जापान का निक्केई 2.66 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.73 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.14 प्रतिशत की मामूली बढ़त पर रहा। इसका असर घरेलू शेयर बाजार पर दिखा और बीएसई के 19 में से 16 समूहों में जमकर बिकवाली हुई। इस दौरान आईटी 3.34 , टेक 3.14, बैंकिंग 1.87, धातु 1.69 , वित्त 1.57, रियल्टी 1.30 , बेसिक मैटेरियल्स 0.87, सीडीजीएस 0.54, इंडस्ट्रियल्स 0.63, दूरसंचार 0.63, कैपिटल गुड्स 0.65 और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समूह के शेयर 0.67 प्रतिशत गिर गए।

## शार्ट न्यूज

### सुदीरमन कप से शुरू होंगी पेरिस ओलंपिक 2024 क्वालीफिकेशन

कुआलालम्पुर। विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) ने साल 2023 और 2024 के लिये बैडमिंटन कैलेंडर की सोमवार को घोषणा की, जिसके अनुसार पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफिकेशन सुदीरमन कप 2023 से शुरू होकर कॉन्टिनेन्टल चैंपियनशिप 2024 तक जारी रहेगी। बीडब्ल्यूएफ ने बताया कि सत्र की शुरुआत नये सुपर 1000 मलेशिया ओपन और 750 इंडिया ओपन से होगी, जो अगले दो सालों के लिये नियुक्त सीजन ओपनर हैं। खेल के विश्व शासी निकाय ने कहा कि 31-आयोजनों के नये वर्ल्ड टूर कैलेंडर में पहले से अधिक सुपर 1000, सुपर 750 और सुपर 500 टूर्नामेंट खेले जाएंगे। 2023 के सभी कार्यक्रम चीन में सुदीरमन कप फ़ाइनल और डेनमार्क में विश्व चैंपियनशिप के इर्द-गिर्द घूमेंगे, जबकि खिलाड़ी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफिकेशन को प्राथमिकता देंगे। पेरिस ओलंपिक क्वालिफिकेशन एक मई 2023 को शुरू होगा। सुदीरमन कप फाइनल 2023 उस अवधि के भीतर पहला योग्य रैंकिंग टूर्नामेंट है। क्वालीफिकेशन प्रक्रिया 28 अप्रैल, 2024 तक चलेगी और 30 अप्रैल 2024 को पेरिस रैंकिंग सूची के आधार पर खिलाड़ी ओलंपिक में जगह बनायेंगे।

### पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले हुए सम्मानित

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून में सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हर्षल फाउंडेशन ने राष्ट्रीय पेरा बैडमिंटन चैंपियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर ने पैरा बैडमिंटन खिलाड़ियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर हर्षल फाउंडेशन की अध्यक्ष रमा गोयल ने अपने आगामी दिव्यांग शिविर की जानकारी देते हुए सभी को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर, पेरा स्पोर्ट्स के अध्यक्ष प्रेम कुमार, उनकी पत्नी, प्रिया गुलाटी, आशिमा रतूड़ी, प्रवीण भारती, कुसुम भारती, बबीता गुप्ता आदि सदस्य उपस्टिथ रहे।

### धरमवीर को हराकर अज़हर बने डब्ल्यूबीसी भारत चैंपियन

गुरुग्राम। दिल्ली के मुक्केबाज़ मोहम्मद अज़हर बड़े उलटफेर में धरमवीर सिंह को हराकर सुपर फेदरवेट श्रेणी के डब्ल्यूबीसी इंडिया चैंपियन बन गये हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त अज़हर ने रविवार को आठ राउंड के बाउट में तीसरी वरीयता प्राप्त धरमवीर को सर्वसम्मत निर्णय से मात देकर विश्व मुक्केबाज़ी परिषद (डब्ल्यूबीसी) का भारतीय खिताब जीता। धरमवीर ने 32 मिनट चले मुकाबले में पहला राउंड अपने नाम किया था, लेकिन इसके बाद अज़हर ने एकतरफा रूप से सभी सात मुकाबले जीतकर बाउट जीता। अज़हर अब तक अपने आधिकारिक करियर में चार नॉकआउट सहित पांच मैच जीत चुके हैं, जबकि पांच में उन्हें हार मिली है। उन्होंने जीत के बाद कहा, मैं मुकाबले में सहज था और बस वही कर रहा था जो मैं सर्वश्रेष्ठ कर सकता हूं। योजना यह थी कि मैं मुक्के मारूं और उनके मुक्कों से बचूं। वह अपने सबसे अच्छे प्रयासों से भी मुझे नहीं मार सके। अज़हर ने कहा, मेरे परिवार को लगता है कि मैं मुक्केबाजी में अपना समय व्यर्थ कर रहा हूं, लेकिन मैं उन्हें गलत साबित करना चाहता हूं और अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता हूं। मुझे पता है कि आज के बाद से मेरे लिये बहुत कुछ बदलने वाला है। दूसरी ओर, धरमवीर ने कहा, मुझे लगा कि मुकाबला बहुत करीबी था। मुझे कुछ बदलाव करने होंगे और भविष्य में फिर कभी उनका सामना करूंगा। आज उन्होंने (रेफरी ने) फैसला अज़हर के पक्ष में दिया लेकिन मुझे उम्मीद है कि जब हम दोबारा आमने-सामने होंगे तो ऐसा नहीं होगा।

### श्रीलंका क्रिकेट ने 553 रन बनाने वाले युवा को किया सम्मानित

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने अंडर-15 स्कूल मैच में 553 रन की पारी खेलने वाले डनिडू सेलापेरुमा को क्रिकेट किट देकर सम्मानित किया। एसएलसी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अनुराधापुर के सेंट जोसेफ स्कूल में पढ़ने वाले डनिडू ने हाल ही में एसएलसी द्वारा आयोजित अंडर-15 स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 553 रन की असाधारण पारी खेली थी। खिलाड़ी को उनके स्कूल टीम के कप्तान पामुला लोकुलियाना और स्कूल कोच अथुला रोहाना की उपस्थिति में 'क्रिकेट किट' सौंपी गयी। इस किट में डनिडू को तीन बल्लों और दो हेलमेट सहित बल्लेबाजी ग्लव और पैड भी दिये गये। श्रीलंका क्रिकेट ने इस साल के बीच में डनिडू की टीम, सेंट जोसेफ कॉलेज को भी क्रिकेट किट मुहैया करवाई थी।

### मनप्रीत, सविता ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर दी बधाई

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता ने सोमवार को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की जयंती पर उन्हें याद किया और देश को राष्ट्रीय खेल दिवस की बधाई दी। मनप्रीत ने देश को खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, राष्ट्रीय खेल दिवस खुद को स्वस्थ जीवन जीने के महत्व को याद दिलाने का एक शानदार अवसर है। विश्व स्तर पर विभिन्न विषयों में हासिल होने वाली उपलब्धियां बच्चों को सक्रिय जीवन शैली अपनाने और प्रतिस्पर्धी खेलों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा, हमें देश में एक अच्छी खेल संस्कृति का पोषण करना चाहिए। मुझे लगता है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स जैसे नियमित आयोजनों के साथ हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाले भारतीय पुरुष अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 के आगामी सत्र की तैयारी शुरू करेंगे, जिसमें भारत इस साल अक्टूबर और नवंबर में अपने घरेलू मैचों का पहला चरण खेलेगा। मनप्रीत ने टीम के अगले लक्ष्य के बारे में कहा, हम सीडब्ल्यूजी में अपने प्रदर्शन का विस्तार से विश्लेषण करेंगे। प्रतियोगिता में कुछ अच्छे निष्कर्ष निकले। दबाव में प्रदर्शन करने के लिए हमें और भी बहुत कुछ करने की आवश्यकता है और अपने अगले अभियान के लिए तैयारी करते हुए हम इन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया में महिला कामगारों का होगा 'सांस्कृतिक बदलाव'

कैनबरा। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कार्यस्थल पर महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए 'सांस्कृतिक बदलाव' का वादा किया है। मई के चुनाव में लेबर के सत्ता में आने के 100 दिन बाद सोमवार को एक भाषण में श्री अल्बनीज ने 'सुधार और नवीनीकरण' एजेंडे में बदलाव को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने नेशनल प्रेस क्लब (एनपीसी) से कहा, भविष्य के लिए योजना बनाना, लंबी अवधि के लिए निर्माण करना और उन सुधारों को लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है जो लोगों को उनकी क्षमता को पूरा करने का हर मौका देते हैं। श्री अल्बनीस ने घोषणा की कि उन्होंने लेबर पार्टी को चुनावी जीत के लिए नेतृत्व करने के बाद से कार्यालय में एक दिन बर्बाद नहीं किया है बल्कि ऑस्ट्रेलिया के उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य को बढ़ाने और कम वेतन वाले श्रमिकों के लिए मजदूरी बढ़ाने के लिए कार्रवाई की है। उन्होंने स्थानीय निर्माण उद्योग को पुनर्जीवित करने, स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा, सस्ती चाइल्डकेयर, बेहतर कौशल और प्रशिक्षण सहित अगली प्राथमिकताओं के रूप में लेबर के चुनावी वादों की सूची की पहचान की। गुरुवार से शुरू होने वाले सरकार के दो दिवसीय जॉब समिट से पहले श्री अल्बानीज़ ने कहा, 30 वर्षों के बाद भी लिंग अंतर शायद ही कम हुआ है। वह महिलाओं के लिए आर्थिक समानता में गंभीर सुधार की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह विधायी परिवर्तन से अधिक लेने जा रहा है, हमें एक संस्कृति परिवर्तन की भी आवश्यकता है।

# आखिरी ओवर में 15 रन भी चाहिये होते तो मैं कर सकता था : पांड्या

एजेंसी




दुबई। भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज़ और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एशिया कप 2022 में रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाने के बाद कहा कि अगर टीम को अंतिम ओवर में 15 रन भी चाहिये होते तो वह सफलतापूर्वक लक्ष्य तक पहुंच सकते थे।

गेंद से तीन विकेट झटकने के बाद 33(17) रन की पारी खेलकर मैन ऑफ द मैच चुने गये पांड्या ने कहा, गेंदबाजी में ज़रूरी है कि आप स्थिति का आंकलन करें और अपने मज़बूत पहलुओं का इस्तेमाल करें। छोटी गेंद और अच्छी लेंथ की गेंद मेरी मज़बूती रहे हैं। आपको इन्हें ठीक तरह से प्रयोग करते हुए बल्लेबाज़ से गलती करवानी होती है।

उन्होंने कहा, इस तरह की चेज़ में आप हमेशा ओवर-दर-ओवर योजना बनाते हैं। मुझे पता था कि अभी एक युवा गेंदबाज और एक बाएं हाथ का स्पिनर बाकी है। हमें आखिरी ओवर में सिर्फ सात रन चाहिये थे लेकिन अगर 15 रन भी चाहिये होते तो मेरे अनुसार मैं सफलतापूर्वक लक्ष्य को हासिल कर सकता था।

पाकिस्तान ने भारत को 20 ओवर में 148 रन का लक्ष्य दिया था जिसे रोहित शर्मा की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर हासिल किया।

पांड्या जब क्रीज़ पर आये थे तब भारत 14.2 ओवर में 89 रन पर चार विकेट गंवा चुका था, लेकिन पांड्या ने 194.12 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 19.4 ओवर में ही टीम को जीत दिलायी।

### रिहैब के लिये लंदन पहुंचे शाहीन

दुबई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को बताया कि घुटने की चोट से जूझ रहे युवा तेज़ गेंदबाज़ शाहीन शाह अफ़रीदी अपना रिहैब पूरा करने के लिये लंदन रवाना हो गये हैं। पीसीबी के मुख्य चिकित्सीय अधिकारी डॉ नजीबुल्लाह सूमरो ने कहा, शाहीन शाह अफ़रीदी को घुटना उपचार विशेषज्ञ की चिकित्सा की आवश्यकता है और लंदन में दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ खेल चिकित्सीय एवं रिहैब सुविधाएं उपलब्ध हैं। हमने शाहीन के हित में उन्हें वहां भेजने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, शाहीन के लंदन में रहने के दौरान चिकित्सीय विभाग रोज़ उनकी प्रगति की खबर लेगा, और हमें विश्वासहै। शाहीन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप से पहले पूर्णतः स्वस्थ हो जाएंगे। पीसीबी ने कहा कि शाहीन लंदन में पीसीबी चिकित्सीय सलाहकार समिति की निगरानी में रहेंगे, जिसमें लंदन के रहने वाले डॉ इम्तियाज़ अहमद और डॉ ज़फ़र इक़बाल शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि शाहीन जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में फील्डिंग करते हुए चोटग्रस्त हो गये थे। शाहीन चोट के कारण एशिया कप 2022 में हिस्सा नहीं ले सके, जहां पाकिस्तान को पहले मैच में भारत के हाथों पांच विकेट से पराजय मिली।

## विनेश, सरिता, सोनम ने विश्व चैंपियनशिप में जगह बनायी

एजेंसी

लखनऊ। तीन बार की राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड मेडलिस्ट विनेश फोगाट ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के महिला ट्रायल में सोमवार को विश्व अंडर-20 चैंपियन अंतिम पंघाल को मात दी।

विनेश ने युवा पहलवान अंतिम को 53 किग्रा भार वर्ग मुकाबले में 7-0 से हराकर विश्व चैंपियनशिप के लिये क्वालीफाई किया।

राष्ट्रमंडल खेलों के महिला दल से विनेश एकलौती पहलवान थीं जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप में जगह बनायी, जबकि दिव्या काकरान, अंशू मलिक, साक्षी मलिक, पूजा सिहाग और पूजा गहलोत ने विभिन्न कारणों से ट्रायल में हिस्सा नहीं लिया।

विश्व की नंबर एक पहलवान सरिता मोर ने पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के प्रयास में 59 किग्रा से 57 किग्रा में प्रवेश किया और ट्रायल मैच में ललिता को 4-0 से मात दी।

मानसी अहलावत ने विश्व की कांस्य पदक विजेता पूजा ढांडा को 2-0 से हराकर 59 किग्रा वर्ग में जगह बनाई।

अंडर-20 विश्व में रजत पदक जीतने वाली ओलंपियन सोनम मलिक ने 62 किग्रा वर्ग में मनीषा को 2-1 से हराया।

एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सुषमा शौकीन ने पिंकी को हराकर 55 किग्रा में जगह हासिल की। दोनों पहलवानों ने 3-3 से बराबरी हासिल की थी, लेकिन सुषमा को बाउट का आखिरी अंक जीतने का मौका मिला।

विश्व चैंपियनशिप में भारत की स्क्वाड ~ अंकुश (50 किग्रा), विनेश फोगट (53 किग्रा), सुषमा शौकीन (55 किग्रा), सरिता मोर (57 किग्रा), मानसी अहलावत (59 किग्रा), सोनम मलिक (62 किग्रा), शेफाली (65 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा), रीतिका ( 72 किग्रा) और प्रियंका (76 किग्रा)।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 10-18 सितंबर के दौरान सर्बिया के बेलग्रेड में आयोजित होगी।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर शुरू हुई मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना

एजेंसी

देहरादून। राष्ट्रीय खेल दिवस पर सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' का शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश के खिलाड़ियों के उन्नयन हेतु कई घोषणाएं भी की।

धामी ने कहा कि खेल विभाग के अन्तर्गत, खेल प्रशिक्षकों की कमी को देखते हुए प्रत्येक जनपद के लिए आठ-आठ विभागीय खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी।

खिलाड़ियों को त्वरित नियमानुसार वित्तीय लाभ दिये जाने हेतु मुख्यमंत्री खेल विकास निधि की स्थापना की जायेगी। साथ ही, खेल विभाग, उत्तराखंड के कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षकों को भारतीय खेल प्राधिकरण के कॉन्ट्रैक्ट प्रशिक्षकों को देय मानदेय के अनुसार मानदेय में वृद्धि की जायेगी। मलखंब खेल को भी खेल नीति में शामिल किया जायेगा। पूर्व की भांति राज्याधीन सेवाओं में कुशल खिलाड़ियों को चार प्रतिशत आरक्षण पुनः लागू किये जाने का प्रयास किया जायेगा।



इससे पूर्व, कार्यक्रम का मुख्यमंत्री श्री धामी और खेल मंत्री रेखा आर्या ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री श्री धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज मेजर ध्यानचंद जी का जन्मदिन है और आज के दिन हम प्रदेश में 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' प्रारंभ कर रहे हैं। इसके लिये आज से बेहतर दिन हो ही नहीं सकता था। मेजर ध्यानचंद जी ने खेल की दुनिया में भारत को एक पहचान दिलाई थी, वो भी उस समय जब भारत में स्पोर्ट्स का इंफ्रास्ट्रक्चर इतना नहीं था, खिलाड़ियों को सुविधाएं नाम मात्र की थीं।

धामी ने कहा कि हमने कुछ समय पहले राज्य के प्रतिभाशाली उभरते खिलाड़ियों के लिए खेल छात्रवृत्ति देने का निर्णय लिया था, हमें खुशी है कि योजना को शुरू कर दिया गया है। हमारी सरकार जो कहती है, वो करती भी है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना में आठ से 14 वर्ष के उभरते खिलाड़ियों को 1500 रूपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जायेगी। हर कुल 3900 उभरते खिलाड़ियों जिसमें से 1950 बालकों एवं 1950 बालिकाओं को खेल छात्रवृत्ति दी जाएगी। राज्य में खेलों को बढावा देने के लिए हम हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खेल के क्षेत्र में हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो, इसके लिए राज्य की नई खेल नीति में हर प्रकार की सुविधाएं दी गई हैं। राज्य की प्रतिभाएं आगे बढ़े, इसके लिए खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को 1500 रुपये प्रतिमाह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है, जिससे वह अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण कर सकते हैं।


आर्या ने कहा कि राज्य के अंतर्गत, कई राष्ट्रीय एवं राजकीय स्तर के स्टेडियमों का निर्माण किया जा रहा है, जो उत्तराखंड राज्य के साथ ही यहां के खिलाड़ियों को नई पहचान देगा। उन्होंने आने वाले समय में खेल महाकुंभ का आयोजन किए जाने की भी बात कही।

इस अवसर पर विधायक धर्मपुर विनोद चमोली, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, विशेष प्रमुख सचिव, खेल अभिनव कुमार, निदेशक खेल गिरधारी सिंह रावत, संयुक्त निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र भट्ट आदि गणमान्य उपस्थित थे।

# बाढ़ से घुटनों पर आया पाकिस्तान, भारत से व्यापार शुरू करने को हुआ मजबूर

**इस्लामाबाद।** भुखमरी की कगार पर खड़े पड़ोसी देश पाकिस्तान ने आखिरकार भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने का फैसला लिया है। पाकिस्तान इस समय भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। करोड़ों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। महंगाई आसमान छू रही है। दरअसल पाकिस्तान के लाहौर और पंजाब प्रांत के अन्य हिस्सों में विनाशकारी बाढ़ के कारण विभिन्न सब्जियों और फलों की कीमतों में भारी उछाल आई है। इसको देखते हुए पाकिस्तान सरकार भारत से टमाटर और प्याज का आयात करेगी।

पाकिस्तान मीडिया ने सोमवार को वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल के हवाले से कहा कि पाक फिर से भारत के साथ व्यापार शुरू करेगा। रिपोर्ट में कहा गया



है कि पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार (खुला व्यापार मार्ग) फिर से शुरू करेगा। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल ने घोषणा करते हुए कहा, हम इस बाढ़ और खाद्य कीमतों में वृद्धि के कारण भारत के साथ व्यापार मार्ग खोलेंगे।

लाहौर बाजार के एक थोक व्यापारी जवाद रिजवी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ''रविवार को लाहौर के बाजारों में टमाटर और प्याज की कीमत क्रमश~ 500 रुपये और 400 रुपये किलो रहा। हालांकि, रविवार के बाजारों में टमाटर और प्याज समेत अन्य सब्जियां नियमित बाजारों की तुलना में 100 रुपये प्रति किलोग्राम कम कीमत पर उपलब्ध थीं।''

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खाद्य पदार्थों की कीमतें और बढ़ेंगी क्योंकि बाढ़ के कारण बलूचिस्तान, सिंध और दक्षिण पंजाब से सब्जियों की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। रिजवी ने कहा, ''आगामी दिनों में प्याज और टमाटर की कीमत 700 रुपये प्रति किलो के पार हो सकती है। इसी तरह आलू की कीमत 40 रुपये किलो से बढ़कर 120 किलो हो गई है।''

पता चला है कि सरकार वाघा सीमा के जरिए भारत से प्याज और टमाटर आयात करने के विकल्प पर विचार कर रही है। वर्तमान में लाहौर और पंजाब के अन्य शहरों में तोरखम सीमा के जरिए अफगानिस्तान से टमाटर और प्याज की आपूर्ति हो रही है। लाहौर मार्केट कमेटी के सचिव शहजाद चीमा ने कहा कि बाढ़ के कारण शिमला मिर्च जैसी सब्जियों की भी बाजार में कमी हो गई है। चीमा ने कहा कि सरकार भारत से प्याज और टमाटर का आयात कर सकती है। उन्होंने कहा कि ताफ्तान सीमा (बलूचिस्तान) के जरिए ईरान से सब्जियों का आयात करना उतना सुगम नहीं है क्योंकि ईरान सरकार ने आयात और निर्यात पर कर बढ़ा दिया है।

### यूरोपीय संघ देशों में आगामी वर्षों में भयावह सर्दी पड़ने की चेतावनी : स्ट्रेटन

ब्रुसेल्स। बेल्जियम के ऊर्जा मंत्री टिन वान डेर स्ट्रेटन ने चेतावनी दी है कि अगर प्राकृतिक गैस की कीमतों को कम करने के लिए कुछ नहीं किया गया तो यूरोपीय संघ के देशों को अगले पांच से दस भयावह सर्दियों का सामना करना पड़ेगा। बीबीसी ने बताया कि गैस और बिजली की कीमत बढ़ने से रोकने के लिए पूरे यूरोपीय संघ मांग की जा रही है। बेल्जियम के ऊर्जा मंत्री स्ट्रेटन ने ट्विटर पर लिखा कि यूरोप में गैस की कीमतों को तत्काल स्थिर करने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि यूरोप में गैस की कीमतों पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत और गैस और बिजली की कीमतों में सुधार लाने की सख्त जरुरत है। उन्होंने कहा, अगर हम कुछ नहीं करते हैं, तो अगले पांच से दस सर्दियां भयावह होंगी। हमें स्रोत पर, यूरोपीय स्तर पर कार्य करना चाहिए, और गैस की कीमतों को स्थिर करने के लिए काम करना चाहिए।

## कोरोना संक्रमित बच्चों में मिल रहे कुछ नए लक्षण, डॉक्टर्स ने जारी की चेतावनी

एजेंसी

बीजिंग। कोरोना वायरस से संक्रमित बच्चों में कुछ नए लक्षण देखने को मिले हैं। इसे लेकर हेल्थ एक्सपर्ट्स ने चेतावनी जारी है। डॉक्टर्स का कहना है कि हांगकांग में कोविड-19 से पीड़ित बच्चों में गला बैठने और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। मालूम हो कि हांगकांग इन दिनों कोरोना महामारी की पांचवीं लहर का सामना कर रहा है।

लोकल मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, हांगकांग में 1 सितंबर से प्राइमरी और सेकेंड्री स्कूल खुलने वाले हैं।

ऐसे में बच्चों में मिले कोविड के नए लक्षणों से चिंता बढ़ गई है। हांगकांग में कोरोना केस एक बार फिर से बढ़ते नजर आ रहे हैं। शहर में लगातार चौथे दिन 7 हजार से अधिक केस दर्ज हुए। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चुआंग शुक-क्वान ने कहा



कि कुछ संक्रमित बच्चों में क्रुप विकसित हुआ है जो स्वरयंत्र और श्वासनली में सूजन का संकेत देता है।

#### ओमिक्रॉन के चलते कोरोना की पांचवीं लहर

प्रिंसेस मार्गरेट अस्पताल में बाल रोग और किशोर चिकित्सा विभाग के सलाहकार माइक क्वान यात-वाह ने कहा कि ओमिक्रॉन वैरिएंट के चलते हांगकांग पांचवीं लहर का सामना कर रहा है। इस दौरान संक्रमित बच्चों में जो लक्षण दिख रहे हैं वो पहले से अलग हैं। उन्होंने कहा, नए लक्षणों में गला बैठना और सांस लेने में तकलीफ शामिल है। गंभीर मामलों में यह श्वसन मार्ग में तीव्र रुकावट पैदा कर सकता है, जिससे किसी अंग या ऊतक को ऑक्सीजन की सप्लाई में कमी आ सकती है।

#### रिकवर हो चुके कुछ बच्चे भी हुए परेशान

डॉ. क्वान ने कहा, यह स्थिति विभिन्न संक्रामक एजेंटों- जैसे कि पैरैनफ्लुएंजा वायरस के कारण भी हो सकती है। हालांकि, हाल में कोरोना महामारी में यह स्थिति ओमिक्रॉन के कारण देखी गई है। कोविड से रिकवर हो चुके 19 फीसदी बच्चों में भी इस तरह के कुछ लक्षण मिले हैं। इनमें मेमोरी लॉस, अनिद्रा, सिरदर्द और बचैनी की समस्या पाई गई है। उन्होंने बताया कि 2 बच्चों की हालत तो बहुत गंभीर हो गई है, जिनका आईसीयू में इलाज चल रहा है।

### पाकिस्तान में बाढ़ से 28 और लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में अनवरत बारिश और बाढ़ का कहर जारी है और पिछले 24 घंटों में 28 और लोगों की जानें गयी वहीं 48 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के आंकड़ों के मुताबिक देश में अब तक बाढ़ और वर्षाजनित घटनाओं में 1061 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 1575 लोग घायल हुए हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान बाढ़ की चपेट में आकर मरने वालों में करीब 11 बच्चे और तीन महिलाएं शामिल हैं। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में इसी अवधि में 16 लोगों की मौत हुई है। एनडीएमए के अधिकारियों ने बताया कि देश में प्राकृतिक आपदा में 9,92,871 घर, 170 पुल और 157 दुकानें क्षतिग्रस्त हुई है।

### ईएचसी शरीफ बंधुओं के खिलाफ अवमानना याचिका की सुनवाई पर फैसला करेगा

इस्लामाबाद। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रख लिया कि वह नवाज शरीफ की पाकिस्तान वापसी के संबंध में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनके भाई के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका पर सुनवाई करेगा या नहीं। शरीफ बंधुओं के खिलाफ दायर याचिका के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज बीमारी के कारण लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) की अनुमति से विदेश गए थे और उनके भाई ने एक हलफनामा दिया था कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) सुप्रीमो इलाज के बाद वतन वापस आएंगे, लेकिन वास्तव में, पूर्व प्रधानमंत्री अभी तक वतन वापस नहीं आये। याचिका में अनुरोध किया गया है कि नवाज को 'अपराधी' करार दिया जाए और दोनों भाइयों के खिलाफ अदालती की अवमानना करने पर कार्यवाही की जाए।

### बिलावल बाढ़ पीडितों को अकेला नहीं छोड़ेंग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष एवं पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने कहा है कि विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी बाढ़ प्रभावित लोगों को अकेला नहीं छोड़ेंगे। श्री जरदारी ने आज एक बयान में कहा कि देश में बाढ़ और बारिश के कारण स्थिति बहुत भयावह और दर्दनाक है। उन्होंने कहा, यदि मेरा स्वास्थ्य मुझे जाने की अनुमति देता तो मैं पीड़ितों के साथ होता। उन्होंने मांग की कि पाकिस्तान सरकार बैतुल मल को लामबंद कर गरीबों की मदद करे और बाढ़ पीड़ितों और गरीबों की हर संभव मदद के लिए बेनजीर इनकम सपोर्ट प्रोग्राम (बीआईएसपी) का विस्तार करे। पूर्व राष्ट्रपति ने पीपीपी के मंत्रियों और विधायकों को निर्वाचन क्षेत्रों के लोगों के साथ रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के पुनर्वास के लिए सरकार को जिम्मवारी उठायेगी। यह वक्त बाढ़ पीड़ितों की सेवा करने का है। एक दिन पहले एक साक्षात्कार के दौरान विदेश मंत्री बिलावल ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान पर देश में अभूतपूर्व बाढ़ के कारण भारी तबाही के बावजूद राजनीतिक सभाओं को आयोजित करने के लिए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अपनी राजनीतिक सभाओं में ज्यादा ही व्यस्त हैं।

### दक्षिण कोरिया में कोराना संक्रमण के 43142 नए मामलों की पुष्टि

सोल। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 43,142 नए मामले सामने आने के साथ देश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 2,30,26,960 तक पहुंच गयी है। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार दैनिक नए मामले पिछले दिन के 85,295 से नीचे है और एक सप्ताह पहले के मामलों से 59,019 से कम हैं। पिछले सप्ताह देश में कोरोना संक्रमित दैनिक औसत 1,04,009 था। एजेंसी ने बताया कि नए मामलों में से 360 विदेश से स्वदेश लौट मामलों है। जिसके साथ ही विदेश से लौटे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 58,066 तक पहुंच गयी है। देश में कोरोना से गंभीर रूप से संक्रमित मरीजों की संख्या पिछले दिन की तुलना में 16 बढ़कर 597 पहुंच गयी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# ये तेरा मेरा रिश्ता

**भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें वर्कलोड की अधिकता रिश्तों में मीलों की दूरियां बढ़ा रहा है। बढ़ती महंगाई और आपके भौतिकवादी विचार ने आज रिश्तों के बीच दूरियां कायम कर दिया है।**

आज जीवन पद्धति ने इंसान को व्यस्त कर दिया है, जिससे वो अपने किसी रिश्ते को सही से समय नहीं दे पा रहा है। आज के वैवाहिक जीवन में कपल्स शौक, जरूरत और उन्नति के लिए जॉब को प्राथमिकता देने लगे हैं। ऐसे में उनको एक दूसरे के साथ रहने के लिए बहुत ही कम समय निकल पाता है। इतने कम समय में वे अपने घरेलू कामों में ही लगे रहते हैं और एक-दूसरे के लिए बहुत ही कम समय दे पाते है, कई बार तो ऐसा भी होता है कि ऑफिस का वर्कलोड ये अपने घर तक ले आते हैं। ये काम ऑफिस में तो इनके प्रतिद्वंव्दी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन दिला देता है, लेकिन अपने साथी से दूरियां बढ़ा देता है। ऐसी दशा में रिश्तों की शुरुआत में ही दूरियां आने लगती हैं और बहुत ही थोड़े समय में टेंशन उनके बीच आ जाती है। आजकल कपल्स मैरिड लाइफ को ज्यादा महत्व नहीं देते। ये अपने साथी को थोड़ा बहुत समय देते हैं, तो मात्र शारिरिक सुख के लिए, लेकिन ये उनका स्वार्थ होता है, प्यार नहीं।

## आपका साथ है उसका विश्वास

आपका साथी हमेशा आपका साथ मांगता है, क्योंकि आपका साथ ही उसमें आत्म विश्वास भरता है, और ये आत्म विश्वास जहां रिश्तों में सम्मान लाता है, वहीं हर कदम पर आपके साथ भी रहता है। रिश्तों को जुड़े चाहे कितना भी समय हो चुका हो, उनमें रोमांस हमेशा बने रहना चाहिए। यदि आपको लग रहा कि कुछ बदलाव आ रहा है और स्थितियां पहले कि तरह नहीं है, तो आपको इस तुरंत सोचने की जरूरत है। रिश्तों को बनाने में सालों लगते है और टूटने में एक पल भी नहीं लगता। कई बार हम अपनी दिनचर्या में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि अपने आस-पास हो रहे परिवर्तनों पर भी ध्यान नहीं दे पाते। रिश्ते में कड़वाहट आ जाए या दूरियों के बाढ़ में ये तलाक या दो बेडरूम तक पहुंच जाए, इसके पहले ही हमें कुछ संकेत मिलने लगते हैं। यह अलग बात है कि हम लापरवाही के चलते इन पर ध्यान नहीं दे पाते। यदि आप अपने रिश्तों को टूटने से बचाना चाहते हैं तो उन संकेतों को समझने की कोशिश करें, जिनसे दूरियां बढ़ने का पता चलता है। ये संकेत आपके रिश्तें को बचाने का एक जरिया हो सकता है। इसमें कहीं हद तक आपकी समझदारी आपकी हेल्प करती है।

## जब साथी कर रहा नजरअंदाज

आप ये जान लीजिए कि समाज हो या आपका घर, कहीं भी अचानक कुछ नहीं होता, चीजें धीरे-धीरे बदलती हैं। इसमें आपको थोड़ा समझदारी और संयम से काम लेना चाहिए। आपकी समझदारी ही आपके परिवार को इस आग की चपेट से निजात दिला सकती है। आपके व्यस्त जीवन के कारण ही आपका दांपत्य जीवन इस कंडीशन में आ गया है, ऐसे में आपकी सार्थक सोच ही आपके घर को फिर से हरा- भरा कर सकता है। सबसे पहले तो आपको अपने पिछले कार्यों को एक बार सोचना चाहिए। आखिर ऐसी दशा कहा से बन गयी और जल्दी अपने में सुधार ला दे, इसके साथ यदि आप अपने साथी को सॉरी बोल दे तो ज्यादा बेहतर है। इसके अलावा आप अपने साथी के शारिरिक संकेतों को समझने की कोशिश करिए। क्या आपका साथी पहले की तरह आप पर ध्यान नहीं दे रहा और आपकी बातों में रुचि नहीं ले रहे हैं?

आपके करीब आने पर आपका साथी असहज महसूस करता है। बेडरूम में आपको अनदेखा कर रहा है। बच्चों के मसले के अलावा और कोई विषय बातचीत का नहीं रह गया है। ये सब आप व्यक्त करना चाहें या नहीं लेकिन आपके शारीरिक संकेत बहुत कुछ कह देते हैं।

## कोई और आ जाए जीवन में

ऐसे में आप दोनों पति-पत्नी के बीच प्रेम और लगाव की कमी भी रिश्तों में दूरियों के बढ़ने में अहम रोल निभाती है। अगर पहले जैसे प्यार की गरमाहट अब कहीं ढूंढ़ने से भी नजर नहीं आ रही तो समझिए कि यह खतरे का संकेत है। यह ठीक है विवाह के शुरुआती दिनों के बाद रोमांस का खुमार धीरे-धीरे कम होता चला जाता है। लेकिन ऐसा भी नहीं होता कि प्रेम बिलकुल नजर ही न आए। लेकिन आप दोनों चाहे तो आपका वैवाहिक जीवन फिर से भर सकता है।



## आपसी अंडर स्टैंडिंग को बढ़ाएं

व्यवहार में बदलाव आपके बीच दूरियां बढ़ने का तीसरा संकेत है। क्या आपके साथी का अब आपकी बातों पर ध्यान नहीं जाता। गंभीर बातों को सुनकर भी अनसुना कर देते हैं। आपकी बातों का जवाब झुंझलाकर देते हैं। बेवजह गुस्सा करना इत्यादि। यदि ये सारे लक्षण उनके व्यवहार में नजर आ रहे हैं तो आप समझ लें कि ये खतरे की घंटी है। ऐसे में आप अपने साथी से प्यार से बात करें, आखिर वो क्यों आपसे रूठा हुआ है। यदि आपको कोई जवाब नहीं मिले तो आप गुस्सा होने की बजाय सही समय का इंतजार करें और बात करने का कोई भी मौका न गंवाएं।

## जब वो रहने लगे चुप-चुप

साथी का मौन सबसे खतरनाक व्यवहार होता है, इसका आपके व्यक्तित्व पर सबसे ज्यादा असर पड़ता है। यदि आपका साथी आपके साथ अंतरंग पल नहीं बिताना चाहता तो समझे कि दूरियां बढ़ रही हैं। बेहद कठिनाई से बाहर जाने के बने कार्यक्रम में देखते हैं कि वहां केवल आप दोनों ही नहीं, कुछ और भी परिचित हैं, जिनके बारे में आपको पता भी नहीं था।



# जब रहे तनाव

जिंदगी एक खूबसूरत एहसास है। इसे संजीदगी से जीएं, तो इसका अपना ही मजा है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और उसमें काम का प्रेशर, जिंदगी को जहन्नुम बनाते जा रहे हैं। मंहगाई की मार ने आज जहां दामपत्य जीवन को प्रभावित किया है वहीं महिलाओं को भी घर से बाहर निकलने को मजबूर कर दिया है। हर कंपनी आज अधिकाधिक मुनाफे के लिए अपने कर्मचारियों का भरपूर शोषण करती है। घर की जिम्मेदारी, बच्चों का ख्याल, परिवार का पोषण इनके साथ में आफिस की टेंशन, ये जहां आपकी निजी जिंदगी को प्रभावित कर रहे हैं, वहीं आपके शरीर को भी अस्वस्थ कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार प्रेशर में काम करने से आपको ह्रदय रोग जैसी घातक बीमारी भी हो सकती है। क्या आपको पता है कि तनाव आपको जहां सही से काम करने से रोकता है वहीं इससे अवसाद होने की भी पूरी संभावना होती है। ऐसे में आपकी थोड़ी सी समझदारी ही आपको तनाव से मुक्ति दे सकती है। तनाव के हालात में काम करने से महिलाओं में ह्रदय रोग की आशंका पुरुषों की तुलना में दोगुनी होती है। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन में पाया गया है कि काम का तनाव पुरुषों के मुकाबले महिलाओं को अधिक नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में आपको अपना काम करते समय धैर्य की आवश्यक्ता होती है। आपका धैर्य ही आपको कठिन से कठिन परिस्थिति में जीने की राह का निर्माण करती है।



# एल्यूमीनियम को करें एवाइड

हाल ही में इस संदर्भ में हुए शोध कार्यों से जो तथ्य सामने आए हैं उनसे पता चलता है कि एल्यूमीनियम के बर्तनों को खाना बनाने के लिए प्रयुक्त करने से भोजन में भी एल्यूमीनियम के अंश शामिल हो जाते हैं। जो बाद में हमारे शरीर में जाकर हमें नुकसान पहुंचाते हैं।

## इसे जानना जरूरी है

असल में एल्यूमीनियम एक क्रियाशील धातु होती है। यही वजह है कि वायु के सम्पर्क में आने से इसके ऊपर एल्यूमीनियम ऑक्साइड की पर्त जम जाती है। जब टमाटर, इमली, आम, नमक, मसाले, सिरका, दही या नींबू जैसी अम्लीय वस्तुएं इन बर्तनों में डाली जाती हैं, तो ये एल्यूमीनियम ऑक्साइड भोजन में मिल जाते हैं। इनसे मस्तिष्क के अलावा ह्रदय तथा पाचन तंत्र पर भारी असर पड़ता है। अत: एल्यूमीनियम के बर्तन इस प्रकार के अम्ल युक्त खाद्य पदार्थ बनाने या रखने के लिए बहुत खतरनाक हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि एल्यूमीनियम की अधिकता मस्तिष्क की विचार क्षमता एवं स्मरण शक्ति को क्षीण कर देती है। यदि शरीर में एल्यूमीनियम अधिक मात्रा में पहुंच जाए, तो इससे मस्तिष्क की कोशिकाओं के नष्ट होने या क्षतिग्रस्त होने का भय रहता है। इनसे अल्जाइमर्स या डिमेंशा जैसे भयानक स्नायु रोग, गुर्दो व अस्थि रोगों का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

## ये हो सकता है सुरक्षित

इतना ही नहीं, बल्कि एल्यूमीनियम के बर्तनों में बनाई जाने वाली चाय भी मस्तिष्क के लिए हानिकारक हो सकती है। एक शोध में पाया गया है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों में फलोराइड युक्त पानी उबाला जाता है, तो पानी में एल्यूमीनियम की और अधिक मात्रा घुल जाती है। बताया जाता है कि यदि एल्यूमीनियम के बर्तनों को विद्युतलेपन करके प्रयोग में लाया जाए, तब ये बर्तन अपेक्षाकृत ज्यादा सुरक्षित हो जाते हैं। इसी तरह अगर इन बर्तनों का प्रयोग अम्लीय पदार्थों के लिए नहीं किया जाता, तो भी इनसे उतना खतरा नहीं रहता।

# आया ई-बाइक्स का जमाना

**इन दिनों बाइक के प्रति युवाओं का रूझान देखते ही बनता है। जहां कंपनियां एक से बढ़कर एक मॉडल लांच कर रहीं हैं, वही मॉडीफाइड बाइकों का भी चलन तेज हुआ है। लेकिन अगर आप कुछ ऐसा लेना चाहते हैं, जो आपकी जेब के साथ ही पर्यावरण को रास आए। तो बेशक तैयार हो जाइए, कुछ ऐसे ही अनुभव के लिए ई-बाइक्स के साथ। जिसको बच्चे भी काफी पसंद कर रहे हैं। आइए जानते हैं, ई-बाइक्स की खासियतों के बारे में इन दिनों युवाओं के साथ बच्चों में ई-बाइक्स को लेकर भी काफी क्रेज देखा जा सकता है। जिसमें कई ऐसी विशेषताएं हैं, जिनसे आप बाइक का बिल्कुल एक नया अनुभव पा सकते हैं। वैसे इस बाइक का चलन कॉलेज के लड़कों में ज्यादा देखने को मिलात है। जिसे दिलाने में पैरेंट्स को भी कोई परेशानी नहीं होती है।**

## लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन से फुर्सत

इस वक्त बाजार में दो तरह की ई-बाइक्स हैं- लो स्पीड और हाई स्पीड की बाइक। हाई स्पीड बाइक चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की जरूरत होती है, लेकिन लो स्पीड बाइक्स में इसकी कोई जरूरत नहीं है। इनकी यही खूबी इन्हें 14-18 साल तक के बच्चों के लिए बेस्ट गिफ्ट बनाती है। तो फिर देरी किस बात की, इस बर्थ-डे पर अपने बच्चे को दीजिए, ऐसा ही कुछ प्यारा सा तोहफा।

## फ्यूल नो प्राब्लम

आजकल हर कोई पेट्रोल के बढ़ते दामों से परेशान है, लेकिन ई-बाइक खरीदकर आप पेट्रोल के खर्चे से आसानी से बच सकते हैं, क्योंकि इन बाइक्स को चार्ज करके आसानी सफर किया जा सकता है। जिसको चार्ज करने में भी बिजली की खपत काफी कम होती है। यानि की इस बाइक को जरूरत पड़ने पर बड़ों के साथ बच्चे भी इस्तेमाल कर सकते हैं।



# हर कदम पर साथ

**आज के आधुनिकता के समय में बैंकों कि भूमिका दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में महिलाएं इससे कहां तक अछूती रह सकती हैं। पिछले कुछ वर्षों में भी फाइनेंस मैटर्स में रुचि लेना शुरू कर दिया है और वे इन्वेस्टमेंट्स, टैक्स प्लानिंग आदि पर ध्यान देने लगी हैं। महिलाओं में बैंक और पैसे के मैनेजमेंट को लेकर बढ़ रही रुचि को देखते हुए आजकल बैंक वगैरह भी कई लेडीज स्पेशल योजनाओं को बाजार में ला रहे हैं।**

## आपकी अपनी योजनाएं

- कई बैंक्स न्यूनतम बैलेंस से लेकर फ्री क्रेडिट या डेबिट कार्ड का ऑफर देते हैं।
- कुछ में ज्वेलरी इंश्योरेंस की स्कीम्स हैं, तो कुछ में एक्सीडेंट इंश्योरेंस की।
- चडीएफसी बैंक का ईजी शॉप वूमेंस एडवांटेज कार्ड एक वर्ष तक लॉकर फीस पर 50 प्रतिशत छूट देता है और साथ ही फ्री बिल पेमेंट सर्विस भी देता है।
- महिलाओं को दिए जाने वाले ज्यादातर कार्डस पर सोने की खरीदारी पर विशेष छूट से कुछ खास खरीदारी पर कैश बैंक स्कीम तक शामिल हैं।
- सिटी बैंक के वूमेंस वीजा सिल्वर कार्ड फ्री कार्ड के साथ एक अतिरिक्त फ्री कार्ड देता है, साथ ही हर 200 रुपए पर एक रिवॉर्ड पॉइंट के अलावा कुछ खास खरीदारी पर भी छूट देता है।
- एबीएन एम्रो की शक्ति सेव्रिग एकाउंट योजना में 5000 रुपए के न्यूनतम बैलेंस के साथ एक क्रेडिट कार्ड फ्री की सुविधा भी है।
- एक्सिस बैंक की स्मार्ट प्रीविलेज में न्यूनतम बैलेंस 10,000 रुपए हैं और जीरो बैलेंस माइनर एकाउंट के साथ-साथ डेबिट कार्ड पर ज्वेलरी इंश्योरेंस की सुविधा है।
- इनके अलावा बैंकों द्वारा महिलाओं को विशेष तौर पर लोन में भी कई सुविधाएं दी जाती हैं।
- ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स महिलाओं के लिए लोन पर 0.5 प्रतिशत का छूट देता है।
- कुछ बैंक्स जैसे कॉर्पोरेशन बैंक आदि सोना या गहने खरीदने के लिए कम ब्याज दर पर कामकाजी और गृहणियों को लोन मुहैया करवाते हैं।
- लड़कियों की शिक्षा के लिए भी एजुकेशन लोन कम ब्याज दर पर मुहैया करवाते हैं।
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत भी कई बैंक्स खास स्कीम्स व ऑफर्स देते हैं। जिनमें लोन क्रेडिट कार्ड, एकाउंट्स पर लोन उपलब्ध कराते हैं।
- कन्या विवाह सुविधा स्कीम के तहत स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद धन उपलब्ध कराता है। सोने के गहनों की खरीदारी पर भी विशेष छूट मिलती है।
- कामकाजी व घरेलू महिलाओं को भी आध्रा बैंक स्वर्णभरण स्कीम के तहत सोने की खरीदारी पर विशेष छूट व लोन उपलब्ध कराता है।
- स्त्री शक्ति पैकेज के तहत भी कुछ बैंक महिला रोजगार या व्यापार को बढ़ावा देने के लिए खास छूट देते हैं।
- कॉर्पोरेशन बैंक की वनिता उद्योग स्कीम और केनरा बैंक की महिला निधि स्कीम छोटे व्यापार के लिए महिलाओं को सॉफ्ट लोन उपलब्ध कराते हैं।
- एसएमई यानी स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइज के लिए इलाहाबाद बैंक और आंध्रा बैंक कम ब्याज दरों पर लोन उपलब्ध कराता है।
- स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ' स्व रोजगार में शामिल महिलाओं व कामकाजी महिलाओं को प्राइमरी दिवा कार्ड भी कामकाजी या घरेलू महिला को उपलब्ध कराता है।
- इसी तरह से सिटी बैंक का वुमन वीजा मनी कार्ड, एचडीएफसी का वुमेंस गोल्ड कार्ड, आईसीआईसीआई का बिग बाजार शक्ति क्रेडिट कार्ड, महिलाओं को विशेष छूट देता है।
- आपको बता दें कि कुछ कार्ड्स कैश बैंक की सुविधा देते हैं तो कुछ गिफ्ट्स ऑफर करते हैं। खास खरीदारी पर जैसे एचडीएफसी का ईजी शॉप वुमेंस एडवांटेज डेबिट कार्ड, सिटी बैंक का ग्रॉसरी डेबिट कार्ड और यूटीआई का स्मार्ट प्रीविलेज एकाउंट वुमेंस स्पेशल कार्ड उपलब्ध कराता है।



CMYK CMYK CMYK CMYK